सुप्रभात
रांची, मंगलवार
* 31.12.2024
नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | पौष, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 170



12 विक्की के 'तौबा-तौबा' के गाने पर आशा भोसले के हुक स्टेप्स वायरल

## ब्लैक मून : आसमान में दुर्लभ नजारा, 2026 में फिर दिखेगा

### भारत में 31 दिसंबर तड़के 3.57 बजे का ब्लैक मून का समय

एजेंसी

वाशिंगटन। साल 2024 के आखिर में पृथ्वी पर ब्लैक मून का दुर्लभ नजारा होने जा रहा है। भारत में 31 दिसबर की सुबह होगी ब्लैक मून की दुर्लभ घटना। ब्लैक मून उस दुर्लभ खगोलीय घटना को कहते हैं, जब एक ही कैलेंडर महीने में दो बार अमावस्या होती है। यह बहुत ही दुर्लभ है। यह हर साल नहीं होता है। इसे भी नंगी आंखों से नहीं देखा जा सकेगा। खगोलविद और तारों में दिलचस्पी रखने वाले इस घटना का बेसब्री से इंतजार करते हैं।

### क्या है ब्लैक मून कब दिखता है

अमावस्या तब होती है जब सूर्य और चंद्रमा आकाश में एक सीध में आ जाते हैं, जिससे चंद्रमा का चमकीला भाग पृथ्वी से दूर हो जाता है। इसकी वजह से चंद्रमा हमें दिखायी नहीं देता है। चंद्र चक्र लगभग 29.5 दिनों का होता है, इसलिए कभी-कभी एक महीने में दो अमवस्याएं हो जाती हैं। जब ऐसा होता है तो इसे ब्लैक मून कहा जाता है। यह ब्लू मून की तरह है, जो महीने में दो पूर्ण चंद्रमा के होने को कहा जाता है। अमावस्या के दौरान हम चंद्रमा को तब तक नहीं देख सकते हैं, जब तक कि सूर्यग्रहण न हो। इसका मतलब है कि हम-आप ब्लैक मून को देख नहीं पायेंगे, लेकिन रात के अधिक अंधेरी होने की वजह से इसका अनुभव कर सकते हैं।

यह अंधेरा सितारों, ग्रहों और यहां तक कि दूर की आकाशगंगाओं को अधिक स्पष्ट रूप से देखने में मदद करता है।



### भारत में अगली बार 2026 में नजर आयेगा ब्लैक मून

अमेरिकी नेवी ऑब्जर्वेटरी के अनसार, यह दुर्लभ नजारा अमेरिका के पूर्वी समयानुसार 30 दिसम्बर को शाम 5.27 बजे घटित होगा। हालांकि, अमेरिका में लोग इसे 30 दिसंबर को देखेंगे, लेकिन भारत में रहने वाले लोगों के लिए यह समय के अंतर के चलते 31 दिसम्बर को तड़के 3.57 बजे दिखेगा। ब्लैक मून बहुत ही दुर्लभ है और यह साल नहीं होता है। पिछली बार ब्लैक मून अगस्त 2022 में हुआ था, और अगली बार मई 2026 में होगा। दूसरी अमावस्याओं की तरह इसे भी नंगी आंखों से नहीं देखा जा सकेगा, लेकिन चंद्रमा का न दिखाई देना खगोलविदों और आसमान के शौकीनों के लिए दिलचस्प घटना है।

## न्यूज डायरी

### ऑस्ट्रेलिया ने जीता चौथा टेस्ट, सीरीज में ली बढ़त

मेलबर्न। भारतीय बैटरो ने एक बार फिर आसानी से घुटने टेक दिये। चौथे टेस्ट में आस्ट्रेलिया के हाथों 184 रन की शर्मनाक हार झेलनी पड़ी। अब सीरीज में ऑस्ट्रेलिया 2-1 से आगे है और भारत के विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल में पहुंचने पर भी संकट पैदा हो गया है। जीत के लिए 340 रन के दुरूह लक्ष्य का पीछा करते हुए रोहित 9 और कोहली 5 रन बनाकर आउट हो गये। भारत ने आखिरी सात विकेट 20.4 ओवर में 34 रन के भीतर गंवा दिए और दूसरी पारी में टीम 155 रन पर आउट हो गयी।

### रंगदारी मामले में गढ़वा के विधायक पर केस

मेदिनीनगर। गढवा के विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी पर मेराल थाने में एफआईआर दर्ज कराने का मामला प्रकाश में आया है। विधायक के अलावा तीसर टेटुका के मुखिया पति जगजीवन राम के विरुद्ध संजय कुमार चौबे ने कथित गाली गलौज करने, धमकी देने और 35 लाख रुपए रंगदारी मांगने का आरोप भी एफआईआर दर्ज कराई है। दोनों के विरुद्ध बीएनएस की धाराओं में मामला दर्ज हुआ है। संजय चौबे ने आवेदन पर यह मामला दर्ज किया गया है।


### पांच डिग्री डिग्री तक गिरेगा झारखंड में पारा

रांची। झारखंड में पिछले कुछ दिनों की बारिश के बाद तापमान में गिरावट देखने को मिल रही है। मौसम विभाग के अनुसार, साल के अंत और नए साल की शुरूआत में राज्य में ठंड बढ़ने की संभावना है। अगले 1-2 दिनों में न्यूनतम तापमान में 3-5 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट हो सकती है। इसके बाद अगले तीन दिनों में तापमान में कोई खास बदलाव की उम्मीद नहीं है। इस दौरान सुबह में हल्का कोहरा रहने की संभावना है, इसके बाद आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे।

### टेरर फंडिंग में सिमरिया में एनआइए का छापा

सिमरिया। एनआइए ने चतरा जिला के सिमरिया थाना और लावालौंग थाना में क्षेत्र एक साथ छापेमारी की। छापेमारी सुबह 3 बजे से लेकर दिन 10 बजे तक चली है। एनआइए का छापा बारा गांव निवासी पंकज साहू और लावालौंग थाना के लमटा पेट्रोल पंप संचालक करमा गांव तथा सुहावन गांव में हुई। परिजनों को घर से बाहर कर दिया गया और पंकज साहू को साथ में रख घंटों पूछ ताछ की गयी। वहीं घर में रखे जमीन की कागजात एवं बैंक खाते तथा अन्य दस्तावेजों को गहनता से जांच की गयी। जांच के बाद एनआईए टीम ने अपने साथ एक प्रिंटर, एक बैग में आवश्यक कागजात साथ लेते गए। जानकारी के अनुशार यह छापेमारी टेरर फंडिंग के मामले में की गयी। मामला टीपीसी के सुप्रीमो बृजेश गंझू से जुड़ा हुआ है।

## पंडरा में दिनदहाड़े 13 लाख की लूट, व्यवसायी को मारी गोली





खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। पुलिस को चुनौती देते हुए अपराधियों ने पंडरा में एक होटल कारोबारी सुमित कुमार को दिनदहाड़े गोली मार कर 13 लाख रुपये लूट लिये। उन्हें उनके लोटस के पास ही गोली मारी गयी। घायल व्यवसायी का रिम्स में इलाज चल रहा है। 13 लाख रुपये लूट कर अपराधी असानी से फरार होने में कामयाब रहे है। जानकारी के अनुसार सुमित अपने करीबी के साथ आईसीआईसीआई बैंक में पैसा जामा करने जा रहे थे। इसी बीच उसको लूटने के लिए कुछ हथियारबंद पहुंच गये थे। नजर पड़ते ही सुमित वहां पहुंच गये और हथियारबंद अपराधियों से भिड़ गये। इसी दौरान अपराधियों ने उनको गोली मार दी। उन्हे इलाज के लिए रिम्स भेजा गया। जानकारी के अनुसार व्यवसायी सुमित कुमार की हालत खतरे से बाहर है। उसका इलाज चल रहा है।

इधर घटना का शिकार व्यक्ति ने बताया कि कार से बैग निकालकर बैंक में जमा करने जा रहे थे। तभी तीन की संख्या में अपराधी आये, मारपीट कर पैसा छीन लिए। तीनों अपराधी मुंह पर रुमाल बांधे हुए थे। विरोध करने पर पीटा। बैग में कुल 13 लाख रुपये थे।

मुझे बचाने आये सुमित को अपराधियों ने गोली मार दी। घटना के संबंध में पंडरा ओपी के सब इंसपेक्टर मनीष ने बताया कि पुलिस सीसीटीवी फुटेज की खंगाल रही है। नाकेबंदी भी शुरू कर दी गई है। जल्द ही अपराधी पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

## राज्य में इको टूरिज्म की अपार संभावनाएं : सीएम

### अफसर ऐसी योजनाएं बनायें, रोजगार बढ़े और झारखंड का मान भी

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड में इको टूरिज्म की अपार संभावनाएं। इसे बढ़ावा देने से झारखंड की प्राकृतिक सुंदरता को देश और दुनिया में एक अलग पहचान मिलेगी। इको टूरिज्म विकसित होने से स्थानीय लोगों को रोजगार मिलने के साथ-साथ प्रकृति को भी संरक्षित रखा जा सके।

सीएम ने अधिकारियों से कहा कि वन पर्यावरण विभाग एवं पर्यटन विभाग एक बेहतर समन्वय के साथ इको टूरिज्म के विकास को बढ़ाये। इसकी कार्ययोजना बनाये। झारखंड के उन स्थानों को चिन्हित करने का कार्य करें, जहां इको टूरिज्म की संभावनाएं हैं। सोमवार को सीएम श्री सोरेन इको टूरिज्म विकसित करने के मुद्दे पर अधिकारियों संग बैठक में बोल रहे थे।



**विशेष योजनाओं पर विशेष दें :** मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से राज्य में इको टूरिज्म को बढ़ावा देने वाली योजनाओं पर विशेष फोकस करने का निर्देश दिया है। साथ ही, उन्होंने कहा कि देश के अन्य राज्यों या दूसरे देशों में जहां इको टूरिज्म के क्षेत्र में अच्छे कार्य हुये हैं। वहां के इको टूरिज्म मॉडल का अध्ययन करें।

उन्होंने कहा कि पर्यटन के क्षेत्र में वैश्विक मानचित्र पर झारखंड को पहचान देने के उद्देश्य से वन विभाग एवं पर्यटन विभाग प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें।

### धरोहर भी संरक्षित रहेगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर के इको टूरिज्म विकसित हो। इसके लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। इको टूरिज्म के विकसित होने से झारखंड की प्रकृति धरोहरों को संरक्षित रखा जा सकेगा। बैठक में मुख्य सचिव अलका तिवारी, वन पर्यावरण विभाग के सचिव अबू बकर सिद्दीकी एवं पर्यटन विभाग के सचिव मनोज कुमार मौजूद थे। सीएम ने राज्य में इको टूरिज्म की संभावनाओं एवं उन्हें विकसित करने पर कई सुझाव दिये। उन्होंने कहा, झारखंड में इको टूरिज्म इस प्रकार विकसित किया जाये कि रोजगोर भी बढ़े और प्रदेश का नाम भी।

## सीएम को गडकरी का पत्र हाईवे की बाधाएं दूर करें

### भूमि अधिग्रहण फॉरेस्ट क्लीयरेंस मामले सलटायें

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने सीएम हेमंत सोरेन को पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने कहा, झारखंड में राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास में तेजी लाने में आपके सहयोग का आभारी हूं। इसके साथ ही गडकरी ने झारखंड में सड़क निर्माण में आ रही बाधाओं का भी उल्लेख किया है और इसके निदान के लिए उचित पहल करने का अनुरोध किया। उन्होंने पत्र में कहा है कि सड़क निर्माण में आ रही बाधाओं को देखते हुए भूमि अधिग्रहण और फॉरेस्ट क्लीयरेंस से जुड़े मामलों का त्वरित समाधान करें। राज्य के मुख्य सचिव को सभी पक्षों के साथ बैठक कर इन मुद्दों के समाधान का निर्देश दें, ताकि समय पर प्रोजेक्ट पूरे किये जा सके। केंद्रीय मंत्री ने खासकर वाराणसी-कोलकाता एक्सप्रेस वे की ओर ध्यान आकृष्ट कराया है। उन्होंने कहा है कि कुडू-उदयपुरा पैकेज में कार्य शुरू नहीं हो पाया है। इसकी वजह फॉरेस्ट क्लीयरेंस और जमीन अधिग्रहण का नहीं होना है। कई प्रोजेक्ट फॉरेस्ट क्लीयरेंस, मुआवजा और जमीन अधिग्रहण के कारण रूके हुये हैं।

**राज्य के 15 हाइवे प्रोजेक्ट बाधित :** झारखंड में 15 हाइवे प्रोजेक्ट का काम फॉरेस्ट क्लीयरेंस के कारण प्रभावित हो रहा है। इस सभी परियोजनाओं की लागत 21 हजार 690 करोड़ है। 588 किलोमीटर लंबी सड़क के 172 किलोमीटर लंबाई में फॉरेस्ट क्लीयरेंस का पेंच फंसा हुआ है। कुडू से उदयपुरा, लातेहार, उदयपुरा से भोगू सेक्शन, भोगू से शंखा और बासुकीनाथ से देवघर के बीच फॉरेस्ट क्लीयरेंस का पेंच फंसा हुआ है। वहीं, वाराणसी-कोलकाता एक्सप्रोस वे के तहत चतरा बाईपास देवरिया से दोनोरेशान, हजारीबाग, दोनोरेशान से बोंगाबार पैकेज, हजारीबाग-रामगढ़ बोंगाबार से लेपो पैकेज, रामगढ़-बोकारो लेपो से कमलापुर पैकेज में फॉरेस्ट क्लीयरेंस का पेंच फंसा है। वहीं नई सड़क परियोजना के तहत देवघर बाईपास, गुमला बाईपास, केरेटया से क्योंदपानी, क्योंदपानी से लतरा और लतरा से सीठियो के बीच फॉरेस्ट क्लीयरेंस का पेंच फंसा हुआ है।

## हटाये गये हजारीबाग सदर एसडीओ, अधिसूचना जारी

### पत्नी को जलाकर मारने का आरोप, पुलिस कर रही जांच

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। हजारीबाग के सदर एसडीओ अशोक कुमार, (झाप्रसे) को प्रशासनिक कारणों से स्थानांतरित किया गया है। उन्हें कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग झारखण्ड, रांची में योगदान देने कहा गया है। राज्यपाल के आदेश पर सरकार के अवर सचिव प्रदीप कुमार पासवान के हस्ताक्षर से इसकी अधिसूचना जारी की गयी। हजारीबाग एसडीओ के खिलाफ पत्नी को जलाकर जान से मारने का आरोप है। स्थानीय लोग भी एसडीओ का विरोध कर रहे हैं और मशाल जुलूस तक निकाला था।

**जांच प्रक्रिया तेज, एसआईटी गठित :** अशोक कुमार के खिलाफ जांच की प्रक्रिया तेज हो गयी है। हजारीबाग पुलिस अधीक्षक कार्यालय से गोपनीय पत्र जारी किया गया है। इस घटना को लेकर एसआईटी का गठन किया गया है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि उक्त मामले की जांच एवं अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित आनंद के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया है। सोमवार को सदर एसडीओ अशोक कुमार के सरकारी आवास पर हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह, सीसीआर डीएसपी मनोज कुमार समेत कई थाना प्रभारी जांच करने के उनके आवास पहुंचे। अशोक कुमार की पत्नी अनीता देवी की मौत की गुत्थी को सुलझाने के लिए हजारीबाग पुलिस ने जांच की प्रकिया तेज कर दी है। एसपी ने घटनास्थल की खुद जांच की। उन्होंने कई लोगों से पूछताछ की। जांच को ले करहजारीबाग एसपी ने कोई जानकारी अभी शेयर नहीं की।

गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 71900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 91000 रु./प्रति किलो |





## वर्षांत 2024 : हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी बनी देशव्यापी चर्चा

## हीरो बन कर उभरे हेमंत, कल्पना रही किंगमेकर

प्रभात सिंह

रांची। साल 2024 कई मायनों में इतिहास गढ़ गया। हेमंत सोरेन हीरो बनकर उभरे, तो उनकी पत्नी कल्पना सोरेन किंगमेकर रही। यही रहा फलाफल। राज्य की जनता को एक मजबूत और टिकाऊ गठबंधन की सरकार मिला। झारखंड वर्ष 2024 में कई मामलों को लेकर देशव्यापी चर्चे में रहा। इनमें हेमंत की गिरफ्तारी, उनके एक मंत्री कांग्रेस के दिग्गज नेता आलमगीर आलम की टेंडर घोटाले मामले में गिरफ्तारी भी सुर्खियों में रहा। दिल्ली और मुंबई महानगरों की तर्ज पर बने कोटाटोली फ्लाई ओवर ने राज्य को सकारात्मक पहचान दिलायी।

झारखंड अपने गठन के बाद से अस्थिर रहा। रघुवर सरकार के पांच साल का कार्यकाल छोड़ दें तो किसी दूसरे मुख्यमंत्री ने पांच साल का कार्यकाल पूरा नहीं कर पाये। बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा, शिबू सोरेन और निर्दलीय विधायक रहे मधुकोड़ा की सरकार की राज्य चली, लेकिन पांच साल नहीं। हलांकि हेमंत सोरेन को 2019 में जो जनमत मिली वह पांच साल के लिए था, लेकिन उनके जेल जाने के कारण बीच में चंपई सोरेन की सरकार बनी और हेमंत सोरेन अपना कार्यकाल पांच साल नहीं पूरा कर पाये।



हेमंत सोरेन इसलिए हीरो हैं, क्योंकि उनके खिलाफ तमाम परिस्थितियां वैसी रही जो उनके खिलाफ थी। फिर भी उन्होंने बाजी अपने पक्ष में की। जेल गये। तब उनके समक्ष अनेकों चुनौतियां थी। उनके पिता दिशूम गुरू शिबू सोरेन बीमार थे, चलने फिरने में असमर्थ थे। पत्नी कल्पना सोरेन कभी राजनीति में नहीं थीं। उनके दोनों बेटे छोटे। भरोसा भाई बसंत से था। परिवार में कलह पहले से थी। उनकी भाभी अलग राह विरोध की पकड़ ली थी। गठबंधन की राजनीति में सबको समेटे रखना। अपना वोट बैंक को बचाये रखना। सारी चुनौतियां एक साथ मुंह बायें खड़ी थी।

तमाम विपरीत परिस्थियों के बावजूद हेमंत सोरेन ने हिम्मत नहीं हारी। उनकी अनपस्थिति में उनकी पत्नी कल्पना सोरेन एक ऐसी महिला बन कर उभरीं कि विरोधियों को एकदस पस्त कर दिया। विधान सभा चुनाव में झामुमो ही नहीं इंडी गटबंधन की सबसे बड़ी स्टार प्रचारक के रूप में उभरी। खुद हेमंत सोरेन ने कल्पन सोरेन को वन मेन आर्मी करार दिया। अपने दम कल्पना सोरेन एक-एक कर विरोधियों का टारगेट को नेस्तनाबुद्ध किया।

(शेष पेज 11 पर)

### बिहार में भूमि सर्वे अब 2026 तक चलेगा

पटना। बिहार में भूमि सर्वेक्षण की समय सीमा एक साल और बढ़ा दी गयी है। अब यह प्रक्रिया जुलाई 2026 तक पूरी की जायेगी। पहले यह समय सीमा जुलाई 2025 तय की गयी थी। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने सोमवार को इसकी घोषणा की। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने पटना स्थित सूचना भवन में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान जानकारी दी कि जमीन सर्वेक्षण का काम जुलाई 2026 तक पूर्ण होगा। उन्होंने कहा कि नागरिक ऑनलाइन आवेदन के माध्यम से सर्वे के लिए दस्तावेज जमा कर सकते हैं और इसके लिए कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं है। समय सीमा में बदलाव किया गया, ताकि रैयतों को राहत मिल सके।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने इसके लिए दी ऑनलाइन कंसर्ट की अनुमति

# झारखंड में 28,404 उद्योगों के संचालन की है अनुमति, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने दी स्वीकृति

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड में 28,404 उद्योगों के संचालन की अनुमति है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने इसके लिए ऑनलाइन कंसर्ट की अनुमति दी है। उद्योगों के संचालन के लिए कुल 52,781 आवेदन आए थे, जिसमें से 14542 आवेदनों को रिजेक्ट कर दिया। 1441 आवेदन पेंडिंग हैं। वहीं केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा उद्योगों की 17 कटेगरी के तहत वर्ष 2019 से 2024 के बीच उद्योगों के संचालन के लिए 793 आवेदन आए, जिसमें से 114 उद्योगों के संचालन की स्वीकृति दी गई। इसमें 219 आवेदनों को रिजेक्ट कर दिया गया जबकि 38 आवेदन पेंडिंग हैं।

किस जिले में कितने उद्योगों को संचालन की अनुमति



| जिला | उद्योगों की संख्या | जिला | उद्योगों की संख्या |
|---|---|---|---|
| बोकारो | 1363 | जामताड़ा | 398 |
| चतरा | 636 | खूंटी | 273 |
| देवघर | 991 | कोडरमा | 1106 |
| धनबाद | 2775 | लातेहार | 407 |
| दुमका | 1366 | लोहरदगा | 426 |
| पूर्वी सिंहभूम | 1797 | पाकुड़ | 1694 |
| गढ़वा | 446 | पलामू | 1566 |
| गिरिडीह | 1558 | रामगढ़ | 1131 |
| गोड्डा | 342 | साहेबगंज | 1711 |
| गुमला | 580 | सरायकेला | 1895 |
| हजारीबाग | 1999 | सिमडेगा | 190 |
| | | पश्चिम सिंहभूम | 589 |

## 14542 आवेदनों को किया गया रिजेक्ट, दिया, 1441 आवेदन पेंडिंग

किस जिले में कितने आवेदन रिजेक्ट




| जिला रिजेक्ट | आवेदन की संख्या |
|---|---|
| बोकारो | 615 |
| चतरा | 306 |
| देवघर | 529 |
| धनबाद | 1395 |
| दुमका | 533 |
| पूर्वी सिंहभूम | 1048 |
| गढ़वा | 195 |
| गिरिडीह | 785 |
| गोड्डा | 151 |
| गुमला | 215 |
| हजारीबाग | 1263 |
| जामताड़ा | 171 |
| खूंटी | 78 |
| कोडरमा | 729 |
| जिला रिजेक्ट | आवेदन की संख्या |
| लातेहार | 159 |
| लोहरदगा | 173 |
| पाकुड़ | 763 |
| पलामू | 530 |
| रामगढ़ | 713 |
| रांची | 1433 |
| साहेबगंज | 1039 |
| सरायकेला | 1316 |
| सिमडेगा | 74 |
| पश्चिम सिंहभूम | 331 |

# डीसी रैंक के सात आइएएस अफसरों को मिली प्रोन्नति



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के उपायुक्त स्तर के सात पदाधिकारियों को कनीय प्रशासनिक कोटि के वेतनमान (लेबल-12, पे-मैट्रिक्स- 78800-209200) में प्रोन्नति दी गयी है। यह प्रमोशन इस शर्त पर दी गयी है की वे अगले दो वर्षों में आयोजित होने वाले एमसीटी फेज तीन का प्रशिक्षण अनिवार्य रूप से प्राप्त कर लेंगे।

इस संबंध में कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग ने अधिसूचना जारी कर दिया है। सभी अधिकारी प्रमोशन के बाद भी अपने वर्तमान पद पर बने रहेंगे।

**इन्हें मिला प्रमोशनः**

- कर्ण सत्यार्थी, उपायुक्त गुमला
- मेघा भारद्वाज- उपायुक्त, कोडरमा
- गरिमा सिंह- संयुक्त सचिव योजना एवं विकास विभाग
- चंदन कुमार- उपायुक्त रामगढ़
- हिमांशु मोहन- सीईओ, मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास निगम
- विशाल सागर- उपायुक्त देवघर
- लोकेश मिश्र- उपायुक्त खूंटी

## आठ आइएएस एसडीओ को मिला सीनियर टाइम स्केल में प्रमोशन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के अनुमंडल पदाधिकारी स्तर के आठ पदाधिकारियों को सीनियर टाइम स्केल (लेबल-11 पे-मैट्रिक्स- 67,100-208700) में प्रोन्नति प्रदान की गयी है। सभी पदाधिकारी अपने वर्तमान पद पर बने रहेंगे।

इस संबंध में कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

**इन्हें मिला प्रमोशन**

- शताब्दी मजूमदार- एसडीओ धालभूमगढ़
- उत्कर्ष कुमार- एसडीओ रांची सदर
- आशीश गंगवार-एसडीओ छतरपुर
- श्रीकांत यशवंत- एसडीओ गिरिडीह
- ओमप्रकाश गुप्ता- अवर सचिव योजना एवं विकास विभाग
- सन्नी राज- एसडीओ सिमरिया, चतरा
- अनिमेश रंजन- एसडीओ खुरी-महुआ
- रिया सिंह- एसीडीओ कोडरमा

# बढ़ रहे अपराध पर ठोस कदम उठाये हेमंत सरकारः बाबूलाल

## झारखंड में प्रतिदिन औसतन 5 लोगों की हत्या

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा। श्री मरांडी ने कहा कि एससीआरबी द्वारा जारी आंकड़े के मुताबिक इस वर्ष जनवरी से अक्तुबर तक के बीच 1400 लोगों की हत्या की जा चुकी है। इस दौरान सिर्फ आमलोग ही नहीं बल्कि पुलिस अधिकारी, अधिवक्ता और जनप्रतिनिधि भी असमय मौत के घाट उतार दिये गये हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड में अपराध का ग्राफ चिंताजनक रूप से ऊपर चढ़ रहा है। विधि व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखना राज्य सरकार की जिम्मेवारी है लेकिन, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन नागरिकों की सुरक्षा में विफल साबित हो रहे हैं।

उन्होंने कहा कि झारखंड में बढ़ता अपराध आमलोगों के जेहन में खौफ पैदा कर रहा है। अगर तुरंत ठोस कदम नहीं उठाये गये तो राज्य की स्थिति और भयावह हो सकती है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को अपराध नियंत्रण के लिये मजबूत इच्छाशक्ति के साथ ठोस कदम उठाये जाने की जरूरत है।

तृतीय वर्ग में समायोजित सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक के पेड मैनेजरों को हाई कोर्ट से राहत

# पिछली सेवाओं की गणना कर एसीपी और एमएसीपी का लाभ देने का आदेश

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड सरकार में तृतीय वर्ग के पद में सरकार की विभिन्न विभागों में समायोजित हुए सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक के पेड मैनेजरों को हाई कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने एसीपी/एमएसीपी लाभ के लिए प्रार्थियों की पिछली सेवाओं की गणना करने का निर्देश पारित किया है। न्यायमूर्ति दीपक रौशन की कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए इन सेवानिवृत कर्मियों की सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक के पेड मैनेजर की पिछली सेवाओं को जोड़ते हुए एसीपी/एमएसीपी का लाभ देने का आदेश दिया है। हाई कोर्ट ने कृष्णकांत मुखर्जी, विद्यासागर प्रसाद सहित कई प्रार्थियों की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया है। पूर्व में भी कोर्ट ने उनकी एक याचिका पर सुनवाई करते हुए उनके पेंशन के मामले में भी पेड मैनेजर की पिछली सेवाओं की गणना करते हुए पेंशन देने का आदेश दिया था।

दरअसल, प्रार्थी 1975-85 के दरमियान सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक में पेड मैनेजर के रूप में कार्यरत थे, सुप्रीम कोर्ट के एक आदेश के आलोक में वर्ष 2003 में इनका समायोजन झारखंड सरकार के तृतीय वर्ग के कर्मियों के रूप में विभिन्न विभागों में हुआ था। बाद में ये कर्मी वर्ष 2009-10 में सेवानिवृत हो गए थे। इनकी ओर से पेंशन के लिए 10 साल पूरा नहीं होने का हवाला देते हुए अपने पिछले सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक के पेड मैनेजर की सेवाओं की गणना करने को लेकर एक याचिका दाखिल की गई थी। जिस पर कोर्ट ने आदेश दिया था कि उनकी पिछली पेड मैनेजर की सेवाओं को गणना करते हुए इनका पेंशन भुगतान किया जाए।

इसके बाद प्रार्थियों की ओर से फिर से हाइकोर्ट में याचिका दाखिल कर एसीपी/एमएसीपी का लाभ के लिए भी अपनी पुरानी सेवाओं (पेड मैनेजर) की गणना करने का आग्रह किया गया। जिस पर हाईकोर्ट ने अपना फैसला सुनाते हुए कहा की चुकी प्रार्थियों के पेंशन के लिए उनकी पिछली सेवाओं की गणना की जा सकती है तो सिद्धांततः सरकार मानती है कि उनकी पीछे की सेवा की गणना की जा सकती है। ऐसे में प्रार्थियों को एसीपी/एमएसीपी का लाभ देने के लिए भी पिछली सेवाओं ( पेड मैनेजर) की गणना की जाए। कोर्ट ने यह आदेश सुनाते हुए प्रार्थियों की याचिका स्वीकृत कर ली।

# झाप्रसे के 6 अधिकारियों को विशेष सचिव रैंक में प्रमोशन

खबर मन्त्र ब्यरो

**रांची।** झारखंड प्रशासनिक सेवा (झाप्रसे) के 6 पदाधिकारियों को विशेष सचिव रैंक में प्रमोशन दिया गया है। विभागीय प्रोन्नति समिति की बैठक के अनुसार जनता के आलोक में इन अधिकारियों को अपर सचिव कोटी के वेतनमान से अपुनरीक्षित वेतनमान पीवी4 37400-067000 ग्रेड पे 8900 पुनरीक्षित वेतनमान लेवल 13 प्रोन्नति प्रदान की गई है। सभी अधिकारियों को विशेष सचिव के पद पर उत्क्रमित करते हुए उन्हीं विभागों में पदस्थापित भी किया गया है। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

**इन्हें मिला प्रमोशन**

- अपर सचिव वित्त विभाग : अनिरुद्ध सिन्हा
- अपर सचिव कार्मिक विभाग : ओम प्रकाश साह
- अपर सचिव पथ निर्माण विभाग : अखौरी शशांक सिन्हा
- अपर सचिव योजना विकास विभाग : सुनील कुमार सिंह
- उप विकास आयुक्त रामगढ़ : रोबिन टोप्पो
- निदेशक प्रशासन कृषि विभागः नयन तारा केरकेट्टा।

## समाधान नहीं होने पर एक हफ्ते बाद फिर सचिवों से मिलेंगे विधायक

नगर विकास सचिव से मिले जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय

# मानगो में कचरा प्रबंधन दुरुस्त होगा

- कचरा प्रबंधन का सुचारू नहीं होने से कचरे के ढेर में आग लग जाता है और आसपास के रिहायशी इलाकों में लगातार प्रदूषण फैलता है।



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची/जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय सोमवार को मानगो नगर निगम की समस्याओं को लेकर नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार से मिले। उन्होंने इस संबंध में ही पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के प्रधान सचिव एमआर मीणा मीणा से भी वार्ता की। इस दौरान राय ने मानगो नगर निगम का कचरा प्रबंधन के लिए ठोस कदम उठाने और आवश्यक उपाय करने की बात नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव के सामने रखी। प्रधान सचिव ने इस पर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया और पूर्वी सिंहभूम जिला के उपायुक्त को भी इस बारे में आवश्यक निर्देश दिया।

सरयू राय ने उन्हें बताया कि वर्ष 2011-12 से मानगो नगर निगम क्षेत्र का कचरा और जमशेदपुर अक्षेस क्षेत्र के घरों से निकलने वाला कचरा टाटा स्टील यूआईएसएल के बारा कांप्लेक्स, सिदगोड़ा में गिराया जाता था। इसके बाद टाटा स्टील यूआईएसएल ने सोनारी के मरीन ड्राईव के किनारे एक स्थान चिन्हित किया, जहां जेएनएसी और मानगो नगर निगम क्षेत्र का कचरा डंप किया जाता था। ये जमीन भी टाटा स्टील की थी। अप्रैल 2023 में सोनारी के कतिपय नागरिक इस समस्या को लेकर एनजीटी मे समक्ष गये। वजह था कचरा प्रबंधन का सुचारू नहीं होना। उन्होंने कहा कि कचरे के ढेर में आग लग जाता है और आसपास के रिहायशी इलाकों में लगातार प्रदूषण फैलता है।

एनजीटी ने पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त और झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को निर्देश दिया कि वे कचरा निष्पादन का वैकल्पिक उपाय करें। दोनों संस्थानों ने एनजीटी के समक्ष शपथ पत्र के माध्यम से अपनी बातें रखी और कचरा निष्पादन के लिए वैकल्पिक स्थान शीघ्र खोजने का आश्वासन दिया।


### मानगो जमशेदपुर का जुड़वा शहर : सचिव

नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव से कहा कि मानगो जमशेदपुर का जुड़वां शहर है। मानगो से टाटा स्टील का सीधा सम्बंध है। मानगो होकर इनका भारी वाहन कंपनी में आता है। मानगो होकर उनके पेयजल का पाईपलाईन डिमना लेक से आता है। मानगो में इनका बहुत बड़ा यातायात डिपो है तथा इनके अन्य हितों से भी मानगो जुड़ा हुआ है। इसलिए यह स्वाभाविक है कि जेएनएसी की तरह मानगो नगर निगम का कचरा भी टाटा स्टील यूआईएसएल के बारा कॉम्प्लेक्स में गिराया जाय। यही इस समस्या का स्थायी समाधान होगा। जरूरत पड़े तो सरकार वहां कचरा निस्तारण की एक मशीन लगा दे, ताकि वहां कचरा का ढेर न लगे। नगर विकास विभाग ने इस पर सहमति जतायी। फिलहाल मानगो का कचरा जिन स्थान पर निष्पादन हो रहा है वह इसका स्थायी समाधान नहीं है।

### एक सप्ताह बाद फिर से करेंगे वार्ता : विधायक

सरयू राय ने कहा कि विभागीय प्रधान सचिवों के स्तर पर जो आश्वासन दिये गये हैं, उसके क्रियान्वयन के संबंध में एक सप्ताह बाद वह फिर से उनसे वार्ता करेंगे। इस बात का प्रयास करेंगे कि मानगो का कचरा निष्पादन का ठोस हल निकले और मानगो नगर निगम क्षेत्र में और जमशेदपुर अक्षेस क्षेत्र में पेयजलापूर्ति की व्यवस्था सस्ते दर पर सुचारू रूप से हो जाए, तकनीकी बाधाओं को शीघ्र दूर कर लिया जाये।

## झारखंड आंदोलनकारी दिवस के रूप में मनेगी जयपाल सिंह की जयंती



**रांची।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने कहा कि तीन जनवरी को झारखंड आंदोलन के अमर पुरोधा मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जयंती को झारखंड आंदोलनकारी दिवस व 1925-2025 ऑक्सफोर्ड ब्लू खिताब का स्वर्णिम समारोह के रूप में मनाया जायेगा। इस मौके पर अल्बर्ट एक्का चौक से मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम तक बड़ी संख्या में झारखंड आंदोलनकारी परंपरागत रूप से नृत्य, गीत, संगीत करते हुए जायेंगे। आंदोलनकारी लाल व हरे रंग का झंडे लिए रहेंगे। इस अवसर पर झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह कुशवाहा, संयोजक रामनाथ मेहता शामिल थे।

जेएमएम छात्र मोर्चा मिला स्वास्थ्य सचिव से

# बीएससी नर्सिंग का दाखिला ओपन करने की मांग



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** जेएमएम छात्र मोर्चा (जेसीएम) रांची विश्वविद्यालय का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह से मिला। उन्हें बताया गया कि झारखंड के विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में बीएससी नर्सिंग की सीटें रिक्त रह गयी हैं और अभ्यर्थी नामांकन लेने को इच्छुक हैं लेकिन परसेंटाइल का बेरियर होने के कारण बहुत से बच्चे पास नहीं कर पाये हैं। परिणाम स्वरूप सीटें रिक्त रह गयीं है। ऐसे में परसेंटाइल को जीरो कर सभी लोगों को नामांकन लेने का अवसर दिया जाना चाहिये, ताकि सीट भी रिक्त न रहे एवं अभ्यर्थियों को पढ़ने का अवसर भी मिल सके। पूर्व में भी झारखंड छात्र मोर्चा ने स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं कल्याण मंत्रालय के मंत्री डॉ इरफान अंसारी से मिलकर मामले से उन्हें अवगत कराया है।

अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य ने मोर्चा के सदस्यों से कहा कि एक सप्ताह में इस दिशा में छात्रहित का ध्यान रखकर निर्णय लिया जायेगा। मिलने वालों में जेसीएम अध्यक्ष अमन तिवारी सचिव असद फेराज टिंकू उपाध्यक्ष भास्कर महतो आदि लोग उपस्थित थे।

# सीएमपीडीआई में सीएसआर पर कार्यशाला का आयोजन

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** सीएमपीडीआई द्वारा पिछले दशक में की गयी निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के प्रभाव की समीक्षा और आकलन करने के लिए संस्थान के स्वर्णरेखा हॉल में सीएसआर एपेक्स समिति के सदस्यों और क्षेत्रीय संस्थान के स्तर पर उप-समिति के सदस्यों के लिए सीएसआर पर एक-दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मौके पर सीएमपीडीआई के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार, निदेशक (तकनीकी/सीआरडी) शंकर नागाचारी, निदेशक (तकनीकी/ पीएंडडी) अजय कुमार, निदेशक (तकनीकी/आरडीएंडटी) अच्युत घटक, महाप्रबंधक (एचआरडी/सीएसआर) आरके महापात्रा सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे। कार्यशाला में सीएसआर परियोजना की पहचान, कार्यान्वयन, सर्वोत्तम प्रथाएं और उभरते रूझान और सीएसआर नियम/ ऑडिट/ जिम्मेदारियां थीम पर इंटरएक्टिव सत्र आयोजित किए गए।

मौके पर संस्थान के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रोएक्टिव सीएसआर हमें संभावित सामाजिक और पर्यावरणीय जोखिमों की पहचान करने और उन्हें सम्बोधित करने, सामाजिक दायित्वों को पूरा करने, पीएसयू की सार्वजनिक धारणा को बढ़ाने एवं उन्हें जिम्मेदार और नैतिक संगठनों के रूप में चित्रित करने में मददगार साबित हो सकता है। यह सकारात्मक छवि प्रतिभा को आकर्षित कर सकती है एवं ग्राहक निष्ठा बढ़ा सकती है तथा हितधारकों के साथ रिश्ते मजबूत कर सकती है। उन्होंने कहा कि एक जिम्मेदार कॉरपारेट के रूप में सीएमपीडीआई को सामुदायिक विकास कार्यों में सक्रिय रूप से भागीदार होने और आसपास के क्षेत्रों के विकास के लिए सीएसआर परियोजनाओं की समय पर पहचान और अनुमोदन की आवश्यकता है।

कृषि मंत्री ने किया निदेशालय का औचक निरीक्षण, कहा-बदलनी होगी कार्य संस्कृति

# झारखंड में एक एकड़ से कम वाले निजी तालाब का भी किया जायेगा जीर्णोद्धारः शिल्पी नेहा तिर्की

- कर्मियों और अधिकारियों की छट्टी पर रहने पर मंत्री ने जतायी नाराजगी
- सब्जियों की एमएसपी तैयार करने में जुटा है कृषि विभाग



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने सोमवार को कांके रोड स्थित कृषि भवन (कृषि निदेशालय) का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान पाया कि 50 फीसदी कर्मी छुट्टी पर हैं। इस पर मंत्री ने कहा कि कार्य संस्कृति बदलनी होगी। क्रिसमस या नये साल के साथ दूसरे पर्व भी मनाना जरूरी है, पर इसका काम पर असर नहीं पड़ना चाहिए। मौके पर मंत्री ने कहा कि झारखंड में अब 1 एकड़ से कम में बने तालाब का भी सरकार जीर्णोद्धार करेगी। अगले वित्त वर्ष में निजी तालाब को लेकर कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग को प्लान तैयार करने का निर्देश दिया गया है। नये निर्देश के अनुसार अब तालाब के जीर्णोद्धार के दौरान एक तरफ से सीढ़ी का निर्माण भी कराया जाएगा। वर्तमान में निजी तालाब के जीर्णोद्धार के लिए कम से कम 1 एकड़ और अधिक से अधिक 5 एकड़ वाले तालाब की योजना चल रही है। इस योजना से बड़ी संख्या में किसानों के छोटे तालाब का जीर्णोद्धार नहीं हो पा रहा है।

मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने विभाग के द्वारा आने वाले समय में सब्जियों के एमएसपी तय करने की दिशा में काम करने की भी बात कही। उन्होंने कहा कि फूल गोभी या पत्ता गोभी जैसे सब्जियों की दर दूसरे राज्य के व्यापारी आकर कम कर रहे हैं। इससे स्थानीय किसानों को नुकसान उठाना पड़ता है।

औचक निरीक्षण करने पहुंची मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की कृषि भवन में कर्मियों और अधिकारियों के छुट्टी पर जाने को लेकर नाराज दिखीं। उन्होंने कहा कि आज जब मैं यहां पहुंची हूं तो 50 प्रतिशत कर्मी और अधिकारी 15 से 20 दिन के अवकाश पर हैं। झारखंड में पहले से ही सरकारी कर्मियों की कार्य संस्कृति गड़बड़ रही है। इसमें सुधार जरूरी है और ऐसा करके हम विभाग की योजनाओं को समय पर पूरा कर सकते है।

मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष के बजट राशि को खर्च करने के साथ-साथ अगले वित्तीय वर्ष के बजट की तैयारी में सभी को जुट जाना होगा। औचक निरीक्षण के दौरान जैविक खेती को लेकर दी गई जानकारी पर भी मंत्री आश्चर्य चकित दिखीं। उन्होंने कहा कि इसके बारे में कितने लोग जानते हैं। पैकेजिंग, शॉर्टिंग और ग्रेडिंग को लेकर मंत्री ने जेएसएलपीएस के पलाश ब्रांड का उदाहरण दिया। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि जब दूसरे विभाग के द्वारा ये किया जा सकता है तो यहां क्यों नहीं?

उद्यान विभाग के द्वारा 27 एकड़ में बनाए जाने वाले हाई टेक नर्सरी में स्थानीय 2 से 3 हजार ग्रामीणों को रोजगार देने का भी निर्देश मंत्री ने दिया। उन्होंने कहा कि लोग रोजगार के लिए दूसरे जगह पलायन करते हैं। ऐसे में हाई टेक नर्सरी में उनके रोजगार को सुनिश्चित कर पलायन को रोका जा सकता है।

स्पीड न्यूज

# खनन टास्क फोर्स की बैठक से गायब रहे फैक्ट्री इंस्पेक्टर को शो कॉज

## सरायकेला नियोजनालय में रोजगार मेला आज

**जमशेदपुर।** मंगलवार, 31 दिसंबर 2024 को मॉडल कैरियर सेंटर सह जिला नियोजनालय, सरायकेला–खरसावां में पूर्वाह्न 10 बजे से रोजगार शिविर का आयोजन किया जायेगा। इस संबंध में जिला नियोजन पदाधिकारी आलोक तोपनो ने बताया कि उक्त शिविर में जिले की प्रतिष्ठित संस्था 'इंफिनिटी इंडस्ट्रियल पार्क प्राइवेट लिमिटेड' एवम 'श्रीउनहत ऑटो कंपोनेंट्स प्राइवेट लिमिटेड' सहित अन्य नियोजकों द्वारा सरायकेला–खरसावां में विभिन्न पदों पर नियुक्त करने हेतु युवाओं का चयन किया जायेगा। उक्त शिविर में भाग लेने हेतु अभ्यर्थियों की का उम्र 23 से 40 वर्ष के बीच होना चाहिए।

## ब्रह्मर्षि विकास मंच ने की विधायक अमित यादव पर कार्रवाई की मांग



**जमशेदपुर।** रविवार को बरकट्ठा भाजपा विधायक अमित यादव ने एक सभा में भूमिहार जाति के प्रति अभद्र भाषा का प्रयोग किया। उनकी सभा की बातें थोड़ी ही देर में पूरे झारखंड में आग की तरह फैल गयी। ब्रह्मर्षि विकास मंच, जमशेदपुर मामले को गंभीरता से लेते हुए मंच के महासचिव अनिल ठाकुर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि बरकट्ठा भाजपा के विधायक अमित यादव,जिस पार्टी से वर्तमान में विधायक हैं, उस पार्टी में स्थापना से लेकर आज तक बिहार–झारखंड में भूमिहार जाति का योगदान अन्य सभी जातियों को मिला दें तो उस पर भारी पड़ेगा। ब्रह्मर्षि विकास मंच समाज के प्रति ऐसी दुर्भावना कतई बर्दाश्त नहीं कर सकता है।

## मानगो में कचरा उठाव बंद होने से लोगों का जीना मुहाल : नीरज सिंह

**जमशेदपुर।** मानगो नगर निगम क्षेत्र में कचरा उठाव की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है,जन–मानस में समस्याओं को लेकर आक्रोश देखा जा रहा है,लोगों का कहना है कि ये एक माहा मारी का रुप धारण करती जा रही है,कई जगहों पर कचरे खुले सड़कों पर जलाए जा रहे है, जिससे हवाएं जहरीली हो रही है, नगर निगर,मानगो की जनता के स्वस्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। उक्त जानकारी देते हुए भाजपा व्यवसाय मोर्चा के प्रदेश संयोजक नीरज सिंह ने कहा कि मानगो के कई क्षेत्रों में समस्या बहुत भीषण होती जा रही है। दूसरी तरफ शिविर लाइन जाम है, नालियों की जाम से पानी की निकासी रुक गई है जिससे नाले की गंद्गी रास्ते एवं दुकानों में जा रही है, जिससे लोगों का जीवनयापन करना दूभर होता जा रहा है और शुद्ध पेयजल को लेकर जनता की शिकायतें लगातार प्राप्त हो रही है।

## धन्य घड़ी धन्य भाग्य हमारा दादी... पर झूम उठे श्रद्धालु

**जमशेदपुर।** भारत भ्रमण पर निकली कुल देवी श्री ढांढण वाली दादी मां (श्री टीडा गेला दादी जी) की दिव्य ज्योत रथयात्रा सोमवार को जुगसलाई पहुंची। जुगसलाई चौक बाजार स्थित श्री सत्यनारायण मंदिर में दिव्य ज्योत रथयात्रा का श्रद्धालुओं द्वारा भजन–कीर्तन के बीच भव्य स्वागत और पूजन किया गया। दादी मां के मंगल गीत एवं आरती उतार कर रथयात्रा को श्री राजस्थान शिव मंदिर के लिए रवाना किया गया। इसका आयोजन श्री ढांढण शक्ति प्रचार मंडल टाटानगर द्वारा किया गया। शोभा रथ यात्रा के आगे सर्वप्रथम बैंड बाजा पार्टी, छउ नृत्य, ऊंट चल रहे थे। साथ ही महिलाओं एवं बच्चों द्वारा दादी मां की ध्वजा लेकर, जय कारें लगाते हुए सभी भक्त नाचते गाते हुए जा रहे थे। शिव मंदिर परिसर पहुंचने पर सभी दादी मां के भक्तों को दूपटा एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया। राजस्थान शिव मंदिर परिसर में भजनों का कार्यक्रम हुआ। वहां श्री ढांढण वाली दादी मां का भव्य श्रृंगार, अखण्ड ज्योति, छप्पन भोग, चूनडी उत्सव एवं मेहंदी उत्सव कार्यक्रम हुआ। श्री गणेश समेत अन्य देवी देवताओं की पूजा एवं ज्योत प्रज्वलित कर भजन संध्या कार्यक्रम की शुरुआत हुई। जिसमें कोलकाता के मूलचंद्र बजाज ने गणेश वंदना की।

---

- अवैध खनन-परिवहन के मामले में तत्काल एफआईआर हो: डीसी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त श्री अनन्य मित्तल की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स की मासिक बैठक आहूत की गई । उपायुक्त ने अवैध खनन की गतिविधियों की समीक्षा करते हुए खनन माफियाओं पर नकेल कसने और प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि खनन टास्क फोर्स अपने सूचना तंत्र को मजबूत करें, जिले में सघन चेकिंग अभियान चलाएं और संबंधित विभाग जैसे खनन, वन, परिवहन, प्रदूषण, कारखाना, पुलिस के एक्ट के तहत समेकित कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि एकल विभागीय कार्रवाई से अवैध खनन और परिवहन पर अंकुश लगाना संभव नहीं है, ऐसे में जरूरी है कि अवैध खनन, परिवहन में लिप्त वाहनों, माफिया पर सभी धाराओं के तहत कार्रवाई करें।

जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी धालभूम एवं घाटशिला को अपने-अपने अनुमंडल अंतर्गत अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के रोकथाम हेतु अंचल अधिकारियों के द्वारा की गई कारवाई की समीक्षा करने का निर्देश दिया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी एवं एमवीआई को उनके द्वारा की गई कार्रवाई से संबंधित प्रतिवेदन विहित प्रपत्र में माहवार समर्पित करने हेतु निर्देशित किया गया । बहरागोड़ा अंचल अंतर्गत बनकटा बालू घाट के संचालन पर विस्तृत चर्चा की गई, जिसमें ब्ज़् हेतु लंबित आवेदन के संबंध में प्रदूषण विभाग के पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

## जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक, अवैध खनन के विरुद्ध सख्ती का निर्देश

### ...और क्या बोले डीसी

जिला दंडाधिकारी उपायुक्त द्वारा खनन टास्क फोर्स को सूचनातंत्र मजबूत करने एवं मनिटरिंग मैकेनिज्म को दुरुस्त करने का निदेश दिया गया। उन्होने कहा कि अवैध कारोबारियों के मडस अपरेंडी को समझें और विधि सम्मत कार्रवाई करें। बिना किसी पूर्व सूचना के बैठक से अनुपस्थित रहने पर कारखाना निरीक्षक को शो-कज करने का निर्देश दिया गया। वन प्रमंडल पदाधिकारी सबा आलम अंसारी, एडीएम ल एंड अर्डर अनिकेत सचान, एसडीएम शताब्दी मजूमदार, एडीसी भगीरथ प्रसाद, डीएमओ सतीश नायक, एमवीआई सूरज हेम्ब्रम समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी बैठक में उपस्थित रहे। वहीं रूरल एसपी ऋषभ गर्ग, सिटी एसपी कुमार शिवाशीष, सीओ, डीएसपी, थाना प्रभारी ऑनलाइन बैठक से जुड़े।





अवैध खनन पर बैठक करते डीसी अनन्य मित्तल। साथ में डीएफओ सबा आलम अंसारी व अन्य।

### अवैध इंट भट्ठों को चिह्नित कर कार्रवाई करें

बैठक में गत माह में अंचलवार अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरूद्ध कार्रवाई की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गयी। जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त ने टास्क फोर्स के सभी इंफोर्समेंट एजेंसी को निदेशित किया कि अवैध खनन- परिवहन के मामले में तत्काल एफआईआर करें, सभी पदाधिकारी इसके लिए सक्षम हैं। साथ ही उन्होने विभिन्न अंचल क्षेत्रों में जब्त बालू खनिज को जल्द से जल्द पूरी प्रक्रिया का पालन करते हुए निलामी करने का निदेश दिया। सभी थाना प्रभारियों को निदेशित किया गया कि सीओ, डीएमओ, खनन निरीक्षक या अन्य किसी भी पदाधिकारी स्तर से अवैध खनन, परिवहन की सूचना मिलती हो तो तत्काल टीम गठित करते हुए कार्रवाई सुनिश्चित करें एवं एफआईआर करें। साथ ही प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को जिले में अवैध रूप से संचालित ईट भट्ठों को चिन्हित कर कार्रवाई का निर्देश दिया गया।

# एक्सएलआरआई और प्रेरणा तोदी बने ओवर ऑल चैंपियन

जमशेदपुर फ्लावर शो- 2024

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** हर्टिकल्चरल सोसाइटी जमशेदपुर के तत्वावधान में 1 जनवरी 2025 तक चलने वाले 34 वीं वार्षिक फूल प्रदर्शनी और 41वां अखिल भारतीय गुलाब सम्मेलन सह गुलाब प्रदर्शनी के विजेताओं को आज पुरस्तकृत किया गया। एमैच्योर सेगमेंट में बागवानी के लिए प्रेरणा तोदी और इंस्टीटयूशन सेगमेंट में एक्सएलआरआई को ओवर ऑल चैंपियन घोषित किया गया। आज गोपाल मैदान में चल रही वार्षिक पुष्प प्रदर्शनी में मुख्य अतिथि सह टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट डीबी सुंदरामम ने उक्त अवार्ड प्रदान किये। इस अवसर पर हर्टिकल्चर सोसायटी जमशेदपुर की संरक्षक रुचि नरेंद्रन और अध्यक्ष सुमिता नुपुर विशेष तौर से उपस्थित थीं।

यह भव्य आयोजन 29 दिसंबर 2024 से 1 जनवरी 2025 तक क्रमशः गोपाल मैदान और तुलसी भवन में होगा, जो फूलों के प्रति प्रेम करने वालों और प्रति प्रेमियों के लिए एक यादगार अनुभव साबित हो रहा है। बड़ी संख्या में लोग पुष्प प्रदर्शनी देखने और अपने पसंदीदी पौधों की खरीदारी करने गोपाल मैदान पहुंच रहे हैं।

अन्य पुरस्कारों में क्रिसथिमम सेगमेंट में एमैच्योर के लिए श्रीमती मंजू भामरा और इंस्टीट्यूशन के लिए विग इंग्लिस स्कूल को पुरस्कृत किया गया जबकि डहलिया प्रतियोगिता में क्रमशः एसबी मंडल और एक्सएलआरआई को पुरसकृत किया गया। पॉटेड प्लांट के लिए मंजू भामरा और टाटा स्टील टिनप्लेट को पुरस्कृत किया गया। बोनसाई के लिए प्रेरणा तोदी और एमएस बोर्ना स्टोर, पॉटेड फ्रूट एंड वेजीटेबुल्स के लिए प्रेरणा तोदी और टाटा स्टील टिनप्लेट, सिजनल फ्लावर में मंजू भामरा और एक्सएलआरआई, कट फ्लावर के लिए प्रेरणा तोदी और स्टील स्ट्रीप व्हील लिमिटेड को पुरस्कृत किया गया। एमैच्योर कटेगरी में बेस्ट डिस्पले के लिए राजा और एसबी मंडल को क्रमशः प्रथम और द्वितीय पुरस्कार मिला। इंस्टीटयूशन कैटेगरी में बेस्ट डिस्पले के लिए टाटा स्टील नोवामुंडी माइंस को प्रथम और टाटा स्टील मीरा मंडली को द्वितीय और टाटा स्टील फाउंडेशन को विशेष पुरस्कार दिया गया।





प्रेरणा तोदी को ओवरऑल चैंपियन का ट्रॉफी प्रदान करते डीबी सुंदरामम और एक्सएलआरआई की टीम को ओवर ऑल चैम्पियन ट्रॉफी प्रदान करते डीबी सुंदरामम।

## एक नजर में

### रामकृष्णा फोर्जिंग्स के तीसरी बार अध्यक्ष बने अजय



**गम्हरिया।** रामकृष्णा फोर्जिंग्स कामगार संघ की त्रिवार्षिक आमसभा सह चुनाव गम्हरिया स्थित चित्रगुप्त भवन में हुई। सभा की अध्यक्षता यूनियन के अध्यक्ष अभय कुमार लाभ ने किया। इस अवसर पर चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में इंटक के प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद राय उपस्थित थे। इस मौके पर सर्वप्रथम यूनियन के कोषाध्यक्ष अच्छेलाल यादव ने गत वर्ष का लेखा जोखा प्रस्तुत किया। इसे आम सम्मति से पारित कर दिया गया। तत्पश्चात महासचिव तारकेश्वर यादव ने विगत वर्ष यूनियन के कार्यों और अन्य गतिविधियों की जानकारी कामगारों को दी। मौके पर अपने अध्यक्षीय संबोधन में अभय लाभ ने कामगारों से संगठित रहने की अपील की। कहा कि संगठित रहने से कड़ी मुसीबतों को आसानी से हल किया जा सकता है। उन्होंने कामगारों की विभिन्न मांगों को लेकर प्रबंधन के साथ चल रही वार्ता के अबतक के नतीजों से अवगत कराते हुए भावी योजनाओं की जानकारी भी कामगारों को दी। इसके बाद चुनाव पर्यवेक्षक विनोद राय की देखरेख में वर्ष 2025–27 के लिए यूनियन के कार्यसमिति का चुनाव कराया गया जिसमें सर्वसम्मति से तीसरी बार यूनियन के अध्यक्ष अभय कुमार लाभ तथा महासचिव तारकेश्वर यादव को बनाया गया। इसके अलावा कार्यसमिति में अच्छेलाल यादव, दिनेश राम, अशोक मिश्रा, विपुल गोलदार, नवल झा, शैलेंद्र सिंह और मुंशी यादव का चयन किया गया। साथ ही, यूनियन के सलाहकार के रूप में इंटक प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद राय को चयनित किया गया। यूनियन के अन्य पदाधिकारियों के पद पर मनोनयन हेतु अध्यक्ष और महासचिव को अधिकार प्रदान किया गया।

## वामपंथी दलों ने अंबेडकर पर गृहमंत्री की टिप्पणी के खिलाफ किया प्रदर्शन



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) (माकपा), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) लिबरेशन (भाकपा माले), रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी (आरएसपी) एवं अल इंडिया फरवर्ड ब्लक जैसे प्रमुख वामपंथी दलों के संयुक्त निर्णय के अनुसार, जमशेदपुर के वामपंथी दलों द्वारा भी 30 दिसंबर को अखिल भारतीय विरोध दिवस मनाया गया और बिरसा चौक साकची में विरोध प्रदर्शन और नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। नुक्कड़ सभा में दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि भी दी गयी। वामपंथी दलों की ओर से कहा गया कि मनुवादी-फासीवादी विचारधारा हमेशा से ही जातिगत शोषण को खत्म करने के लिए अंबेडकर के जाति उन्मूलन के विचार की प्रबल विरोधी रही है।

## उग्रवादी हिंसा में मारे गये 13 और मृत सरकारी सेवकों के परिजनों को मिलेगी सरकारी नौकरी

- जिला स्तरीय अनुकंपा समिति की बैठक में लिया गया निर्णय

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** पश्चिम सिंहभूम जिला समाहरणालय स्थित सभागार में जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त कुलदीप चौधरी के अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर की मौजूदगी में जिला स्तरीय अनुकंपा समिति की बैठक की गयी। बैठक में जिला अंतर्गत उग्रवादी हिंसा में मृत व्यक्तियों के आश्रितों को अनुकंपा आधार पर स्थायी नियुक्ति और सेवा काल में मृत सरकारी सेवकों के आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर स्थायी नियुक्ति प्रदान करने से संबंधित कुल 70 मामलों को निर्णय हेतु उपस्थापित किया गया। जिसमें उग्रवाद हिंसा से संबंधित 13 मामले तथा सेवा काल में मृत सरकारी सेवकों से संबंधित 57 मामले शामिल हैं। बैठक में संवीक्षा उपरांत उग्रवादी हिंसा में मृत अलग-अलग व्यक्तियों के परिवार से 13 जनों को और सेवा काल में मृत सरकारी सेवकों के आश्रितों से संबंधित 34 मामलों में अनुकंपा आधारित स्थायी नियुक्ति प्रदान करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। बैठक दौरान सेवा काल में मृत सरकारी सेवकों के आश्रितों से संबंधित शेष मामलों पर आगामी 10 जनवरी 2025 को निर्धारित किये गये जिला अनुकंपा समिति की बैठक में विचार किया जाना है।





बैठक करते डीसी कुलदीप चौधरी व एसपी आशुतोष शेखर।

## भाजपा के सदस्यता अभियान की समीक्षा करने तीन जनवरी को टाटा आ रहे हैं आदित्य साहू



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर महानगर में भाजपा के सदस्यता अभियान को गति देने और अभियान की व्यापक सफलता सुनिश्चित करने के लिए आगामी 3 जनवरी को भाजपा झारखंड प्रदेश के महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद आदित्य साहू जमशेदपुर प्रवास पर आएंगे। इस दौरान वे महानगर के नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर सदस्यता अभियान की प्रगति की समीक्षा करेंगे और आगामी कार्ययोजना पर मार्गदर्शन देंगे। प्रदेश महामंत्री के प्रवास और बैठक की तैयारी को लेकर सोमवार को साकची स्थित जिला भाजपा कार्यालय में महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में जिला पदाधिकारियों, मोर्चा जिलाध्यक्षों, सदस्यता अभियान के जिला संयोजक और सह संयोजकों ने भाग लिया। बैठक में महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने सदस्यता अभियान के अब तक के कार्यों की जानकारी ली और अभियान की प्रगति पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। साथ ही, उन्होंने अभियान में और तेजी लाने का आह्वान किया। सुधांशु ओझा ने बताया कि आगामी 3 जनवरी को प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू के मार्गदर्शन में होने वाली बैठक कार्यकर्ताओं के लिए महत्वपूर्ण होगी। इस बैठक में अभियान की समीक्षा के साथ–साथ इसे और प्रभावी बनाने के लिए दिशा–निर्देश दिये जायेंगे।

## मानगो : नदी किनारे बसे 12 मकानों को ध्वस्त करने का जारी हुआ नोटिस

- 28 तक खाली नहीं किया गया घर, तो तोड़ दिये जायेंगे मकान

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** मानगो गुरुद्वारा रोड़ बैकुंठ नगर के अंतिम छोर में लगभग 35 वर्षों से रहने वाले लगभग एक दर्जन से अधिक लोगों को मानगो अंचलाधिकारी कार्यालय से अवैध निर्माण का हवाला देते हुए जगह को खाली करने की बात कही गई है नोटिस में कहा गया है कि अगर 28 जनवरी तक 35 वर्षों से अधिक समय से रह रहे लोगों ने अपना जगह नहीं छोड़ा तो राज्य सरकार बलपूर्वक उनके मकान को ढाह देगी। तिनका तिनका जोड़कर अपना मकान बनाकर अपने बाल बच्चों के साथ रहने वाले परिवार भयभीत हो गए हैं मकान हाथ से चले जाने के डर से लोगों ने खाना पीना छोड़ दिया है।




विकास सिंह के साथ प्रभावित होने वाले परिवार।

## जमीन अधिग्रहण, लंबित मुआवजा भुगतान और सर्वे कार्य को तेज करे विभाग: उपायुक्त

- समीक्षा कर डीसी ने दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** समाहरणालय सभागार जमशेदपुर में जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त श्री अनन्य मित्तल की अध्यक्षता में आहूत बैठक में विकास कार्यों, राजमार्ग निर्माण, रेलवे परियोजना आदि से संबंधित जमीन अधिग्रहण, लंबित मुआवजा भुगतान, सर्वे कार्य की समीक्षा किया गया। जिला भू अर्जन पदाधिकारी ने बताया कि पथ निर्माण विभाग अंतर्गत कुल 14 परियोजना संचालित है जिसमें 7 परियोजना में रैयतों को जमीन और मकान के मुआवजा वितरण की कार्रवाई की जा रही है, 7 अन्य में भू अर्जन की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। उपायुक्त ने लंबित भू अर्जन को लेकर विभागीय पदाधिकारी को निर्देशित किया कि चिन्हित परियोजनाओं के लिए सर्वेक्षण जल्द पूर्ण करें ताकि भू अर्जन की प्रक्रिया पूरी करते रैयतों को मुआवजा भुगतान किया जा सके।



## भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीला की कथा सुन भाव विभोर हुए श्रद्धालु



**जमशेदपुर।** गोलमुरी के टुइलाडुंगरी स्थित गाढ़ाबासा कम्युनिटी सेंटर में चल रहे भागवत कथा के पांचवें दिन सोमवार को व्यास पीठ से कथावाचक आचार्य आशुतोष तिवारी शांडिल्य जी महराज (अयोध्या धाम से आये) ने भगवान श्रीष्ण की बाल लीला, महारास लीला, उद्धव चरित्र प्रसंग की कथा का विस्तार से सुंदर वर्णन किया। कथा से पहले वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ पुरोहित शुभेन्द्र शास्त्री और सोनु पंडित ने पूजा अर्चना करायी। आज की यजमान समिति की अध्यक्ष पुष्पा सिंह ने पूजा की। भक्त भगवान सेवा समिति द्वारा आयोजित भागवत कथा का वाचन करते हुए महाराज ने कहा कि भगवान ष्ण के पैदा होने के बाद कंस उसको मौत के घाट उतारने के लिए अपनी राज्य की सर्वाधिक बलवान राक्षसी पूतना को भेजता है। पूतना वेश बदलकर भगवान श्रीष्ण को अपने स्तन से जहरीला दूध पिलाने का प्रयास करती है। लेकिन भगवान श्रीष्ण उसको मौत के घाट उतार देते हैं। उसके बाद कार्तिक माह में ब्रजवासी भगवान इंद्र को प्रसन्न करने के लिए पूजन का कार्यक्रम करने की तैयारी करते हैं।

## भक्त के भाव से ही प्रसन्न होते हैं भगवान शिव : बृजनंदन शास्त्री

- मानगो वसुन्धरा एस्टेट में शिवकथा के पांचवें दिन महाराज ने बेलपत्र की महिमा का बखान

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** मानगो एनएच 33 स्थित वसुंधरा एस्टेट में चल रहे श्री शिवकथा ज्ञान यज्ञ के पांचवें दिन सोमवार को कथा वाचक स्वामी वृजनंदन शास्त्री महाराज ने द्वादश ज्योतिर्लिंग, महादेव को अर्पित विल्वपत्र, ओंकारेश्वर, विश्वनाथ महाकाल कथा का विस्तार से वर्णन किया। महाराज जी ने कथा के माध्यम से भगवान श्री शिव के अलग-अलग रूपों की जीवंत झांकियों का दर्शन कराया। शिव कथा के दौरान हुए भजन संगीत कार्यक्रम एवं धार्मिक धुन पर श्रद्धालुओं ने नृत्य किया। उन्होंने बताया कि भोलेनाथ भक्त के भाव से ही प्रसन्न होते हैं। भगवान शिव नें भक्तों के कल्याण के लिए लिंग रूप में स्वयं को प्रकट किया है। इन द्वादश ज्योतिर्लिंगों के नाम का स्तोत्र नियमित पढने वाले को शिवलोक में स्थान प्राप्त होता है। साथ ही जो भक्त द्वादश ज्योतिर्लिंग का दर्शन कर लेता है। वह भी पाप मुक्त होकर शिव भक्ति का प्रसाद पा लेता है। बेल पत्र महिमा का बखान करते हुए महाराज श्री ने कहा कि सावन माह, शिवरात्रि या साप्ताहिक सोमवार को भगवान शिव जी की आराधना में बेल पत्र यानि बिल्व पत्रों का विशेष महत्व है। बेल पत्र के तीनो पत्ते त्रिनेत्रस्वरूप् भगवान शिव के तीनों नेत्रों को विशेष प्रिय हैं। बिल्व पत्र के पूजन से सभी पापो का नाश होता है। कथावाचक ने आगे कहा कि भगवान शिव कल्याण और सुख के मूल स्रोत हैं। कलियुग में शिव कथा के समान कोई भी कल्याणकारी सरल मार्ग नहीं है, क्योंकि शिव कथा से शरीर, वाणी व मन द्वारा किये हुए पाप धुल जाते हैं। भगवान शिव पर एक बेलपत्र और एक लोटा जल चढ़ाने से मनुष्य को सभी समस्याओं का हल मिलता हैं। भगवान शिव जन जन का कल्याण करते हैं। शिव कथा जीव के पूर्व जन्मों के समस्त पापों को दूर कर शिव पा का मार्ग प्रशस्त करती है। महाराज ने अपनी सुमधुर वाणी से कहा कि भगवान शिव की महिमा को यदि हम शब्दों में व्यक्त करना चाहे तो नहीं कर सकते क्योंकि उनकी ऊंचाई को यदि मापना चाहे तो आकाश के सामान और गहराई सागर के समतुल्य है।





कथा के दौरान आरती करते समाजसेवी ललित दास व विधायक पूर्णिमा दास व मेजबान उमाशंकर शर्मा और कथा सुनाते शास्त्री जी।

## राजस्थान सेवा समिति के पांच दिवसीय निःशुल्क पतंजलि बाल संस्कार शिविर का समापन



**जमशेदपुर।** राजस्थान सेवा समिति धर्मशाला, टेल्को ग्वाला बस्ती में पतंजलि योग परिवार, पूर्वी सिंहभूम द्वारा आयोजित पांच दिवसीय निःशुल्क पतंजलि बाल संस्कार शिविर का समापन वैदिक यज्ञ – हवन के साथ हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी ष्णा ओम कुमार ने कहा कि निरंतर योग का अभ्यास साधारण मानव को विशिष्ट बना देता है। योग से बहुमुखी प्रतिभा का विकास होता है। भावी पीढ़ी के भविष्य निर्माण के लिए आयोजित यह पांच दिवसीय पतंजलि बाल संस्कार शिविर बच्चों को एक आदर्श नागरिक बनने में काफी सहयोगी साबित होगा। समापन समारोह में पांच दिवसीय शिविर के दौरान संपन्न हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

## स्पीड न्यूज

### बंद नहीं होने देंगे यू-डाइस प्राप्त निजी विद्यालय, संघर्ष करेंगे : अविनाश वर्मा



मेदिनीनगर। शनिवार को प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन झारखंड ने बायपास रोड स्थित शांतिकुलम आवासीय विद्यालय में पलामू प्रमंडल में मौजूद गैर मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों के संचालकों ने एक बैठक की। जिसकी शुरुआत संगठन के संरक्षक अविनाश वर्मा, रामानुज सिंह, सन्नू सिद्दीकी, अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने माता सरस्वती पर माल्यार्पण कर की। संरक्षक अविनाश वर्मा ने कहा कि सरकार चाहे जितना प्रयास कर ले, जब तक निजी विद्यालय से संबंधित मामला न्यायालय में लंबित है तब तक किसी भी कीमत पर यू डाइस प्राप्त कोई भी निजी विद्यालय बंद नहीं होने देंगे। बैठक में करीब 64 विद्यालयों के संचालक थे।

### एक को मनेगा स्थापना दिवस : आशुतोष



मेदिनीनगर। रेड़मा ठाकुरबाड़ी मंदिर प्रांगण के सभागार में हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा सेक्युलर पार्टी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। जिलाध्यक्ष आशुतोष तिवारी ने कहा कि 1 जनवरी को भव्य तरीके से हर्षोल्लास पूर्वक पलामू जिला का स्थापना दिवस समारोह मनाया जायेगा। जिसमें बुधवार को प्रातः 9 बजे से पूजा अर्चना, दोपहर 1 बजे केक कटिंग होगा। संध्या में 3 बजे से प्रख्यात संगीतकार राम-श्याम बंधु सांस्कृतिक कार्यक्रम भी करेंगे। मौके पर जिला महासचिव भरत द्विवेदी, युवा नेता मजहर शाह, वारिस आलम, ओमप्रकाश विश्वकर्मा, टुनटुन सिंह, एससी-एसटी मोर्चा अध्यक्ष चंदन भुइयां, सुशील चंद्रवंशी समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### पाटन थाना प्रभारी को अविलंब बर्खास्त करें पलामू एसपी : संदीप सरकार




मेदिनीनगर। पलामू जिले में दलितों पर पुलिस उत्पीड़न की घटनाओं के खिलाफ उपयुक्त पलामू के कार्यालय के समक्ष भाकपा माले और दिहाड़ी मजदूर यूनियन की बैनर तले धरना प्रदर्शन किया गया। युवा नेता सह छतरपुर पाटन के पूर्व विधायक प्रत्याशी संदीप सरकार ने एसपी से पाटन प्रखंड के सगुना में दलित के साथ पाटन थाना प्रभारी से पिटाई मामले में कार्रवाई की मांग की। इस मामले में एसपी पाटन थाना प्रभारी को बर्खास्त करें। गहर पथरा कि होनहार दलित नौजवान कौशिक रंजन की हत्या की वज्रपात से मौत बतायी जा रही है।

### अधिवक्ता किशोर पांडे ने विष्णु जैन को दी बधाई : संभल-ज्ञानवापी मुद्दे पर चर्चा



मेदिनीनगर। पलामू विश्व हिंदू परिषद के विशेष संपर्क प्रमुख एवं आधिवक्ता किशोर पांडेय ने सुप्रीम कोर्ट में अपने पेशेवर कार्य के दौरान आधिवक्ता विष्णु जैन से मुलाकात की और विभिन्न चर्चा की। श्री पांडेय ने विष्णु जैन को उनके साहस और न्याय की लड़ाई में उनके योगदान के लिए बधाई दी। विष्णु जैन एक प्रसिद्ध आधिवक्ता हैं जो हिंदू धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए कई मामलों में शामिल रहे हैं। मौके पर सुप्रीम कोर्ट के कई अधिवक्ता,सीनियर अधिवक्ता, इंटर्न और स्टाफ समेत मीडिया टीम उपस्थित थी जिन्होंने विष्णु जैन की काम की सराहना की और उन्हें बधाई दी।

### डीएवी के साहिल राज एसजीएफआई में राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में लेंगे भाग




मेदिनीनगर। 1 से 8 जनवरी 2025 तक तात्या टोपे स्टेडियम भोपाल, मध्य प्रदेश में आयोजित होने वाले स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता शुरू हो रही है। इसमें 19 वर्ष आयु वर्ग में 10 मीटर एयर राइफल ओपन साइट प्रतियोगिता में एमके डीएवी डालटेनगंज के 12वीं कक्षा के छात्र साहिल राज सुपुत्र संजय कुमार प्रतिभाग करने जा रहे हैं। साहिल का चयन डीएवी कॉलेज प्रबंधक कर्तृ समिति दिल्ली ने किया है। डीएवी के झारखंड क्षेत्र आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी सह प्राचार्य एमके डीएवी डॉ जीएन खान ने साहिल को अग्रिम शुभकामनाएं दी। उन्होंने बताया कि साहिल राज विद्यालय के खेल शिक्षक मयंक सिंह साथ हावड़ा भोपाल एक्सप्रेस से भोपाल के लिए रवाना होंगे।

### मजदूर यूनियन ने किया धरना-प्रदर्शन



मेदिनीनगर। पलामू में दलितों पर पुलिस उत्पीड़न के खिलाफ भाकपा माले और दिहाड़ी मजदूर यूनियन ने उपायुक्त कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया। जिसमें वक्ताओं ने दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग की। कहा गया कि 28 नवंबर को पाटन थाना के सगुना में उसी गांव के दलित फूला देवी को बेरहमी से पीटा था। वहीं पांडू थाना के कजरू कला में दलित परिवार के साथ बर्बरता की गयी। दोनों घटनाओं में दलितों पर झूठे केस हुए। वे डरे-सहमे हैं। मौके पर रविंद्र भुइयां, राजीव रंजन, त्रिलोकी नाथ, खुशबू कुमारी, पवन विश्वकर्मा, कपिल प्रजापति, प्रदीप विश्वकर्मा आदि थे।

### इप्टा ने दी पूर्व पीएम अर्थशास्त्री डॉक्टर मनमोहन सिंह के निधन पर श्रद्धांजलि



मेदिनीनगर। डॉ मनमोहन सिंह पीएम रहते जितना प्रतिष्ठित नहीं थे आज उनके निधन के बाद देश का इंटेलेक्चुअल उनकी गंभीरता को महसूस करने लगा है। 10 वर्षों के उनके कार्यकाल में कहा गया कि मौन रहने वाले पीएम हैं। मैं महसूस करता हूं कि बोलना तो बेहतर है परंतु खामोशी के साथ कार्य करना ज्यादा बेहतर है। अपनी खामोशी पर उठे सवाल पर कहा था- हजारों जवाबों से बेहतर है मेरी खामोशी/न जाने कितने सवालों को आबरू रख लिये। उक्त बातें इप्टा की संस्कृतिक पाठशाला की 60वीं कड़ी में पूर्व पीएम अर्थशास्त्री डॉ मनमोहन सिंह की श्रद्धांजलि सभा में कांग्रेस के शिक्षा विभाग के प्रांतीय अध्यक्ष श्याम नारायण सिंह ने कही।

---

### चेंबर महिला विंग ने किया महिला हुनर हार्ट 2025 का आयोजन

# भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देना लक्ष्य: प्रियंका सिंघानिया

- प्रथम महापौर की प्रेरणा से महिलाओं एवं युवाओं के हुनर को प्रोत्साहित करना उद्देश्य : शिखा अग्रवाल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

मेदिनीनगर। गांधी उद्यान में पलामू चैंबर आफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज लेडीज विंग ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि मेदिनीनगर शहर में पहली बार प्रथम महापौर अरुणा शंकर के मार्गदर्शन में 12 जनवरी अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर गांधी उद्यान में बड़े शहरों की तर्ज पर युवाओं एवं महिलाओं के हुनर को बढ़ावा देने के लिए चेंबर महिला विंग महिला हुनर हार्ट 2025 का आयोजन कर रहा है। जहां ग्रामीण एवं शहरी महिलाओं के बनाये पारंपरिक अच्छे-अच्छे व्यंजन का लुत्फ निगम वासी उठा सकेंगे।



**खास बातें :** शहर एवं ग्रामीण महिलाओं की बनायी सामग्रियों की प्रदर्शनी और बिक्री भी होगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस कर महिला विंग की अध्यक्ष प्रियंका सिंघानिया ने बताया कि मेले में पारंपरिक व्यंजन के साथ पलामू के ग्रामीण एवं शहरी इलाकों में छिपे हुनर को निखारना एवं भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देना इस मेले का उद्देश्य है जिसके लिए हमलोगों ने कई शो भी हुनर हार्ट मेले में ऑर्गेनाइज किया है। जिसमें 10 से 18 वर्ष तक की छात्राओं द्वारा भारतीय संस्कृति से जुड़ी डांस शो, 1 वर्ष से 4 वर्ष तक के बच्चों का तीन भाग में बेबी रैंप शो, रोज (गुलाब) शो, डॉग शो, 18 वर्ष तक के बच्चों का स्केटिंग शो, 18 वर्ष से 30 वर्ष तक के युवाओं का बेस्ट फिजिक शो बाई जिम, भारतीय परिधानों का बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले 18 वर्ष से 25 वर्ष तक के युवा युक्तियों के लिए मिस्टर एंड मिस मेदनीनगर का भी आयोजन किया गया है ताकि आज की युवा पीढ़ी को पता चल सके कि हमारे भारतीय परिधान हमारी संस्कृति है और उसमें भी हम अच्छे लग सकते हैं। संस्था की सचिव शिखा अग्रवाल ने बताया कि मेले को रोचक बनाने के लिए तंबोला के साथ-साथ लकी ड्रा का भी आयोजन किया गया है जिसे हर एक घंटे निकाला जायेगा।

# तोलरा की आस्था को गुजरात में मिला गोल्ड व सिल्वर मेडल

**खबर मन्त्र संवाददाता**




बिश्रामपुर पलामू। प्रखंड के तोलरा की होनहार बिटिया आस्था को गुजरात के अहमदाबाद ट्रांसटैडिया स्टेडियम में आयोजित 19वें इस्कु इंटरनेशनल कराटे कप 2024 में एक गोल्ड व एक सिल्वर मेडल मिला है। जानकारी देते हुए आस्था के पिता (पुलिस बल में पुलिस महानिदेशक रांची कार्यालय में पदस्थापित) ने बताया कि आस्था बचपन से ही कराटे में सैकड़ों ट्राफियां और मेडल जीत चुकी है। कई राज्यों में अपने विद्यालय से चयनित होकर जीत का जश्न मनायी है। आस्था ने बताया कि अभी शुरुआत है। वह दिन दूर नहीं जब अपने राज्य व देश के लिए गोल्ड जीतूंगी। आस्था खेल के साथ पढ़ाई में भी अव्वल है। इधर, गुजरात से मेडल लेकर आने पर ग्रामीणों ने बधाई दी, जिसमें महिला नेत्री नूतन देवी, बिश्रामपुर प्रमुख रंभा देवी, उपप्रमुख सतेंद्र सिंह, केतात पंचायत के समाजसेवी रविशंकर चौबे उर्फ सेठ चौबे, पंजरी कला के प्रवीण मिश्रा, कांग्रेस बिश्रामपुर प्रखंड अध्यक्ष सह बीस सूत्री उपाध्यक्ष रविंद्र शुक्ला उर्फ गुड्डु, तोलरा के अरुण त्रिवेदी, शिक्षक सुमंत तिवारी, सुनिल ठाकुर, अरुण त्रिवेदी ने उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना दी।

# नकली शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़ स्प्रिट और शराब की बोतल जब्त

- मुखिया के पुत्र समेत कई लोग मिलकर चला रहे थे नकली शराब की फैक्टरी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

मनातू (पलामू)। रविवार की रात उत्पाद विभाग ने नकली शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में स्प्रिट, शराब की बोतल, स्टीकर, ढक्कन समेत अन्य सामान जब्त किये गये। 45.150 लीटर नकली शराब भी जब्त किया गया है। बताया जाता है कि अंग्रेजी शराब की दुकान में नकली शराब के फैक्ट्री का संचालन किया जा रहा था। मनातू में नकली शराब बनाकर बिहार समेत कई राज्यों में सप्लाई किया जा रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर उत्पाद विभाग के पदाधिकारी ने कार्रवाई करते हुए नकली शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिला था कि मनातू में नकली शराब की फैक्ट्री का संचालन किया जा रहा है। स्थानीय थाना पुलिस के सहयोग से बीती रात मनातू बाजार स्थित मनीष कुमार और पवन कुमार गुप्ता के घर छापेमारी किया गया। जहां से भारी मात्रा में नकली शराब के साथ शराब बनाने वाले उपकरण जब्त किया गया। पुलिस ने घटनास्थल से अभियुक्त पवन कुमार गुप्ता पिता स्वर्गीय महेंद्र प्रसाद को गिरफ्तार कर लिया।



जब्त सामग्री के बारे में जानकारी देती मनातू पुलिस।

**मुख्य बातें**

एक आरोपी मनीष कुमार पिता उमेश प्रसाद मौके से भागने में सफल रहा है। बताया जाता है कि मनीष कुमार के पिता उमेश प्रसाद पूर्व विधायक के करीबी है और मनीष के मां मुखिया भी हैं। चर्चा है कि राजनीतिक दल के सांठगांठ में नकली शराब की फैक्ट्री का संचालन किया जा रहा था। यहां से नकली शराब बनाकर बिहार समेत कई राज्यों में बड़े पैमाने पर सप्लाई हो रहा था। इस खेल में राजनीतिक दल के नेताओं का संरक्षण होने की बात कही जा रही है। छापेमारी दल में अनूप प्रकाश समेत पलामू पुलिस के कई जवान मौजूद थे।

# श्मशान घाट की भूमि को भू माफियाओं से बचाने की ग्रामीणों ने लगायी गुहार

फोटो : 30 डाल 20

फोटो : अंचलाधिकारी को आवेदन देते ढेला गांव के ग्रामीण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

नीलांबर पितांबरपुर। ढेला गांव के श्मशान घाट के जमीन पर अवैध कब्जा करने का मामला प्रकाश में आया है। गत शनिवार एवं रविवार को जमीन पर कब्जा करने पहुंचे लोगों का ग्रामीणों ने विरोध किया। मामला ढेला गांव के खाता संख्या 164 प्लॉट संख्या 366 में स्थित श्मशान घाट का है। मामले को लेकर सोमवार को ग्रामीणों ने श्मशान घाट से जुड़े दस्तावेज सौंपते हुए अंचलाधिकारी से उक्त भूमि को बचाने की गुहार लगायी। अंचलाधिकारी को दिए आवेदन में बताया गया है कि गांव के इमामुद्दीन अंसारी के पुत्र कयूम अंसारी के द्वारा उक्त भूमि का अवैध बिक्री के उद्देश्य से भूमि का अवैध सीमांकन एवं कब्जा कराया जा रहा था। सूचना के बाद ग्रामीण वहां जुटे और उसका विरोध किए। ग्रामीणों ने उक्त जमीन को कानूनी प्रक्रिया के तहत संरक्षित करने का मांग किया है ताकि श्मशान घाट की जमीन को लेकर कोई अप्रिय घटना नहीं घाटे। बताया गया है कि उक्त भूमि पर ग्रामीण पूर्वजों से ही दाह संस्कार एवं पशु चराने का काम करते आये हैं।

**सीओ की रिपोर्ट में दर्ज है श्मशान घाट के नाम 60 डिसमिल जमीन**

ढेला गांव के खाता नं 164 प्लॉट नं 366 जिसका रकवा 11 एकड़ 84 डिसमिल है। इसकी किस्म गैरमजरुआ मालिक है। बंदोबस्ती से जुड़े एक केस की सुनवाई में सीओ ने 20.06.1996 को जारी निर्णय में बताया गया है कि विभिन्न मंगधारियों की मांग लगान निर्धारण के बाद चल रही है एवं 60 डिसमिल जमीन श्मशान में चली गयी है।



**इन्होंने सौंपा ज्ञापन :** सीओ को ज्ञापन देने वलों में वीरेंद्र प्रसाद, उपमुखिया अनुज कुमार, मंदीप श्रीवास्तव, डब्लू सिन्हा, रौशन कुमार, कुणाल, सुजीत, जोखन राम, देवकी राम, विश्वनाथ भुईयां, बहादुर राम, गुड्डू लाल, पिंटू राम, कौशल कुमार, परदेशी राम समेत अन्याकाई ग्रामीण शामिल थे।

# पथ में गड्ढा खोदकर छोड़ देने से राहगीरों को हो रही भारी परेशानी

**मनीष दूबे**

- आदिवासी टाना भगत समाज के लोगों ने मंदिर प्रांगण में की बैठक
- संवेदक द्वारा नावा जयपुर मनातु मुख्य पथ से पोखरिया तक सड़क निर्माण नहीं करने पर आदिवासी टाना भगत के ग्रामीणों ने किया विरोध

पाटन पलामू। पोखरीया के आदिवासी टाना भगत समाज के लोगों ने पोखरीया शिव मंदिर प्रांगण में बैठक की। जिसमें नावा खास मुखिया मनोज कुमार, पंसस अखिलेश यादव, पूर्व पंसस मनोज यादव, नवल राम, मगर देव उरांव, प्रदीप उरांव, आदित्य प्रजापति, पवन कुमार प्रजापति, रमेश उरांव, कपील देव, टाना भगत परीमार, टाना भगत, जवाहर उरांव, मुकेश कुमार, विरेंद्र यादव, राम नरेश यादव सहित सैकड़ों ग्रामीण थे। बैठक में नावा जयपुर मनातु मुख्य पथ से पोखरिया तक सड़क निर्माण संवेदक द्वारा नहीं करने पर घोर विरोध किया। सरकार राज्य में टाना भगत के लिए कई योजनाएं चला रही है लेकिन इन गांवों में इन समाज के लोगों के लिए आवागमन के लिए बेहतर पथ भी नहीं है।



# सीएम हेमंत के कार्यकाल में शिक्षा स्वास्थ्य से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं : राधाकृष्ण किशोर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- वित्त मंत्री ने मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल के अधिकारियों के साथ की बैठक
- बालाजी कंपनी के कर्मियों के हाजिरी बही को किया जब्त अपर समाहर्ता करेंगे मामले की जांच

मेदिनीनगर। झारखंड के वित्त मंत्री सह छतरपुर पाटन विधायक राधाकृष्ण किशोर मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज व अस्पताल के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में अस्पताल की साफ सफाई, अनुबंध आधारित स्वास्थ्यकर्मियों के कार्यशैली तथा नोडल एजेंसी बालाजी कंपनी के कार्य प्रणाली एवं अस्पताल में कार्यरत चिकित्सक व स्वास्थ्यकर्मियों की उपस्थिति, भर्ती मरीजों की उपचार के अलावे आयुष्मान भारत के तहत मिलने वाली सुविधा पर विचार विमर्श किया। बैठक में उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज में 135 सफाईकर्मियों की जरूरत है। वहीं बालाजी कंपनी के द्वारा 51 सफाईकर्मियों को तैनात किया गया है इसमें 47 सफाईकर्मी अपनी हाजिरी बनाते हैं। इसपर मंत्री ने आक्रोश में हाजिरी बही को जब्त कर लिया।



### कार्यकर्ताओं संग पूर्व सीएम से मिले पूर्व सांसद




पाटन पलामू। पाटन एवं पड़वा प्रखंड के दर्जनों भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ पूर्व सांसद मनोज कुमार ओडिशा के पूर्व राज्यपाल सह राज्य के पूर्व सीएम रघुवर दास से मुलाकात की। इस दौरान उनके साथ पड़वा के पूर्व मंडल अध्यक्ष यमुना सिंह, अंजय सिंह, अजीत मेहता, विनय सिंह, वशिष्ठ मेहता सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे। मौके पर उन्होंने पूर्व राज्यपाल से पार्टी की मजबूती पर चर्चा की।

### समय पर कंबल बंटवाये सरकार : लवली गुप्ता



पांकी (शिवशंकर पासवान)। बढ़ती ठंड के मद्देनजर पांकी प्रखंड के नुरु पंचायत के खाडपर व देवी मंडप के आसपास रहने वाले असहायों व वृद्ध जनों के बीच भाजपा नेत्री लवली गुप्ता ने कंबल बांटे। झारखंड सरकार को निशाना साधते हुए लवली ने कहा कि इस बार प्रशासन गरीबों के प्रति संवेदनहीन नहीं है। सरकार का अभी तक कंबल नहीं बांटना दुर्भाग्यपूर्ण है। मौके पर समाजसेवी अनूप प्रसाद गुप्ता, उपेंद्र गुप्ता, सकेंदर राम, अशर्फी भुइयां, मुसाफिर भुइयां, फूलवा कुंवर, अजय राम सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

### हुसैनाबाद पुलिस ने की एंटी क्राइम चेकिंग



हुसैनाबाद पलामू। नये साल के आगमन और इस वर्ष की विदाई से पहले अपराधों पर नियंत्रण को लेकर पलामू एसपी के निर्देश पर हुसैनाबाद थाना के एसआई सुबोध कुमार के नेतृत्व में हुसैनाबाद के पटेल चौक पर पुलिस ने एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया। इसका उद्देश्य क्षेत्र में अपराध पर रोक और नागरिकों की सुरक्षा को सुनिश्चित करना था। पुलिस पदाधिकारियों ने बताया कि अभियान आगामी दिनों में भी जारी रहेगा।

### प्रखंड स्तरीय रबी कर्मशाला का आयोजन



नीलांबर पितांबरपुर पलामू। प्रखंड कार्यालय सभागार में रबी कर्मशाला की गयी। जिसमें प्रखंड प्रमुख सुनील पासवान, 20 सूत्री अध्यक्ष नंदकिशोर सिंह, बीडीओ सह सीओ सुनील सिंह भी थे। रबी कर्मशाला में किसानों को उन्नत कृषि संबंधी सहित पशुपालन की जानकारी दी गयी। साथ ही सरकार की योजना के बारे में प्रखंड तकनीकी प्रबंधक प्रकाश रंजन एवं प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ प्रमोद कुमार ने बारीकी से किसानों को बताया एवं लाभ के उपाय बताये। साथ ही मुर्गी पालन,सुअर पालन,पशु पालन की अनुदान के साथ मिलने वाला फायदा बताया गया। किसान क्रेडिट कार्ड की जानकारी दी गयी।

## हुसैनाबाद में श्रीरामलीला संपन्न रामभक्तों को दी भावपूर्ण विदाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- श्रीरामलीला प्रभु श्रीराम का जीवंत चित्रण है, जिससे हमें जीवन जीने और संस्कृति की प्रेरणा मिलती हैं : रविन्द्र सिंह

हुसैनाबाद पलामू। स्थानिय चारधाम मंदिर परिसर में आयोजित श्रीरामलीला मंचन कार्यक्रम रविवार की देर रात हो गया। रविवार को उत्तर प्रदेश प्रयागराज क्षेत्र के रामायण मंडल के धर्मदेव जी ब्यास व उनके मंडली ने प्रभु श्रीराम के जीवंत चित्रण की प्रस्तुति दी। कलाकारों ने रावण वध व प्रभु श्रीराम का राज्याभिषेक के साथ ही श्रीरामलीला किया। प्रस्तुत श्रीराम के जीवंत अभिनय से दर्शक भाव विभोर व मंत्रमुग्ध हो गये। श्रीराम के जयकारा से क्षेत्र भी पूरा राममय हो गया। श्रीरामलीला देखने जुटे रामभक्तों ने जय श्रीराम का जयकारा लगाकर कलाकारों को प्रोत्साहित किया। उनका उत्साहवर्धन किया।





### कचहरी और रेड़मा चौक के पास चला सघन जांच

मेदिनीनगर। ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने कचहरी चौक एवं रात में रेडमा चौक के पास सघन जांच अभियान चलाया। जिसमें चार पहिया एवं दोपहिया वाहनों की जांच की गयी। ब्रेथ एनालाइजर से शराब पीने वाले चालकों की जांच की गयी। जिसमें 01 बाइक चालक शराब पीकर गाड़ी चला रहा था और एक कार के चालक भी शराब पीकर गाड़ी चला रहा था।

## पैक्स में मनमानी रोकें, नहीं तो केंद्र में तालाबंदी करेगा जेएलकेएम: ओमकारनाथ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

पांकी पलामू। पांकी विधानसभा में धान क्रय केंद्र यानी पैक्स में अगर मनमानी नहीं रुकी तो जेएलकेएम के पदाधिकारी व कार्यकर्ता पांकी विधान सभा के सभी धान खरीदी केंद्र पैक्स पर ताला बंदी करेंगे। उक्त बातें पांकी के पूर्व प्रत्याशी ओंकार नाथ जायसवाल ने कही। वे किसानों की शिकायत पर बोल रहे थे। श्री जायसवाल ने कहा कि धान क्रय केंद्र पर एक क्विंटल की जगह पर एक क्विंटल 5 किलो धान लिया जा रहा है एवं रेट में भी कम किसानों को दिया जा रहा है जो काफी कम है अगर किसान धान के केंद्र पर इसकी शिकायत करते हैं तो उन्हें डांट फटकार कर भगा दिया जाता है। साथ में किसानों को धमकी भी दिया जाता है। श्री जायसवाल ने कहा कि सरकार का रेट वैसे भी बहुत कम है जिससे किसान परेशान हैं।



### नर्सरी : ज्ञान निकेतन में हुई अभिभावकों और शिक्षकों की बैठक

# बच्चों के शैक्षणिक विकास पर चर्चा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

मेदिनीनगर। विमला पाण्डेय मेमोरियल ज्ञान निकेतन स्कूल में नर्सरी वर्गों के अभिभावक शिक्षक बैठक हुई, जिसमें तृतीय सावधिक परीक्षा के अंक पत्र का वितरण किया गया तथा बच्चों के शैक्षणिक विकास पर चर्चा की गयी। मौके पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इसमें सदर सीओ अमरदीप सिंह बलहोत्रा विशिष्ट अतिथि थे। सीओ ने विद्यालय में नवनिर्मित कंपोजिट साइंस लैब तथा मैथ्स लैब का उद्घाटन भी किया। अभिभावकों से बैठक में विद्यालय के उतरोतर विकास के लिए सुझाव भी आमंत्रित किये गये, जिसके आधार पर अगले सत्र में कई नए कदम उठाने का निर्णय लिया गया। इन निर्णयों में संगीत एवं आर्ट की शिक्षा को बढ़ावा देना तथा बच्चों की बोलचाल की भाषा में अंग्रेजी के प्रयोग पर बल देना प्रमुख है। कार्यक्रम का आरंभ विशेष अतिथि श्री बलहोत्रा, विद्यालय के अध्यक्ष बलिराम शर्मा तथा प्राचार्य मनोहर पांडेय ने किया। विद्यालय के एकेडमिक निदेशक शंकर दयाल ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों से केवल अधिक से अधिक नंबर लाने की अपेक्षा पर्याप्त नहीं है, बल्कि वे कैसे सुशिक्षित और बेहतर इंसान बनें, इसपर ध्यान देना जरूरी है और इसके लिए माता-पिता को स्वयं अपने विचार और व्यवहार से उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए।



**खास बातें :** विद्यालय प्रभारी मनोज श्रीवास्तव ने धन्यवाद ज्ञापन किया और विद्यालय की ओर से सबों को नए वर्ष की शुभकामनाएं दी। जिसकी रूपरेखा नर्सरी विंग की प्रभारी पूजा दुबे तैयार की थी, जिसमें नर्सरी विंग की शिक्षिका आराधना दुबे, सौम्या कुमारी, गुड़िया कुमारी, कंचन कमल, स्नेहलता, निताशा सहाय, रिंकी सिंह, शकुंतला गुप्ता, सुमन खलको, राधिका शर्मा, तृप्ति कुमारी, निधि कुमारी, अर्चना द्विवेदी, पूजा सिंह ने सक्रिय सहयोग दिया।

### नव वर्ष के स्वागत में संत मरियम के शिक्षकों के लिए पिकनिक का आयोजन

मेदिनीनगर। साल 2024 किसी के लिए सुखद रहा तो किसी के लिए दुखद भी। साल 2024 को लोग विदा कर 2025 के स्वागत के लिए काफी उत्साहित हैं जिसे लेकर संत मरियम विद्यालय के तत्वाधान में समस्त शिक्षकों व कर्मचारियों के लिए पिकनिक का आयोजन किया गया। पिकनिक स्थल जंगल व नदी के तट का मनोरम दृश्य आकर्षण रहा। विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव, प्रधानाचार्य कुमार आदर्श, उप्राचार्य एस. वी. शाहा समन्वयक समेत समस्त वरिष्ठ शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने एक साथ बैठकर लजीज व्यंजनों का लुफ्त उठाया, वहीं लॉर्ड स्पीकर में बज रहें प्रेरक गीतों पर झूमने के साथ-साथ वॉलीबॉल, बैडमिंटन, बैलून ब्लास्ट, कबड्डी जैसे कई खेलों का आनंद भी लिया।

# मार्कंडेय तिवारी बने यज्ञ समिति अध्यक्ष

**खबर मन्त्र संवाददाता**



मार्कंडेय तिवारी।

चैनपुर पलामू। प्रखंड के महुगावां पंचायत के ग्राम ताली में आयोजित होने वाला श्री रामचरितमानस नवाह्न पारायण पाठ में यज्ञ का 16वां अधिवेशन के अध्यक्ष मार्कंडेय तिवारी को सर्वसम्मति नाम को मनोनीत किया गया। वहीं उपाध्यक्ष राघवेन्द्र तिवारी, नारायण तिवारी, अविनाश कुमार तिवारी, कर्मदेव तिवारी, मनोज तिवारी सचिव आशुतोष नारायण तिवारी, उदय तिवारी संयोजक अभिनव तिवारी, अक्षय तिवारी को मनोनीत किया गया। श्री रामचरितमानस नवाह्न पारायण पाठ में यज्ञ का 16वां अधिवेशन दिनांक 4 से 12 फरवरी तक आयोजित किया जायेगा। यह आध्यात्मिक कार्यक्रम यज्ञ समिति ताली द्वारा आयोजित किया जा रहा है और इसकी अध्यक्षता मार्कंडेय तिवारी करेंगे। यह ताली में श्रद्धालुओं के लिए एक महत्वपूर्ण धार्मिक अवसर होगा। मौके पर विशेष आकर्षण अंतिम दिन, 12 फरवरी 2025 को भंडारा और रामलीला का मंचन होगा। मौके पर बिशाल तिवारी, सुरज तिवारी, बिकेश तिवारी (विक्की), दिवाकर, उमाकांत, मनीष, अंकित, अजीत शामिल थे।

सुप्रभात

मंगलवार 31.12.2024

धनबाद, वर्ष 01, अंक 250

epaper.khabarmantra.net

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित    सबकी बात सबके साथ



### योजनाओं की लचर व्यवस्था पर उप विकास आयुक्त ने लगाई फटकार, कहा

## अधिकारी अपनी कार्यशैली में लाये सुधार

▸▸ लचर व्यवस्था पर डीडीसी सादात अनवर ने असंतोष व्यक्त किया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना ( ग्रामीण ), मनरेगा सहित ग्रामीण विकास विभाग की अन्य योजनाओं की लचर व्यवस्था पर डीडीसी सादात अनवर ने असंतोष व्यक्त किया है। सोमवार को डीआरडीए सभागार में योजनाओं की समीक्षा के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड समन्वयक, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक, रोजगार सेवकों को कड़ी चेतावनी देते हुए कार्यशैली में सुधार लाने तथा कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया।

डीसीसी में सभी को जमीनी स्तर पर काम करने, सफाई नहीं देकर कार्य का संपादन करने, योजनाओं की निरंतर निगरानी करने, लंबित योजना को पूरा करने, डीएमएफटी फंड से ली जाने वाली योजनाओं के लिए ग्राम सभा कराने का निर्देश दिया।



**बैठक में थे मौजूद**

बैठक में निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, प्रोजेक्ट ऑफिसर मनोज कुमार, जिला समन्वयक सुशांत कुमार, सभी प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक, प्रखंड समन्वयक मौजूद थे।

### गिरिडीह में अनधिकृत क्लीनिक के विरुद्ध चलाया जाएगा अभियान

## उपायुक्त ने छापेमारी दल का किया गठन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गिरिडीह।** गिरिडीह उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने जिले में अनधिकृत रूप से बिना लाइसेंस के संचालित क्लीनिक के विरुद्ध कार्रवाई के लिए छापेमारी दल का गठन किया और गहन अभियान चलाने का निर्देश दिया, जिससे अवैध रूप से संचालित क्लिनिक को बंद कराया जा सके। उन्होंने प्लान पर चर्चा कर प्रखंड एवं जिला स्तर पर लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने नए अल्ट्रासाउंड केंद्र के लिए प्राप्त आवेदन की उचित समीक्षा के बाद उन्हें प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। कार्यालय प्रकोष्ठ में पी सी एंड पी एण्ड डी टी एक्ट से संबंधित बैठक में उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ मुहिम के तहत गिरिडीह जिले में लिंग अनुपात में सुधार के प्रयास जारी हैं। उन्होंने बताया कि गर्भधारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम 1994 का मुख्य उद्देश्य लिंग आधारित आधारित गर्भपात पर प्रतिबंध लगाकर गिरते लिंगानुपात को सुधारना है। बैठक में सिविल सर्जन, उपाधीक्षक, सदर अस्पताल, अध्यक्ष, आई एम ए शाखा, गिरिडीह, डॉ सोहेल अख्तर, नामित नोडल पदाधिकारी, श्रीमती मेघा शर्मा, महिला चिकित्सा पदाधिकारी, सदर अस्पताल, श्री विनय कुमार सिंह, सेवानिवृत इंजीनियर सह समाजसेवी, श्री रामानंद सिंह, सेवानिवृत आई.ए.एस सह समाजसेवी, अजय कुमार सिंह अधिवक्ता, सिविल कोर्ट गिरिडीह व अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।




### स्पीड न्यूज

#### 8 लेन रोड पर दो कारों के बीच टक्कर, कई लोग जख्मी

**कतरास।** ईस्ट बसुरिया ओपी अंतर्गत एट लेन में माधुरी मैरेज हॉल के समीप दो कार के बीच टक्कर हो गई। घटना में कई लोगों को चोट आयी है। दोनों कार क्षतिग्रस्त हो गई, जिसे पुलिस ओपी ले गई । प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि रफ्तार तेज होने के कारण दोनों कार अनियंत्रित होकर टकरा गयी।

#### मारवाड़ी महिला समिति ने गो सेवकों को गर्म वस्त्र दिये

**कतरास।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समिति कतरास के द्वारा सोमवार को श्री गंगा गोशाला गो सेवकों के बीच कंबल, स्वेटर सहित खाद्य पदार्थ का वितरण किया। समिति के सदस्यों ने गो माता का आशीर्वाद लिया। समिति की अध्यक्ष ऋतु अग्रवाल, प्रियंका चौधरी, नितु अग्रवाल, मीना अग्रवाल, मीना अग्रवाल, राखी चौधरी, संगीता जालान, कविता अग्रवाल, संगीता केडिया आदि मौजूद थी।

#### झामुमो ने चार नेताओं को पार्टी से छह साल के लिए निकाला

**मैथन।** झामुमो के सक्रीय कार्यकर्ता अरूणव सरकार, रंजीत बाउरी, बोदीलाल हांसदा और निर्मल मण्डल को छह वर्ष के लिये पार्टी से निष्कासित कर दिया है। पार्टी के केन्द्रीय महासचिव विनोद कुमार पाण्डे ने झामुमो के धनबाद जिला कार्य समिति की अनुशंसा पर यह कार्रवाई की है। इस बाबत श्री पाण्डे ने चारों को पत्र भेज यह जानकारी दी है।

#### पटना साहिब स्टेशन पर 20 जोड़ी ट्रेनों का अस्थाई ठहराव


**धनबाद।** श्री गुरु गोविंद सिंह महाराज के 358वें प्रकाश पर्व के अवसर पर 30 दिसंबर से 12 जनवरी तक पटना साहिब स्टेशन पर गाड़ी संख्या 13331/13332 धनबाद_ पटना इंटरसिटी एक्सप्रेस सहित 20 जोड़ी ट्रेनों का 02 मिनट का अस्थायी ठहराव होगा। इसमें हावड़ा, आसनसोल, गोड्डा, भागलपुर, अलीपुरद्वार, राजगीर आदि स्थानों से खुलने वाली कई ट्रेनें शामिल है।

# मैथन: मुगमा में रेलवे ने बुलडोजर चलाकर किया दर्जनों घर ध्वस्त

### फ्रेड कॉरीडोर निर्माण के लिए क्षेत्र को कराया गया अतिक्रमण मुक्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मैथन।** आसनसोल रेलमंडल द्वारा मुगमा रेलवे क्रॉसिंग के समीप शिवडंगाल में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। फ्रेड कॉरीडोर निर्माण की जद में आने वाले क्षेत्र में अवैध कब्जा जमाये लोगों को हटाया गया। शिवडंगाल में रेलवे की जमीन पर वर्षो से अवैध रूप से रह रहे लोगों के घरों को हटाने के लिए आरपीएफ फोर्स के साथ आसनसोल डीआरएम की टीम पहुंची। डीआरएम की टीम की देखरेख में तीन बुलडोजरों की मदद से दर्जनों घरों को ध्वस्त किया गया। घरों पर बुलडोजर चलता देख वर्षो से रह रहे लोगों की आंख से आंसू छलक पड़े। हालांकि पदाधिकारियों को लोगों के आक्रोश का भी समाना करना पड़ा।





स्थानीय लोगों का कहना था कि दो दिन पहले ही रेलवे ने सूचना दी कि सभी को अतिक्रमण मुक्त करना है और आज सुबह बुलडोजर चलाने लगे। हम लोगों को कुछ और समय मिलना चाहिए था। विस्थापन की भी व्यवस्था होनी चाहिए थी, जो किसी ने नहीं की। इस कंप कपाती ठंड में हम कहां जाएंगे, इसके लिए भी कोई व्यवस्था नहीं की गई है।

मौके पर सीनियर सेक्सन इंजीनियर शिव कुमार ने कहा कि यहां डीएफसी यार्ड का डेवलपमेंट होना है। इसी को लेकर आज 60 घरों को तोड़ा जा रहा है। छोटाअम्बोना तक लगभग 130 घरों को हटाया जाना है। अतिक्रमण मुक्त कराने का यह अभियान शुरू हो गया है। कुमारधुबी में यह अभियान 6 जनवरी और 13 जनवरी को भी चलाया जाएगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य फ्रेड कॉरिडोर का निर्माण करना है। अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान भारी संख्या में रेल पुलिस एवं निरसा थाना का पुलिस बल भी मौजूद था।

### कार से टकरा कर बाइक सवार घायल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जामताड़ा।** गोविंदपुर-साहिबगंज हाईवे पर नारायणपुर थाना क्षेत्र के बरियारपुर के पास सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे प्राथमिक उपचार सीएससी नारायणपुर में करने के बाद बेहतर इलाज के लिए धनबाद भेज दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार पश्चिम बंगाल की कुल्टी निवासी मोहम्मद आजाद अंसारी बुलेट बाइक से बिहार के झाझा से अपने घर कुल्टी लौट रहे थे। तभी बरियारपुर के पास सड़क पर एक गाय आ जाने के कारण उनका संतुलन बिगड़ गया और उनकी बुलेट बाइक पास खड़ी एक कार से टकरा गई, जिसमें मोहम्मद आजाद अंसारी गंभीर रूप से घायल हो गए। 108 एंबुलेंस की मदद से तत्काल उन्हें उपचार के लिए सीएससी नारायणपुर में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर इलाज के लिए धनबाद रेफर कर दिया गया है।



### आर्थिक उदारीकरण के नायक डॉ मनमोहन सिंह ने बदल दी थी देश की दिशा और दशा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जोड़ापोखर।** जामाडोबा कांग्रेस नेत्री अनुपमा सिंह के आवासीय कार्यालय राष्ट्रीय कोलयरी मजदूर यूनियन कार्यालय में आर्थिक नीति के नायक पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। 2 मिनट का मौन रखा गया, तत्पश्चात उनके तैल्य चित्र पर पुष्प अर्पण किया गया।

वक्ताओं ने कहा कि शिक्षक और प्रशासक के रूप में उन्होंने राष्ट्र सेवा के लिए खुद को समर्पित कर दिया। उदारीकरण की नीतियों को लागू किया, जिससे भारतीय अर्थव्यवस्था को गति मिली और देश आर्थिक संकट से बाहर निकलकर वैश्विक मंच पर एक मजबूत अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित हुआ। वक्ताओं में मुख्तार खान, संतोष महतो, कयूम खान, भगवान दास, अक्षवर प्रसाद, संतोष चौधरी, सतपाल सिंह, ब्रोका, फैज अहमद रिजवी, आदि शामिल हैं। इस अवसर पर भारी संख्या में कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।



### विधायक का 101 किलो फूल माला से स्वागत

**सिंदरी।** इंडिया गठबंधन के नेताओं ने सिंदरी कांड्रा दुर्गा मंदिर में सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में सिंदरी विधायक चन्द्रदेव महतो उर्फ बबलू महतो का गाजे बाजे के साथ स्वागत किया। समारोह में इंडिया गठबंधन नेताओं ने 101 किलोग्राम की फूलों की माला पहनाकर नवनिर्वाचित विधायक का स्वागत किया।



इस अवसर पर सिंदरी विधायक बबलू महतो ने कहा कि सिंदरी विधानसभा में रहनेवाले लोगों के लिए स्वास्थ्य के लिए अस्पताल एवं जीवन चलाने के लिए रोजगार की आवश्यकता जरूरी है। उन्होंने कहा कि हमारे मुख्य मुद्दों में अस्पताल व रोजगार सबसे पहले है। इसे मैं जरूर पूरा करूंगा। कार्यक्रम में कांड्रा के कई बच्चों को उनके हुनर के लिए विधायक ने बुके एवं शॉल देकर सम्मानित किया।

मौके पर सुरेश प्रसाद, राजीव मुखर्जी, अशोक महतो, परशुराम सिंह, नारायण पद साहू, अनिल मंडल, रोहित मंडल, मंतोष महतो, ललित महतो, विकास कुमार, बबलू महतो सहित कई इंडिया गठबंधन के नेता मौजूद थे।

### एमजीएम पब्लिक स्कूल चटकीटांड में वार्षिक खेल कूद का आयोजन

**महुदा।** एम जी एम पब्लिक स्कूल चरकीटांड में वार्षिक खेलकूद समारोह का आयोजन किया गया। उद्घाटन समारोह में युवा नेता दिनेश महतो एवं पूर्व जिला परिषद संतोष कुमार महतो, मुखिया सूर्यकांत महतो, मुखिया सावित्री देवी, स्कूल के सचिव अजय कुमार महतो, प्रधानाचार्य प्रेम कुमार महतो, जे पी एस के प्रधानाचार्य सचिन महतो, बिनोद बिहारी महतो इंटर कॉलेज के प्राचार्य कार्तिक महतो, भगत सिंह स्कूल के प्रधानाचार्य दिनेश राय, युधिष्टिर महतो, शमीम अंसारी, गोविंद महतो, अनुज महतो, विवेक महतो आदि मौजूद थे। बच्चों ने खो खो, कबड्डी, जलेबी रेस, वालीबॉल, बैडमिंटन, मेंढक रेस, आदि खेलों के जरिये समां बांध दिया।

### एक नजर में

#### सही समय पर किसानों को मिलना चाहिए तकनीकी खेती के लिए सही परामर्श: बीडीओ



**जामताड़ा।** नारायणपुर प्रखंड सभागार में सोमवार को प्रखंड स्तरीय रबी कर्मशाला का आयोजन किया गया। बीडीओ ने कृषि विभाग के सभी कर्मियों को निर्देश दिया कि किसानों को समय पर बीज मिले एवं तकनीकी खेती के लिए सही परामर्श सही समय पर मिलना चाहिए। बीटीएम सीमावती सिंह द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में किसानों को विस्तार पूर्वक बताया। साथ ही कृषि विभाग द्वारा संचालित बीज विनिमय की योजना, अनुदान पर बीज वितरण, बिरसा फसल विस्तार योजना अंतर्गत 100 प्रतिशत अनुदान पर बीज एवं उपादान का वितरण, प्रति बूंद अधिक फसल की योजना, ड्रिप इरीगेशन की योजना, मिट्टी जांच, केसीसी, झारखंड कृषि ऋण माफी योजना, किसान समृद्धि योजना आदि के बारे में किसानों को बताया गया। उन्होंने कहा कि आत्मा द्वारा संचालित एनएफएसएम द्वारा अनुदान पर वितरण किए जाने वाले कृषि यंत्रों में पंपसेट, रोटावेटर, स्प्रे मशीन, पैडी थ्रेसर आदि किसानों के बीच वितरण किया जा रहा है। आत्मा के तहत प्रशिक्षण, किसान गोष्ठी, किसान पाठशाला, किसान वैज्ञानिक अंतर मिलन, प्रत्यक्षण आदि का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान जामताड़ा प्रखंड के बीटीएम इकबाल हुसैन ने किसानों को मिट्टी के स्वास्थ्य के बारे में बताया कि कैसे उर्वरा शक्ति को बनाए रखते हुए खेत से सही उचित उपज प्राप्त कर सकते हैं। जिला पशुपालन पदाधिकारी ने विभाग की योजनाओं के बारे में किसानों को बताया। मौके पर बीरबल अंसारी, बीपीआरओ राजेन्द्र प्रसाद सिंह, किसान महफूज आलम, सहादत अली, गोबिंद पंडित, जान मोहम्मद आदि उपस्थित थे।

#### रेसलिंग प्रतियोगिता में शिवलीबाड़ी के मोहम्मद इरशाद बने विजेता



**कुमारधुबी।** एम एम फिटनेस क्लब पंचमोहली द्वारा सोमवार की शाम पंचमोहली में आर्म्स रिसलिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें धनबाद, झरिया, चिरकुण्डा, तालडांगा, शिवलीबाड़ी सहित आसपास के 40 युवकों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के संबंध में जानकारी देते हुए आयोजक रिंटू खान ने बताया कि आर्म्स रेसलिंग प्रतियोगिता कराने का उद्देश्य है की इस खेल के प्रति युवकों को ज्यादा से ज्यादा जोड़े जाएं। प्रतियोगिता के विजेता शिवलीबाड़ी रहमत नगर निवासी मोहम्मद इरशाद बने। वही द्वितीय एवं तृतीय स्थान करण कुमार एवं विकास कुमार को प्राप्त हुए। सभी विजयी प्रतिभागी को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

#### सहायक अध्यापक संघ के अध्यक्ष सिद्दीक शेख को दी गई श्रद्धांजलि

**महुदा।** झारखण्ड राज्य सहायक अध्यापक संघ के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद सिद्दीक शेख का निधन से पूरे क्षेत्र के लोग मर्माहत हैं। रविवार को रिम्स रांची में उनकी मृत्यु हो गई थी। महुदा के कांड्रा बस्ती स्थित आवास पर शव के अंतिम दर्शन के लिए सहायक अध्यापक, शिक्षक, जनप्रतिनिधि, साक्षरता कर्मी तथा काफी संख्या में समाज के लोग पहुंचे और शोक ब्यक्त किया। मिट्टी मंजिल के बाद नया प्राथमिक विद्यालय मुस्लिम टोला कांड्रा में श्रद्धांजलि सभा हुई। लोगों ने उनकी तस्वीर पर श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में साक्षरता वाहिनी बाघमारा के संस्थापक सचिव डी रवानी, पूर्व मुखिया धनेश्वर महतो, समाजसेवी अब्दुल हमीद अंसारी, बीपीएम भागीरथ सिंह, झारखण्ड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के संस्थापक शंकर रवानी, प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी बाघमारा अशोक कुमार पाल, जिला शिक्षक संघ के नेता नन्द किशोर सिंह, आदित्य प्रसाद मिर्धा , मदन मोहन महतो, मथुरा प्रसाद रवानी, बादल चन्द्र गोराई, बीपीओ विकास लाल दास, नेपाल महतो, अशोक कुमार ठाकुर, अश्विनी सिंह, रामेश्वर महतो, मो. शाहजहां, सहायक अध्यापक संघ के संजय दुबे, विक्रांत ज्योति, विकाश चौधरी, विनोद बिहारी महतो, जितेन्द्र दुबे, सुमन कुमार, साजिद शेख आदि मौजूद थे।

## 'साहित्योदय' की बैठक में साहित्य व कविता के विविध आयामों पर चर्चा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त साहित्यिक संस्था 'साहित्योदय' की नवगठित धनबाद जिला कमेटी की बैठक में हिंदी साहित्य की उन्नति और कविता के विविध आयामों पर गंभीर मंथन और विचार विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार और हिंदी दैनिक खबर मंत्र के स्थानीय संपादक ज्ञानवर्धन मिश्र ने की। आयोजन धनबाद स्टील गेट स्थित सी सी डब्लू कॉलोनी में किया गया। संस्था की जिलाध्यक्षा रिंकू दुबे वैष्णवी ने बैठक का संचालन किया। इस मौके पर भव्य काव्य गोष्ठी और परिचर्चा में एक दर्जन से अधिक कवियों-कवयित्रियों ने भाग लिया। पूर्व महाप्रबंधक (पॉवर प्लांट) व वरिष्ठ साहित्यकार संजय सिंह चंदन बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थे, जिन्हें अंग वस्त्र और पुष्प गुच्छ प्रदान कर संस्था के सचिव संतोष ओझा प्रभाकर ने स्वागत किया। विशेष अतिथि प्रमिला तिवारी, डॉ सुदेश चुघ एवं स्नेह प्रभा पांडेय मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर वरिष्ठ पत्रकार ज्ञान वर्धन मिश्र ने दीप प्रज्ज्वलित कर की।



विशेष अतिथि प्रमिला तिवारी ने सरस्वती वंदना से काव्य गोष्ठी की शुरुआत की। अन्य कवि-कवयित्रियों मे, स्नेह प्रभा, रिंकू दुबे, सरिता पांडेय, प्रीति कर्ण, शालिनी झा, संतोष ओझा प्रभाकर बृजेश पांडेय एवं कृष्ण देव यादव ने अपनी काव्य प्रस्तुति से मंत्र मुग्ध कर दिया। मुख्य अतिथि ने साहित्योदय के आयोजन की सराहना की और संस्था के विकास और विस्तार पर परिचर्चा में अपने विचार दिये। सभी कवियों के उत्कृष्ट और उम्दा प्रस्तुति को राष्ट्रीय स्तर की प्रस्तुति की संज्ञा दी। अध्यक्षता कर रहे संपादक ज्ञान वर्धन मिश्र ने संस्था के विस्तार और सक्रियता पर बल दिया और सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। सभी अतिथियों और कवि, साहित्यकारों को संस्था की अध्यक्षा रिंकू दुबे वैष्णवी ने अंग वस्त्र, पुष्प गुच्छ व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

## पर्यावरण संरक्षण के प्रति किया जागरूक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मैथन।** मैथन डैम स्थित गोगना छठ घाट के समीप झारखंड एवं पश्चिम बंगाल से आये 40 कलाकारों ने 110 फीट कैनवास पर कला का प्रदर्शन कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक किया। डीएवी पब्लिक स्कूल के शिक्षक तरुण भंडारी ने बताया कि झारखंड एवं पश्चिम बंगाल के दर्जनों कलाकारों ने कैनवास पर अपनी कला का प्रदर्शन किया। इंटरनेशनल आर्टिस्ट भास्कर घोष ने बताया कि फिलहाल दुनिया ग्लोबल वार्मिंग से जूझ रही है। ऐसे में हर व्यक्ति की पेड़ पौधे को सुरक्षित रखना जिम्मेवारी बनती है। कला के माध्यम से लोगों को यह दर्शाने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि लोग पेड़ पौधे को नष्ट न करें और वातावरण को सुरक्षित रखें। उन्होंने सभी से अपील की है कि ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाएं और उन्हें अपने बच्चों की तरह देखभाल करें। लोग कलाकारों की पहल की सराहना की। इस मौके पर तरुण भंडारी, कुसुम सिंह, अंजली कुमारी, पीयू गोप, श्वेटा मल्लिक, रितेश शर्मा आदि मौजूद थे।



# नये वर्ष में आयकर घटेगा!

देश में आयकर घटाने की तैयारी हो रही है। फरवरी के बजट में 15 लाख रुपये सालाना तक की आय वाले व्यक्तियों के लिए इनकम टैक्स में कटौती पर विचार कर रही है। इसका मकसद मध्यम वर्ग को राहत देना और खर्च बढ़ाना है, क्योंकि धीमी आर्थिक बढ़त और महंगाई ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। यह जानकारी दो सरकारी अधिकारियों ने रॉयटर्स को दी। देश का मध्यम वर्ग मोदी सरकार से ठगा महसूस कर रहा है। साथ ही आर्थिक विकास दर लगातार कम हो रही है क्योंकि लोगों की क्रय शक्ति कम हो रही है। हालांकि, इसका लाभ उन्हें ही मिलेगा जो 2020 में शुरू की गई नई टैक्स प्रणाली अपनाते हैं जिसमें हाउस रेंट और बीमा जैसी छूट शामिल नहीं हैं। भारत में करदाताओं के पास दो टैक्स सिस्टम का विकल्प है। पुरानी प्रणाली में हाउस रेंटल और बीमा जैसी छूट मिलती है। नई प्रणाली (2020 से लागू): इसमें टैक्स दरें थोड़ी कम हैं, लेकिन प्रमुख छूटें नहीं मिलतीं।नई प्रणाली के तहत, 3 लाख रुपये से 15 लाख रुपये तक की वार्षिक आय पर 5% से 20% तक टैक्स लगता है। 15 लाख रुपये से अधिक आय पर 30% टैक्स दर लागू होती है। सूत्रों ने बताया कि टैक्स कटौती के आकार पर अभी फैसला नहीं हुआ है। इस पर अंतिम निर्णय 1 फरवरी को बजट के करीब लिया जाएगा। भारत को इनकम टैक्स का बड़ा हिस्सा उन लोगों से मिलता है, जिनकी आय 1 करोड़ रुपये या उससे अधिक है। इन पर 30% की टैक्स दर लागू होती है। मध्यम वर्ग के हाथों में ज्यादा पैसा आने से अर्थव्यवस्था को रफ्तार मिल सकती है। फिलहाल, भारत की अर्थव्यवस्था जो दुनिया में पांचवें स्थान पर है, जुलाई-सितंबर तिमाही में सात तिमाहियों में सबसे धीमी गति से बढ़ी। सरकार पर बढ़ते टैक्स और वेतन में धीमी बढ़ोतरी को लेकर सरकार कठघरे में है।

## कार्टून वर्ल्ड



## आज का राशिफल

मेष : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रु भय, चिंताए संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अभी आश्वासनों से संतोष करना पड़ेगा। शुभांक.2.6.8

वृष : मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक.4.6.8

मिथुन : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढने के आसार रहेंगे। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक.5.7.8

कर्क : राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। धीरे-धीरे लाभ का मार्ग प्रशस्त होगा उचित समय का इन्तजार करें। मेहमानों का आगमन होगा। छात्रों को लाभ। शुभांक.4.6.7

सिंह : आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। शत्रुपक्ष से सावधान रहें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। इच्छित कार्य सफल होंगे। इच्छित स्थान की यात्रा का योग हैं। शुभांक.2.5.6

कन्या: 'आगे आगे गोरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल व समन्वय बनाय। मीठे बोलने वालों से संभल कर रहें। शुभांक.4.5.7

तुला : जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक.3.5.7

वृश्चिक : लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय समान रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मेल-मुलाकात होगी। शुभांक.2.4.6

धनु: जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यो का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक.4.6.7

मकर : प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। आनन्ददायक वातावरण बनेगा। शुभांक.1.3.5

कुंभ : कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। शुभांक.3.4.6

मीन : राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यो में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक.2.4.6

# कई घटनाओं ने आने वाले वर्ष 2025 का संकेत दे दिया

**राष्ट्रीय,** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर घटी कई घटनाओं ने भविष्य के लिए बड़े संकेत दिये हैं। वर्ष 2024 ने भारतीय परिदृश्य को एक नया मुकाम दिया वहीं कई कीर्तिमान भी ध्वस्त किये।

भारत की दृष्टि से देखें तो यह साल इसलिए अहम रहा क्योंकि पंडित जवाहर लाल नेहरू के बाद नरेंद्र मोदी के रूप में कोई प्रधानमंत्री लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए सत्ता में आया। हालांकि लोकसभा चुनावों में भाजपा अपने बलबूते सत्ता हासिल करने से चूक गयी।

साल 2024 देश दुनिया के लिए कई अहम घटनाओं से भरा रहा। राजनीतिक तौर पर देखें तो दुनिया के कई देशों में सरकारें बदल गयीं तो कई देशों में सत्तारुढ़ दलों को बड़ा झटका लगा। महंगाई, बेरोजगारी के साथ ही दुनिया तमाम तरह के द्वंद्वों से भी जूझती रही। शांति को तरजीह देने की बात करने वाले इस विश्व में जहां इस साल और संघर्ष बढ़े वहीं मौसम ने भी ऐसा तपाया कि दुनिया में यह वर्ष सबसे ज्यादा गर्म के तौर पर दर्ज हो गया। भारत में साल की शुरूआत में हिट हुआ अबकी बार 400 पार का नारा तो चुनावों में पिट गया लेकिन साल के अंत में सामने आया बंटेंगे तो कटेंगे नारे को लोगों का जोरदार समर्थन मिला है। आइये एक नजर डालते हैं बीत रहे साल 2024 की बड़ी घटनाओं पर।



### नरेंद्र मोदी

भारत की दृष्टि से देखें तो यह साल इसलिए अहम रहा क्योंकि पंडित जवाहर लाल नेहरू के बाद नरेंद्र मोदी के रूप में कोई प्रधानमंत्री लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए सत्ता में आया। हालांकि लोकसभा चुनावों में भाजपा अपने बलबूते सत्ता हासिल करने से चूक गयी लेकिन जनता ने उसके नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को शासन करने के लिए स्पष्ट जनादेश दिया। भाजपा का 'अबकी बार 400 पार' का नारा पूरी तरह विफल रहा और उसे सरकार चलाने के लिए चंद्रबाबू नायडू की तेलुगू देशम पार्टी और नीतीश कुमार की जनता दल युनाइटेड के समर्थन पर निर्भर रहना पड़ेगा। विपक्षी गठबंधन इंडिया में शामिल दलों का लोकसभा चुनावों में अच्छा प्रदर्शन रहा। खासतौर पर कांग्रेस ने एक दशक में अपना सबसे अच्छा प्रदर्शन करते हुए 99 लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज की।

### राहुल गांधी

साल 2024 कांग्रेस नेता राहुल गांधी के लिए बेहद खास रहा। पिछले लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी को उत्तर प्रदेश की अमेठी लोकसभा सीट पर चुनाव में हार का सामना करना पड़ा था, वहीं इस बार वह केरल की वायनाड और उत्तर प्रदेश की रायबरेली सीट से रिकॉर्डतोड़ मतों से जीते। अमेठी में गांधी परिवार के करीबी किशोरी लाल शर्मा ने भाजपा की स्मृति ईरानी को हरा दिया। बाद में राहुल गांधी ने वायनाड सीट छोड़कर रायबरेली की सांसदी बरकरार रखी। राहुल गांधी लोकसभा में विपक्ष के नेता बनाये गये जोकि उनके राजनीतिक जीवन में अब तक का सबसे बड़ा पद रहा।



- नीरज कुमार दुबे

> हालांकि लोकसभा चुनावों में भाजपा अपने बलबूते सत्ता हासिल करने से चूक गयी लेकिन जनता ने उसके नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को शासन करने के लिए स्पष्ट जनादेश दिया। भाजपा का 'अबकी बार 400 पार' का नारा पूरी तरह विफल रहा और उसे सरकार चलाने के लिए चंद्रबाबू नायडू की तेलुगू देशम पार्टी और नीतीश कुमार की जनता दल युनाइटेड के समर्थन पर निर्भर रहना पड़ेगा।

### अरविंद केजरीवाल

इस साल लोकसभा चुनावों से ठीक पहले शराब घोटाला मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री पद पर रहते हुए अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी बड़ी राजनीतिक घटना रही। उन्होंने इस्तीफे की मांग को दरकिनार करते हुए जेल से सरकार चलाने का रिकॉर्ड भी बनाया। हालांकि जमानत मिलने पर बाहर आये केजरीवाल ने अपना इस्तीफा देकर आतिशी को मुख्यमंत्री बना दिया। दिल्ली में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी ने केजरीवाल को फिर से नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया है।

### ओडिशा की राजनीति

लोकसभा चुनावों के साथ हुए ओडिशा के विधानसभा चुनावों में इस बार बड़ा फेरबदल देखने को मिला। ओडिशा की सत्ता पर दो दशक से ज्यादा समय से काबिज नवीन पटनायक की बीजू जनता दल को इस बार हार का सामना करना पड़ा। खुद दो विधानसभा सीटों से चुनाव लड़ने वाले नवीन पटनायक एक सीट पर चुनाव हार गये। ओडिशा विधानसभा चुनाव में भाजपा ने शानदार जीत हासिल करते हुए राज्य में सरकार बनाई।

### आंध्र प्रदेश में सत्ता परिवर्तन

2024 में आंध्र प्रदेश में भी सत्ता परिवर्तन हुआ। लोकसभा चुनावों के साथ ही कराये गये आंध्र प्रदेश विधानसभा चुनावों में टीडीपी-जन सेना और भाजपा के गठबंधन ने कमाल कर दिखाया और अब तक की सबसे बड़ी जीत दर्ज की। चंद्रबाबू नायडू राज्य के मुख्यमंत्री और जन सेना के पवन कल्याण उपमुख्यमंत्री बनाये गये।

### हरियाणा विधानसभा चुनाव

लोकसभा चुनावों के ठीक बाद हुए हरियाणा विधानसभा चुनाव के परिणाम चौंकाने वाले रहे। कांग्रेस के पक्ष में आंधी होने की खबरों के बीच भाजपा का लगातार तीसरी बार सत्ता में लौटना राजनीतिक रूप से तो ऐतिहासिक रहा ही साथ ही इन परिणामों ने निराश महसूस कर रही भाजपा में नई जान फूंक दी। हरियाणा चुनावों के दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बंटेंगे तो कटेंगे का जो नारा दिया उससे हिंदू समुदाय भाजपा के पक्ष में एकजुट हो गया और इसका असर महाराष्ट्र में भी दिखाई दिया।

### महाराष्ट्र के सत्ता समीकरण

महाराष्ट्र में भी विधानसभा चुनाव के नतीजे चौंकाने वाले रहे। खास बात यह रही कि लोकसभा चुनाव में जहां महाराष्ट्र में महायुति को निराशा हाथ लगी थी तो वहीं विधानसभा चुनाव में राज्य की जनता ने दिल खोलकर भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति को अपना समर्थन दिया। महाराष्ट्र में लगातार तीसरी बार भाजपा सबसे बड़े दल के रूप में उभरी। इस बार देवेंद्र फडणवीस मुख्यमंत्री और एकनाथ शिंदे तथा अजित पवार उपमुख्यमंत्री बने।

### हेमंत-कल्पना हीरो बनकर उभरे

झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लिए साल 2024 बेहद उतार-चढ़ाव वाला साबित हुआ। साल 2024 में उनकी गिरफ्तारी हुई। उन्होंने अपनी जगह चंपई सोरेन को मुख्यमंत्री बनाया। जमानत मिलने के बाद उन्होंने मुख्यमंत्री पद पर वापसी की तो चंपई सोरेन उनका साथ छोड़कर भाजपा में चले गये। इस साल विधानसभा चुनावों में उनके नेतृत्व वाले इंडिया गठबंधन को स्पष्ट बहुमत मिला और वह एक बार फिर मुख्यमंत्री पद पर आसीन हुए।

## लेटर टू एडिटर

### राजनीति के अटल

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती पर उनके योगदान को सराहा गया है। अटल जी ने राजनीति में शुचिता और तर्कपूर्ण संवाद को बढ़ावा दिया। उनका कार्यकाल विपक्ष की आलोचनाओं का सम्मानपूर्वक उत्तर देने का उदाहरण था। उन्होंने संविधान के मूल्यों का संरक्षण किया और भारतीय संस्कृति को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत किया, जैसे संयुक्त राष्ट्र में हिंदी में भाषण देना।

**– जयभगवान, जमशेदपुर**

### वैक्सीन में स्वावलंबी

भारत में बढ़ते कैंसर के मामलों को देखते हुए रूस द्वारा विकसित कैंसर रोधी वैक्सीन से कुछ हद तक नियंत्रण संभव हो सकता है। संजय वर्मा के आलेख ह्यकैंसर के खिलाफ जंग में जगी उम्मीदेंह्न में इसे मानव कल्याण के लिए जीवन रक्षक बताया गया है। हालांकि, भारत के वैज्ञानिकों को इस दिशा में निरंतर प्रयास जारी रखना चाहिए, ताकि हम इस मामले में भी स्वावलंबी बन सकें। **–रविकांत, रांची**

## ट्वीट

**आकांक्षी** जिला भ्रमण के दौरान आज नंदुरबार (महाराष्ट्र) में नारीशक्ति दूध संकलन केंद्र, काकरदे का अवलोकन किया। मातृशक्ति के द्वारा संचालित इस केंद्र के माध्यम से स्वरोजगार के अवसर तैयार हुए हैं। स्थानीय ग्रामीणों को उत्तम गुणवत्ता वाले दुग्ध उत्पाद भी उपलब्ध हो रहे हैं।

**–संजय सेठ, केन्द्रीय मंत्री**

**जम्मू**-कश्मीर के पुंछ में आर्मी वैन के एक्सीडेंट होने से कई जवानों के शहादत की खबर बेहद दुखद है।

शहीदों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और घायल जवानों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की आशा करता हूं।

शोक-संतप्त परिजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं।

**– राहुल गांधी, सांसद**

# मोदी सरकार का बड़ा कदम, अमेरिका-भारत कारोबार होगा 17 लाख करोड़ के पार

एक रिपोर्ट के मुताबिक 163 भारतीय कंपनियों ने अमेरिका में $40 बिलियन याने करीब साढ़े तीन लाख करोड़ रुपये का निवेश किया।

**निमिष कुमार**

भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर की अमेरिका यात्रा से पहले, विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने सोमवार को अमेरिकी के शीर्ष राजनयिकों के साथ बैठक कर द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। देश मंत्रालय ने एक दिन पहले घोषणा की थी कि जयशंकर 24 से 29 दिसंबर तक अमेरिका की यात्रा पर रहेंगे। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि जयशंकर अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर प्रमुख द्विपक्षीय, क्षेत्रीय तथा वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करेंगे। जयशंकर की यात्रा से पहले मिस्त्री ने सोमवार को विदेश मंत्रालय के मुख्यालय फॉगी बॉटम में उप विदेश मंत्री कर्ट कैंपबेल और प्रबंधन उप मंत्री रिचर्ड वर्मा के साथ बैठक की। बैठकों में अमेरिका में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा भी मौजूद थे।

यूएस के उप मंत्री रिचर्ड वर्मा ने कहा कि हम आपसी विश्वास, साझा मूल्यों और सभी के लिए समृद्धि पर आधारित अमेरिका-भारत संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए तत्पर हैं। इससे पहले दिन में वर्मा ने प्रशासन के अधिकारियों के साथ-साथ प्रख्यात भारतीय थिंक-टैंक विशेषज्ञों के एक समूह की मेजबानी की। वर्मा ने कहा कि ये बैठकें व्यापार, रक्षा, लोगों से लोगों के बीच संबंधों और वैश्विक चुनौतियों से मिलकर निपटने की प्रतिबद्धता पर हमारी प्रगति का जश्न मनाने के लिए थीं।

### कितना है भारत-अमेरिका के बीच कारोबार

अमेरिका-भारत संबंधों को लेकर प्रस्तुतिकरण में वर्मा ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार जहां 2000 में 20 अरब अमेरिकी डॉलर था, यह आंकड़ा 2023 में बढ़कर 195 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया है, जबकि इसी अवधि के दौरान रक्षा व्यापार शून्य से बढ़कर 24 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया है। उन्होंने कहा कि 2024 में द्विपक्षीय व्यापार 200 अरब अमेरिकी डॉलर के आंकड़े को पार कर जाने की उम्मीद है।

## आर्थिक

> अमेरिका में भारतीय छात्रों की संख्या 2000 में मात्र 54,664 थी जो 2023 में बढ़कर 3,30,000 से अधिक हो गई है, जबकि भारतीय प्रवासियों की आबादी जहां 2000 में 19 लाख थी, अब बढ़कर 50 लाख से अधिक हो गई है। बाइडन-हैरिस प्रशासन ने रिकॉर्ड संख्या में 130 भारतीय-अमेरिकियों को उच्च पदों पर नियुक्त किया है।

वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान, अमेरिका, भारत में ऋक्क का तीसरा सबसे बड़ा स्रोत था, जिसमें 4.99 बिलियन अमेरिकी डॉलर याने करीब सवा तीन लाख करोड़ रुपये भारत में आए। जो कुल ऋक्क इक्विटी प्रवाह का लगभग 9% था। अप्रैल 2023 में जारी उक्क के एक अध्ययन के अनुसार, 163 भारतीय कंपनियों ने अमेरिका में $40 बिलियन से अधिक का निवेश किया और 425,000 से अधिक प्रत्यक्ष नौकरियाँ सृजित कीं।

वित्त मंत्रालय और यू.एस. अंतर्राष्ट्रीय विकास वित्त सहयोग के बीच 2022 में इक्विटी निवेश, सह-बीमा, अनुदान, व्यवहार्यता अध्ययन और तकनीकी सहायता को सक्षम करने के लिए एक निवेश प्रोत्साहन समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। जनवरी 2024 तक, ऊ्रछ का भारत पोर्टफोलियो 100 से अधिक परियोजनाओं में लगभग 4.0 बिलियन था।

### 50 लाख से ज्यादा भारतीय है अमेरिका में, 50 हजार से साढ़े तीन लाख हो गए स्टूडेंट

अमेरिका में भारतीय छात्रों की संख्या 2000 में मात्र 54,664 थी जो 2023 में बढ़कर 3,30,000 से अधिक हो गई है, जबकि भारतीय प्रवासियों की आबादी जहां 2000 में 19 लाख थी, अब बढ़कर 50 लाख से अधिक हो गई है। बाइडन-हैरिस प्रशासन ने रिकॉर्ड संख्या में 130 भारतीय-अमेरिकियों को उच्च पदों पर नियुक्त किया है।

सैन्य अभ्यास के मुद्दे पर आज भारत, अमेरिका का प्रमुख साझेदार है। भारत सरकार की लॉस एंजिलिस और बोस्टन में दो भारतीय वाणिज्य दूतावास खोलने की योजना है, जबकि अमेरिकी सरकार, बेंगलुरु और अहमदाबाद में दो नए वाणिज्य दूतावास खोलने की योजना बना रही है।

# 2024 में जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के बाद पहले चुनाव की दुनिया में चर्चा

### जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के बाद पहले चुनाव

जम्मू-कश्मीर में भी इस साल विधानसभा के चुनाव कराये गये। यह चुनाव इस मायने में ऐतिहासिक रहे कि उम्मीदवारों की तो रिकॉर्ड संख्या रही ही साथ ही मतदाताओं ने भी लोकतंत्र के उत्सव में बढ़-चढ़कर भाग लिया। एक दशक बाद हुए राज्य विधानसभा चुनावों में नेशनल कांफ्रेंस ने शानदार जीत हासिल की और उमर अब्दुल्ला मुख्यमंत्री बने।

### प्रियंका गांधी वाड्रा की नई पारी

यह साल गांधी परिवार के लिए काफी खास रहा क्योंकि जहां लोकसभा चुनावों से पहले सोनिया गांधी ने राजस्थान से राज्यसभा की सदस्यता हासिल की वहीं राहुल गांधी दो लोकसभा सीटों से चुनाव जीतने में सफल रहे। इसके अलावा, नेहरू-गांधी परिवार की एक अन्य सदस्य प्रियंका गांधी वाड्रा भी संसदीय राजनीति में प्रवेश करने में सफल रहीं। लोकसभा चुनाव में दो सीटों से जीत हासिल करने के बाद जब राहुल गांधी ने वायनाड को छोड़ दिया तो वहां हुए उपचुनाव में प्रियंका गांधी वाड्रा ने जीत हासिल की और पहली बार लोकसभा पहुँचीं।

### राम लला की प्राण प्रतिष्ठा

साल 2024 की सबसे प्रमुख घटना 22 जनवरी को हुई जब अयोध्या में भव्य राम मंदिर में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गयी। इस दौरान पूरा देश राममय हो गया था और दुनिया के हर कोने में मौजूद सनातनी जश्न मनाते दिखे। शंखनाद और मंत्रोच्चार के बीच रामलला अपने भव्य गर्भगृह में विराजमान हुए तो लगा कि त्रेता युग लौट आया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विशेष मुहूर्त में भगवान राम के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की।

### पेपर लीक के मामले सामने आये

इस साल पेपर लीक के कई मामले सामने आये। परीक्षा परिणामों में गड़बड़ी के मामले भी सामने आये जिससे छात्रों के बीच रोष देखा गया और देशव्यापी प्रदर्शन भी हुए। खासतौर पर ठएएळ (वक्र) 2024 के परिणाम को लेकर काफी विवाद हुआ और मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुँचा। इसके अलावा यूपी पुलिस कॉन्स्टेबल, यूपी समीक्षा अधिकारी/ सहायक समीक्षा अधिकारी, राजस्थान दरोगा भर्ती आदि कई परीक्षाओं के दौरान पेपर लीक की घटनाओं ने व्यापक तौर पर असंतोष पैदा किया।

## विदा 2024

### जम्मू में आतंकी हमले

इस साल जून में जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में आतंकवादियों ने तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक बस पर हमला कर दिया, जिसमें नौ लोग मारे गए और 33 घायल हो गए। इसके अलावा भी जम्मू क्षेत्र में आतंक की कई घटनाएं देखने को मिलीं।

### वायनाड में तबाही

जुलाई महीने में केरल के वायनाड में भारी बारिश के चलते कई जगहों पर भूस्खलन हुआ, जिसमें चार गांव- मुंडक्कई, चूरलमाला, अट्टामाला और नूलपुझा पूरी तरह बह गए। इस घटना में सैंकड़ों लोगों की जान चली गई।

### कोलकाता की हृदय विदारक घटना

इस साल कोलकाता से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई जब आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में 9 अगस्त की रात को एक ट्रेनी महिला डॉक्टर का शव बरामद किया गया था। डॉक्टर के शरीर पर चोट के निशान थे। जांच में पता चला कि डॉक्टर से बलात्कार के बाद हत्या की गई। इस घटना को लेकर देशभर में डॉक्टरों और चिकित्साकर्मियों ने व्यापक विरोध प्रदर्शन किया।

### हाथरस में भगदड़

उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में जुलाई महीने में एक धार्मिक आयोजन के दौरान मची भगदड़ में 100 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई और 150 से अधिक लोग घायल हो गए थे। घटना के बाद भोले बाबा नाम के व्यक्ति को न्यायिक आयोग के सामने पेश किया गया था।

### संघर्षों में उलझी दुनिया

वैश्विक स्तर पर देखें तो इस साल रूस-यूक्रेन युद्ध और इजराइल-हमास युद्ध तो चलता ही रहा साथ ही इजराइल-ईरान, इजराइल-लेबनान के बीच भी जमकर संघर्ष हुआ। इजराइल ने हमास और हिज्बुल्ला के शीर्ष नेतृत्व को पूरी तरह खत्म कर दिया। सीरिया में भी बशर अल असद का शासन खत्म हुआ। इसके अलावा, महंगाई तथा अन्य मुद्दों पर नाराजगी के चलते जनता ने ब्रिटेन की ऋषि सुनक सरकार को सत्ता से हटा दिया। वहीं अमेरिका में सत्तारुढ़ दल की उम्मीदवार कमला हैरिस की बजाय जनता ने विपक्षी उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप को एक बार फिर राष्ट्रपति चुन लिया। साथ ही बोत्सवाना, पुर्तगाल, पनामा और दक्षिण कोरिया की सरकारों को भी जनता ने बदल दिया। इसके अलावा, फ्रांस, जर्मनी, जापान और भारत में सत्तारुढ़ दलों को चुनावी झटके लगे। एकमात्र रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ही दुनिया में ऐसे राजनेता रहे जोकि रिकॉर्डतोड़ मतों से जीत कर अपनी सत्ता बरकरार रखने में सफल रहे।

### भारत के पड़ोसी देशों का हाल

इसके अलावा, भारत के पड़ोस में देखें तो चुनावों के बाद जहां पाकिस्तान और श्रीलंका में नई सरकार बनी वहीं नेपाल में प्रचंड की सरकार गिरने के बाद केपी शर्मा ओली नये प्रधानमंत्री बने। बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार को विरोध प्रदर्शनों के आगे घुटने टेकने पड़े और प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद शेख हसीना अगस्त माह से ही भारत में रह रही हैं। बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर अत्याचार पूरी दुनिया में चर्चा का विषय बने।

## स्पीड न्यूज

### चेंबर चुनाव की तिथि में हुआ परिवर्तन अब 19 जनवरी को होगा चुनाव

गुमला। गुमला चैंबर ऑफ कॉमर्स के सचिव बबलू वर्मा के द्वारा चैंबर चुनाव की तिथि परिवर्तित करने की मांग को लेकर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी चुनाव की तिथि बदल दी है। मुख्य चुनाव पदाधिकारी रमेश कुमार ने बताया पूर्व में 10 जनवरी को चेंबर का चुनाव निर्धारित किया गया था। लेकिन सदस्यता नवीकरण अभियान का कार्य पूर्ण नहीं होने के कारण चेंबर सचिव ने तिथि में परिवर्तन की मांग की थी। जिसको देखते हुए चेंबर चुनाव की तिथि 19 जनवरी कर दी गई।

### चैनपुर में दिवंगत पूर्व विधायक बैरागी उरांव को सुखदेव भगत ने दी श्रद्धांजलि



चैनपुर। चैनपुर प्रखंड मुख्यालय में पूर्व विधायक बैरागी उरांव को श्रद्धांजलि देने के लिए एक शोक सभा आयोजित की गई। इस सभा में लोहरदगा लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत ने भाग लिया और स्व उरांव के परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने कहा कि उनकी मृत्यु का दुख हमेशा खलेगा और उनकी कमी को महसूस किया जाएगा। सुखदेव भगत ने दिवंगत विधायक के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उन्होंने स्व उरांव के परिवार के सदस्यों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि यदि उन्हें किसी प्रकार की मदद की आवश्यकता हो, तो वे उनसे सीधे संपर्क कर सकते हैं। सभा के दौरान सांसद ने चैनपुर में एमएलए रोड की समस्याओं पर चर्चा की। महिलाओं ने भी अपनी समस्याओं को प्रस्तुत किया। जिसके बाद सुखदेव भगत ने चैनपुर के बीडीओ से संपर्क कर समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। भगत ने चैनपुर सामुदायिक बैंक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की समस्याओं की भी जानकारी ली, इन समस्याओं के शीघ्र समाधान का वादा किया। चैनपुर थाना प्रभारी कुंदन चौधरी भी सुरक्षा व्यवस्था के लिए उपस्थित रहे। इस अवसर पर आलोक साहू, रवि रोशन बेक, अल्बर्ट तिग्गा, और रघुनंद प्रसाद आदि नेता भी मौजूद थे।

### बज्मे रब्बानी कमेटी का कैलेंडर जारी



गुमला। बज्मे रब्बानी कमेटी के बैनर तले रविवार की शाम को रब्बानी कैलेंडर का विमोचन मध्यप्रदेश जबलपुर से आए सिलसिले रब्बानिया के पीरे तरीकत अल्हाज सैय्यद अहमद रब्बानी के हाथों से किया गया। कार्यक्रम थाना रोड स्थित जामा मस्जिद के सामने अंजुमन इस्लामियां के दफ्तर में हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत जामा मस्जिद के ईमाम इनाम रब्बानी ने तिलावते कुरान पाक से किया। इसके बाद उन्होंने रब्बानी कैलेंडर के विभिन्न विशेषताओं को विस्तार से बताते हुए कहा कि वर्ष 2025 के सभी 12 महीना का तारीख के साथ साथ प्रत्येक पन्ना में बहुत ही खास तरीके से इस्लामिक पर्व त्योहार के अलावे वालियों के आस्ताने पर होने वाली उर्स का भी तारीख दी गई है। साथ ही ताबीज के साथ दुआएं भी दी गया है। यह कैलेंडर गुमला जिला के मुस्लिम इलाको के अलावा लोहरदगा, छत्तीसगढ़ के जशपुर, रायगढ़, लैलूंगा, रायपुर के इलाको पर अकीदतमंदों के घरों तक रब्बानी कैलेंडर कमेटी के सदस्यों द्वारा नि:शुल्क पहुंचाया जाएगा। मौके पर अंजुमन के सदर मुशाहिद आजमी, रब्बानी कमेटी सदर अफरोज रब्बानी, हाफिज जाहिद रब्बानी, हाफिज सद्दाम, साजिद रब्बानी, एखलाक रब्बानी, लड्डन, शाहजहां रब्बानी, तहसीन रब्बानी, बबलु रब्बानी, रिंकु रब्बानी, गुलाब, जसीम रब्बानी, मुर्शीद रब्बानी समेत मुरीदान व अकीदतमंद उपस्थित थे।

### घाघरा में चलाया गया वाहन जांच अभियान



घाघरा। जिला परिवहन के निर्देशानुसार, मोटरयान निरीक्षक एवं सड़क सुरक्षा के द्वारा देवाकी बाबाधाम पुल के समीप वाहन जांच चलाया गया। जिसमें बिना हेलमेट बिना ड्राइविंग लाइसेंस बिना इंश्योरेंस के पकड़े गए 5 दर्जन से ऊपर मोटरसाइकिल चालकों से ऑनलाइन जुमार्ना वसूला गया। इस क्रम में मुख्य रूप से मोटरयान निरीक्षक प्रदीप कुमार तिर्की एवं सड़क सुरक्षा प्रबंधक कुमार प्रभाष, सूचना प्रोद्योगिकी मंटू रवानी शामिल थे।

### ब्राउन शुगर के साथ युवक गिरफ्तार



गुमला। शहर के शांति नगर से गुमला थाना की पुलिस ने 80 पॉइंट ब्राउन शुगर के साथ शांति नगर निवासी 22 वर्षीय अजय कुमार साहू पिता स्वर्गीय दिलीप साहू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं आज गुमला थाना में थानेदार सुरेंद्र कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि शांति नगर कब्रिस्तान के पीछे मैदान में कुछ असामाजिक तत्व के व्यक्ति बैठकर नशापन कर रहे हैं। जिससे शांति नगर का माहौल बिगड़ा हुआ है। इस सूचना पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गुमला के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। जिसके बाद पुलिस टीम त्वरित कार्रवाई करते हुए शांति नगर कब्रिस्तान के पीछे मैदान पहुंची। जहां पर पुलिस बल को देखते हुए वहां पर बैठे कुछ व्यक्ति भागने लगे। जिसमें एक व्यक्ति को पुलिस बल ने पकड़ा। जिसकी तलाशी लेने पर उसके पेंट के बाएं पॉकेट से 80 प्वाइंट ब्राउन शुगर का पुड़िया बरामद हुआ। उन्होंने बताया कि इसका छोटा भाई भी दो माह पूर्व ब्राउन शुगर के साथ पकड़ाया था। पुलिस अन्य कारोबारी का पता लगाने में जुटी है।


# नदी, पहाड़ व जंगल के सुरम्य संगम से अच्छादित है गुमला के पिकनिक स्थल

## नदियों की कल-कल करती धाराएं, जंगलों व पहाड़ों की अनुपम छटा लोगों को करती है आकर्षित, नववर्ष पर ये हसीन वादियां सैलानियों का कर रही इंतजार

खबर मन्त्र संवाददाता



बाघमुंडा जलप्रपात का दृश्य।



नागफेनी नदी का मनोरम दृश्य।

**गुमला।** गुमला जिला के धार्मिक व रमणिक स्थल नववर्ष पर सैलानियों के इंतजार में बाहें फैलाये हुए है। नदी, पहाड़ व जंगल के सुरम्य संगम से अच्छादित गुमला के पिकनिक स्थल नववर्ष पर सैलानियों को अपनी ओर आकर्षित करती है। जिले के नदियों की कल-कल करती धाराएं, दिल को लुभा जाने वाली पहाड़ों की छटा व जंगलों का खुबसूरत परिदृश्य इन पिकनिक स्थलों की शोभा है जो लोगों को नववर्ष पर अपनी ओर खींच लेती है। इन हसीन वादियों के बीच नये वर्ष में जीवन की नई उम्मीदों की शुरूआत करने लोग परिवार के साथ पहुंचते हैं और नववर्ष का लुत्फ जश्न के साथ पिकनिक स्पॉटों में मनाते हैं। चारों ओर से प्राकृतिक सुंदरता व धार्मिक स्थलों से भरे गुमला जिला में नववर्ष का जश्न खासा उत्साह के माहौल में लोग मनाते हैं। नागफेनी नदी का विहंगम दृश्य व जलप्रपात हमेशा से जिले के लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता रहा है और शहर के अधिकांश परिवार नागफेनी नदी के तट पर सपरिवार पिकनिक मनाने पहुंचते हैं। नागफेनी नदी की कल-कल करती शीतल जल धारा को छुकर लोग इठला जाते हैं और इठलाते हुए नदी के उपर जमकर गीतों के धुन पर नृत्य भी करते हैं। इसी तरह नदी, पहाड़ एवं जंगल के अदभूत व सुरम्य संगम से अस्तित्व में आया बसिया प्रखंड का बाघमुंडा पिकनिक स्थल सैलानियों को अपनी ओर आकर्षित करता है। दक्षिण कोयल नदी की इतराती धारा को अपने में समेटते जब पत्थरों के विशाल ढेर के बीच से तीन दिशाओं में बहने को मजबूर करता यह पिकनिक स्पॉट वाकई किसी को भी मंत्रमुग्ध करने की क्षमता रखता है। यही कारण है कि गर्मी, सर्दी और बरसात या कोई मौसम हो यहां सालों भर सैलानियों का तांता लगा रहता हैं। यहां बड़ी संख्या में आते हैं और बाघमुंडा के नैर्सिगक छटाओं को देखकर उसमें खो जाते हैं। रायडीह प्रखंड स्थित हीरदाह में भी जिले वासियों की भारीभीड़ नव वर्ष पर उमड़ती है। वहीं पालकोट प्रखंड में भी वहां के सुंदर व मनोहारी दृश्य को देखने के लिए लोग भारी संख्या में पहुंचते हैं। इन पिकनिक स्थलों पर सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाज जिला प्रशासन के द्वारा नववर्ष में किया जाता है। इन पिकनिक स्थलों पर लोग परिवार के साथ आकर खुले आसमान के नीचे नववर्ष का जश्न मना सकते हैं। सभी स्थलों पर लोग सुगमता पूर्वक पहुंच सकते हैं।

## अवैध बालू लदे ट्रैक्टरों की रफ्तार से परेशान है लोग, कारोबारियों के आगे विभाग भी नतमस्तक

खबर मंत्र संवाददाता

> इनकी स्पीड इतनी होती है की ना स्पीड ब्रेकर ना सड़क के गढ़े इनकी स्पीड कम कर पाते है

**लोहरदगा।** घबराइए नहीं रात में सिर्फ ट्रैक्टर चलते हैं जिनसे आप बच गए तो खुद को भाग्यवान समझे। जी है लोहरदगा शहरी क्षेत्र में इन दिनों अवैध बालू परिवहन करते ट्रैक्टरों की रफ्तार इतनी होती है कि कमजोर दिल वालों को हार्ट अटैक ही आ जाए शहर में रात के सन्नाटे को चिरती आवाज आधी रात के बाद सडक पर चलने वाले ट्रैक्टरों की होती है जो लोहरदगा वासियों के की नींद में खलल डालती है। अगर नगरवासियों को रात में किसी आवश्यक काम से बाहर निकलना होता है तो उन्हें एकबार सोचना होता है बाहर निकले या नहीं क्योंकि आधी रात से सुबह तक चलने वाले इन ट्रैक्टरों में ना हो नंबर प्लेट लगे होते है ना ही ट्रेक्टर चालक के पास वाहन चलाने का लाइसेंस होता है। ऐसे में अगर किसी प्रकार की दुर्घटना सड़क पर होती है तो जीवन का अंत निश्चित है क्योंकि इनकी स्पीड इतनी होती है की ना स्पीड ब्रेकर ना सड़क के गढ़े इनकी स्पीड कम कर पाते है। ऐसा नहीं है की पदाधिकारियों को रात में सड़क में अवैध रूप से बालू ढूलाई में चल रहे ट्रैक्टरों का ज्ञान नहीं पर क्या करें आँख बंद करना पड़ता है। सड़क किनारे बने घरों में रहने वाले बृद्ध मरीज जो अलग अलग बिमारियों से ग्रसित है उनके दिल की धड़कन रात में चलने वाले ट्रैक्टर बढ़ा रहे साथ ही उनके नींद में खलल डाल रहे। फिर भी इन अवैध बालू कारोबारियों के आगे खनन विभाग से लेकर पुलिस प्रशाशन भी नतमस्तक है। आधी रात के बाद अवैध बालू लदे दर्जनों ट्रैक्टर शहर के सन्नाटे को चीरते हुए तीर की गति से चलती है। रफ्तार इतनी की अगर कोई गलती से इनके सामने आ जाए तो फिर अस्पताल ये शमशान ही ठिकाना हो सकता है। रात में पेट्रोलिंग कर रही पुलिस वाहन भी इन पर नकेल कसने में असफल साबित हो रहे है।

# गुमला में नाबालिग छात्रा के साथ सामुहिक दुष्कर्म, तीन गिरफ्तार

खबर मंत्र संवाददाता



गुमला। जिले के रायडीह थाना छेत्र से 22 किमी दूर एक गांव की 16 वर्षीय नाबालिग छात्रा के साथ तीन बालिग युवकों द्वारा अगवा कर सामुहिक दुष्कर्म किये जाने का मामला सामने आया है। तीनो आरोपी युवक नाबालिग के गांव से सटे बगल गांव के रहने वाले है और इनमे दो सगे भाई है। तीनो आरोपियों के नाम 19 वर्षीय अनुप बेक व उसका बड़ा भाई 20 वर्षीय अनिल बेक तथा 22 वर्षीय रोबिन लकडा शामिल है। तीनो को पुलिस ने एक बाजार से साथ मे गिरफ्तार कर सोमवार को देर शाम जेल भेज दी। तीनो ने घटना में अपनी संलिप्ता स्वीकार की है। साथ ही बताया कि तीनों बाहर में मजदूरी का काम करते थे और दो माह पूर्व ही गांव वापस लौटे है। घटना के बावत बताया जाता है कि नाबालिग छात्रा 28 दिसंबर को अपनी एक सहेली के साथ किताम बाजार गई थी। जहां से वह बाजार कर सहेली के साथ ही अपने घर लौट रही थी। तभी इसी दौरान रास्ते मे पड़ने वाले एक जंगल के समीप एक आरोपी अनूप घात लगाकर बैठा हुआ था। इसी दौरान वह दोनो सहेलियों को पकड़ लिया। मगर इस दौरान एक सहेली उसके चंगुल से बचकर भाग निकली। फिर भय के कारण घटना की जानकारी किसी को नही दी। इधर अनूप दूसरी सहेली पीड़ित युवती को अपने कब्जे में लेकर अगवा कर जंगल की ओर ले गया। इसके बाद उसने अपने बड़े भाई अनिल व दोस्त रोबिन को फोन कर जंगल बुलाया। फिर तीनो ने मिलकर उसके साथ पूरी रात दरिंदगी की। अहले सुबह उसे आरोपियों ने अपने चंगुल से घटना की जानकारी किसी को नही देने की अन्यथा अंजाम भुगतने की धमकी देकर मुक्त कर दिया।

इधर बाजार से देर रात तक उसके घर नही लौटने पर परिजन उसे ढूंढ ही रहे थे। तभी रोते हुये युवती घर पहुंची। तब उसने घटना की जानकारी दी। जिसके बाद परिजन तीनो नाम के युवकों के पता लगाया। फिर 29 दिसंबर को परिजन थाना पहुंच कर घटना की जानकारी दी।

## अवैध शराब के खिलाफ घाघरा पुलिस ने चलाया अभियान

खबर मंत्र संवाददाता

**घाघरा।** घाघरा पुलिस के द्वारा सोमवार को अवैध शराब के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया गया। इस दौरान साप्ताहिक हाट में थानेदार तरुण कुमार दलबल के साथ पहुंचे और अवैध रूप से बेचे जा रहे महुआ शराब लगभग 300 लीटर जब्त कर नष्ट किया। पुलिस को देख लोग इधर से उधर भागते नजर आये। थानेदार ने लोगों को हिदायत देते हुए कहा है कि बाजारों में या किसी भी तरह से शराब की बिक्री करना बंद करें अन्यथा सीधे कानूनी कार्रवाई किया जायेगा। शराब के कारण कई घर उजड़ रहे है। खासकर महिलाओं से आग्रह करते हुए कहा है कि शराब बनाना बंद करे।

साथ ही उन्होंने यह भी कहा है कि आज सिर्फ शराब को नष्ट कर सबक के तौर पर छोड़ा गया है। सभी लोग इससे सबक ले अन्यथा प्रखंड क्षेत्र में लगने वाले साप्ताहिक हाट के अलावे अन्य जगहों पर बेचने वाले अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा और पकड़े जाने पर सीधे कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### गुमला डीसी ने झरगांव का दौरा कर सुनी लोगों की समस्या, कहा

## ग्रामीणों की सुविधाओं के लिए करेंगे काम

खबर मन्त्र संवाददाता



**गुमला।** प्रखंड का झरगांव जिसे 2010-11 के दौरान राज्य का पहला आदर्श ग्राम के रूप में विकसित किया गया था को पुनः जागृत करने की दिशा में प्रशासनिक प्रयास तेज हो गए हैं। झरगांव में समग्र ग्राम विकास कार्यक्रम के तहत विभिन्न विभागों, बैंक और सामुदायिक सहभागिता का समावेश कर एक नया विकास मॉडल तैयार किया गया था। इस दौरान सोलर लाइट, पीसी पथ, मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र, मॉडल प्राथमिक विद्यालय और बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण जैसी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन किया गया था। सोमवार को डीसी कर्ण सत्यार्थी ने झरगांव का दौरा किया और महिला समूह के साथ बैठक कर आजीविका वृद्धि के लिए नई पहल पर विचार-विमर्श किया। ग्रामीणों की आर्थिक सशक्तिकरण के लिए वृक्षारोपण, मशरूम की खेती, फिश फीड जैसे रोजगार के नए अवसर तलाशने और उन पर काम करने का निर्णय लिया गया। ग्राम प्रधान मिंजवा उरांव ने उपायुक्त के साथ बैठक में ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं से पुनः अच्छादित करने की सहमति जताई। उपायुक्त ने ग्राम संसद भवन में महिला मंडल और ग्रामीणों के साथ संवाद किया।

### शोकाकुल परिवार से मिले सांसद सुखदेव भगत



लोहरदगा। बलदेव साहू महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य गोस्सनर कुजुर के साथ उनके पुत्र एवं उनके साला का विगत 24 दिसंबर को भंडरा प्रखंड के कोटा ग्राम में सड़क दुर्घटना में निधन हो गया था। जिसकी जानकारी मिलने के बाद सांसद सुखदेव भगत दिल्ली से आने के उपरांत उनके घर जाकर शोकाकुल परिवार से मिलकर अपनी ओर से गहरी संवेदना प्रकट किया। उन्होंने कहा कि वह इस दुख की घड़ी में शोकाकुल परिवार के साथ है। शोक व्यक्त करने में सांसद सुखदेव भगत के साथ आलोक कुमार साहू, कुणाल अभिषेक, रवि रोशन बेक मौजूद थे।

### राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में लोहरदगा को एक सिल्वर सहित चार पदक मिले



लोहरदगा। तीन दिवसीय राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता खेलगांव में आयोजित तीसरा भगवान बिरसा मुंडा ओपन राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में लोहरदगा जिला के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। जिले से पांच खिलाड़ियों ने झारखंड टीम का प्रतिनिधित्व किया। जिसमें चार खिलाड़ियों ने मेडल प्राप्त किया। मेडल प्राप्त करने वाले में जूनियर वर्ग में अंडर 51 केजी में मनजीत उरांव सिल्वर मेडल, अंडर 55 केजी में मोहित उरांव ब्रॉन्ज मेडल, सीनियर वर्ग में 46 केजी में मिताली उरांव एवं जयमाला कुमारी ब्रॉन्ज मेडल लाकर जिले और अपने राज्य के नाम रोशन किया। मेडल प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को जिला के जिला सचिव अजय कुमार महतो ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन से जिला और राज्य का नाम रौशन हुआ है। भविष्य में भी इसी तरह का प्रदर्शन की आशा व्यक्त की है। खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन पर जिले के जनप्रतिनिधि और खेल प्रेमियों ने भी बधाई दी है।

### बोलेरो की टक्कर से युवक घायल

चैनपुर। चैनपुर थाना क्षेत्र में सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। कुछ दिन पहले भी एक सड़क दुर्घटना हुई थी और सोमवार को सरखी मोड़ के पास एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान आतीज प्रीतम किंडो पिता अजय किंडो केडेंग गांव निवासी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार प्रीतम पैदल चल रहा था। तभी तेज रफ्तार में आई एक अज्ञात बोलेरो ने उसे टक्कर मार दी और चालक मौके से फरार हो गया। इस हादसे में प्रीतम गंभीर रूप से घायल होकर सड़क के किनारे गिर गया। राहगीरों ने घटना की सूचना चैनपुर थाना को दी। एएसआई नंदकिशोर कुमार घटना स्थल पर पहुंचे और एंबुलेंस को बुलाया। गंभीर हालत के चलते प्रीतम को बेहतर इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल भेजा गया। पुलिस अब अज्ञात बोलेरो की तलाश कर रही है।

## झारखंड आंदोलनकारी दिवस के रूप में मनेगा मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा जयंती : अमर

खबर मंत्र संवाददाता



**लोहरदगा।** झारखंड आंदोलनकारी महासभा के तत्वावधान में 3 जनवरी दिन शुक्रवार को 11:00 बजे से लोहरदगा समाहरणालय के सामने यूकेलिप्टस मैदान में मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जयंती को झारखंड आंदोलनकारी दिवस के रूप में मनायी जायेगी। उक्त आशय की जानकारी महासभा लोहरदगा जिला समिति के कार्यकारी जिला अध्यक्ष अमर किन्डो, सचिव विशेषण भगत, प्रवक्ता अनिल कुमार भगत, कोषाध्यक्ष कृष्णा कुमार ठाकुर, चैतू मुंडा, दशरथ उरांव, मनोज उरांव, सोमनाथ उरांव, जगदीश उरांव, नगर अध्यक्ष रूस्तम खान, सचिव दिनेश साहू, भोला भगत, आनंद उरांव, सुखदेव उरांव, जहांआरा बेगम, सीता उरांव, बालोमनी बाखला, अजीत खाखा, तारा खलखो, रामधनी भगत, राजू गुप्ता, सुखराम भगत, बिमलावती कुमारी, लक्ष्मी देवी, जगदीश उरांव, भोला भगत, सूरजमोहन लकड़ा ने संयुक्त रूप से बयान जारी कर दी है। नेताओं ने कहा है कि मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा जयंती के साथ-साथ क्रांति ज्योति सावित्री फुले बाई की भी जयंती पर नमन कार्यक्रम किया जाएगा। जिसमें केन्द्रीय समिति के अध्यक्ष राजू महतो वरीय उपाध्यक्ष अश्विनी कुजूर, प्रधान महासचिव कयूम खान, जिला संयोजक प्रो. विनोद भगत सहित कई गण्यमान्य भाग लेंगे। नेताओं ने सभी आंदोलनकारियों से अपील किया है कि निर्धारित स्थान पर ससमय पहुंच कर जयंती समारोह को सफल करें।

## कैरो में कृषक प्रक्षेत्र पाठशाला का आयोजन




कैरो। जिला कृषि विभाग सह आत्मा के द्वारा सोमवार को गितिलगढ़ में कृषक प्रक्षेत्र पाठशाला का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित किसानों को कृषि की जानकारी देते हुए प्रखंड तकनीकी प्रबंधक ज्ञान साहू द्वारा मृदा स्वास्थ्य जांच, टपक सिंचाई प्रणाली, जैविक खाद बनाने की विधि, बीजोपचार सहित कई अहम विंदु पर जानकारी देते हुए बताया कि अगर किसान जागरूक होकर खेती से जुड़ी जानकारी को रखना चाहिए ताकि कम खर्च में ज्यादा लाभ कमा सकें। उन्होंने बताया कि मौसम के अनुसार खेती कार्य करे साथ ही आधुनिक तरीके को अपनाते हुए खेती करने से ज्यादा मुनाफा किसान काम सकते है। मौके पर एटीएम अनुराधा कुमारी, महादेव उरांव, वीरेंद्र उरांव, मंटू उरांव, रमेश ओझा, सुगंती आदि मौजूद थे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# दामोदर नदी का उदगम स्थल चूल्हा पानी से जुड़े है कई कथायें

## पेड़ की जड़ों से निरंतर जलधारा निकलती है, जो बाद में विशाल दामोदर नदी का रूप लेती है

> सरकार और प्रशासन ध्यान दे तो पर्यटक स्थल के रूप में प्रसिद्ध हो सकता है दामोदर नदी का उदगम स्थल चूल्हा पानी

खबर मंत्र संवाददाता



पेड़ की जड़ से निकलता पानी।



दामोदर नदी का उदगम स्थल चूल्हा पानी।

**लोहरदगा।** लोहरदगा जिला पहाड़ों से घिरा हुआ है। जहां की प्राकृतिक वादियों की खूबसूरती देखती ही बनती है लेकिन यहां के पहाड़ों में कई रहस्य भी मौजूद हैं। ऐसा ही एक रहस्य है चूल्हा पानी जिसे दामोदर नदी का उदगम स्थल कहा जाता है। जिले के कुडू प्रखंड में चूल्हा पानी स्थित है। दामोदर नदी का उदगम स्थल चूल्हा पानी चारों तरफ पहाड़ों से घिरा हुआ है, जिसके कारण यहां लोगो को कुदरत का मनोरम दृश्य देखने को मिलता ह। यहां पेड़ की जड़ों से निरंतर जलधारा निकलती है, जो बाद में विशाल दामोदर नदी का रूप लेती है। ताजुब्ब की बात ये है कि जिस पेड़ की जड़ों से जलधारा निकलती है उस पेड़ के पीछे कोई जल का श्रोत नहीं है। यहां का जल औषधि के रूप में भी काम आता है। लोगो का मानना है कि यहां निरंतर नहाने और इस जल को पीने से चर्म रोग दूर होता है। वही चूल्हा पानी से निकलने वाली जलधारा का तापमान मौसम के विपरीत होती है। गर्मियों में ठंडा तो सर्दियों में गर्म। वैसे तो चूल्हा पानी का विकास अपेक्षित रूप से वैसा नहीं हो पाया है, लेकिन फिर भी अब वहां तक पहुंचने के लिए सड़क का निर्माण किया जा रहा है । साथ ही उसे पर्यटन के रूप में विकसित करने को लेकर सरकारी स्तर पर कार्य किया जा रहा है।

### भगवान राम-सीता से जुड़ा है किस्सा

स्थानीय लोगों का कहना है कि वनवास काल में माता सीता, भगवान राम और लक्ष्मण के साथ इस रास्ते से गुजरे थे। इस जगह पर चूल्हा बना कर तीनों खिचड़ी बनाकर खाए थे। जिसके बाद से ही उस चूल्हा से जलधारा बहने लगी। इसलिए इस स्थल का नाम चूल्हा पानी पड़ा। ग्रामीणों का कहना है कि अगर सरकार और प्रशासन पहल कर इस स्थल तक जाने के लिए अच्छी सड़क का निर्माण कर दे, तो यह स्थल पर्यटक के साथ-साथ धार्मिक स्थल के रूप में विकसित हो जाएगा। इससे ग्रामीणों को रोजगार भी मिलेगा। नए साल में यहां लोग परिवार संग पहुंचते हैं और पूजा अर्चना कर नए साल की खुशियां मनाते। नए साल में यहां लोगो की भीड़ देखी जाती हैं और लोग यहां की प्राकृतिक सौंदर्य और कुदरत के करिश्मा को देखने पहुंचते है।

# लायंस क्लब ने आदिम जनजाति के 70 लोगों के बीच किया कंबल का वितरण

खबर मंत्र संवाददाता



**गुमला।** ठंड के प्रकोप को देखते हुए पालकोट प्रखण्ड के जलडेगा गांव स्तिथ आदिम जनजाति परिवार के सदस्यों के बीच लायंस क्लब गुमला के द्वार 70 कंबल का वितरण किया गया। कंबल पाकर लोग क्लब के सदस्यों को ढेर सारी शुभकामना दी। मौके पर अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल ने कहा कि गरीब, असहाय व जरूरतमंदों के बीच कम्बल का वितरण सौभाग्य की बात है। इस तरह का आयोजन से मानव सेवा करने का प्रेरणा मिलता है। क्लब के सचिव अशोक जयसवाल ने कहा कि लायंस क्लब विगत कई वर्षों से सामाजिक कार्यो में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेता आ रहा है। ठंड में कंबल वितरण, मेडिकल कैम्प, पौधा वितरण, नेत्र शिविर जैसे कैम्प लगाकर मानव सेवा का काम किया जाता है। उन्होंने कहा कि 5 जनवरी को लायंस क्लब गुमला में नेत्र जांच शिविर रखा गया है। धन्यबाद ज्ञापन योगेंद्र प्रसाद साहू ने किया। मौके पर अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल, सचिव अशोक जयसवाल, पूर्व अध्यक्ष शंकर लाल जजोदीया, पीआरओ योगेंद्र प्रसाद साहू, अरुण कुमार केसरी, मुरली मनोहर प्रसाद, संजय अग्रवाल, शिव कुमार लाल, बृजकिशोर पोगला, विजय अग्रवाल, बसंत गुप्ता, सत्यनारायण केसरी, शामिल थे।

# भाकपा माओवादी के सक्रिय सदस्य चंद्रदेव सिंह गिरफ्तार

## दो एके-47 समेत कई आपत्तिजनक सामग्री बरामद, 15 लाख के इनामी एरिया कमांडर छोटू खरवार की हत्या में भी था आरोपी

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार पुलिस ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन भाकपा माओवादी के सक्रिय क्रियावादी सदस्य को मनिका थाना क्षेत्र से हथियार समेत गिरफ्तार किया है। वहीं दिन सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय लातेहार में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया गया सूचना प्राप्त हुई कि प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन भाकपा माओवादी के सक्रिय क्रियावादी सदस्य मनिका थाना क्षेत्र के ग्राम दुंदु,चौकिया व करमाही क्षेत्र में भ्रमणशील है एवं अपना पहचान छुपाकर गुप्त रूप से एरिया का रिकी कर किसी अप्रिय घटना को अंजाम देने की फिराक में है। वहीं प्राप्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरवाडीह के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया तथा प्राप्त सूचना के अनुसार ग्राम दुंदु,चौकिया व करमाही में गुप्त तरीके से घेराबंदी कर छापामारी किया गया,जिसमें ग्राम चौकिया स्थित सुकरी नदी के किनारे



प्रेस वार्ता कर जानकारी देते एसपी

प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन के भाकपा माओवादी के सक्रिय क्रियावादी चंद्रदेव सिंह,पिता लखन सिंह,ग्राम कुई,थाना मनिका,जिला लातेहार को विधिवत गिरफ्तार किया गया,इनके निशानदेही पर दो फोल्ड बट सीलिंग लगा हुआ एके-47 राइफल,4 एके-47 राइफल का मैगजीन जिसमें क्रमशः21,30,15 तथा 25 चक्र कुल-91 जिंदा कारतूस,समेत कई आपत्तिजनक सामग्री बरामद किया गया। उल्लेखनीय है कि चंद्रदेव सिंह प्रतिबंधित भाकपा माओवादी उग्रवादी संगठन के सक्रिय क्रियावादी सदस्य है जिस पर लातेहार थाना में कई कांड दर्ज है एवं फिलाल लाल वारंटी अभियुक्त है तथा 15 लाख का इनामी भाकपा माओवादी उग्रवादी संगठन के एरिया कमांडर छोटू खरवार की हत्या का आरोपी है। साथ ही लातेहार जिला अंतर्गत व्यक्तियों एवं कंपनियों से लेवी वसूली, आगजनी, फायरिंग व हत्या करने में माहिर है जो कई वर्षों से फरार चल रहा था। वहीं इस छापामारी दल में थाना प्रभारी मनिका शशि कुमार, स.अ.नि. रणधीर कुमार सिंह, स.अ.नि. विनोद कुमार यादव, स.अ.नि. मनोज कुमार दुबे, आ. उदित कुमार, मोहम्मद नईम अंसारी, वीरेंद्र कुमार पासवान, कन्हाई साव, हितेश कुमार महतो, सुशील कुमार चंपी, अभिजीत कुमार राज, ओमप्रकाश सिंह एवं कमलेश कुमार सिंह शामिल थे।

# शिक्षा के साथ हर कला में निपुण है विद्यालय के विद्यार्थी: चंदन प्रसाद

### ग्रीन फील्ड एकेडमी में साइंस एग्जीबिशन सह आर्ट एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी का हुआ आयोजन



कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि



विद्यार्थियों द्वारा लगाया गया स्लॉट में प्रदर्शनी का अवलोकन करते अतिथि

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** सरोज नगर स्थित ग्रीनफील्ड एकेडमी सीनियर विंग प्रांगण में सोमवार को साइंस एग्जीबिशन सह आर्ट एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी प्रदर्शनी के माध्यम से प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बतौर मुख्य अतिथि बीडीओ चंदन प्रसाद, विशिष्ट अतिथि सुजीत सिंह, रितेश कुमार, विद्यालय के डायरेक्टर अरविंद सिंह, प्रिंसिपल उदय नारायण कपूर, आनंदी सोरेन व अन्य अतिथियों से संयुक्त रूप से फीता काटने के उपरांत दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उद्घाटन के उपरांत अतिथियों ने लगाए गए प्रदर्शनी का अवलोकन किया जहां विद्यार्थियों ने अतिथियों को अपने द्वारा बनाए गए प्रोजेक्ट प्रदर्शनी से संबंधित जानकारी दी, प्रदर्शनी का उल्लेख के बाद अतिथियों ने विद्यार्थियों के प्रयासों की खूब प्रशंसा की। खास तौर पर सोलर सिस्टम, तारा मंडल, ग्लोबल वार्मिंग, वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, सोलर एनर्जी समेत कई प्रोजेक्ट काफी पसंद किए गए। इस मौके पर बीडीओ चंदन प्रसाद ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि विद्यार्थी पढ़ाई के साथ-साथ हर कला में निपुण हैं। आज विज्ञान सह कला प्रदर्शनी में जिस प्रकार विद्यार्थियों ने अपने नेतृत्व क्षमता व प्रतिभा का प्रदर्शन किया है वह निकट भविष्य को ध्यान में रखते हुए समाज को कई सिख देती है। वहीं विद्यालय के डायरेक्टर अरविंद सिंह ने कहा कि पढ़ाई के साथ खेल व कला को मंच दिया जाए इसको लेकर विद्यालय परिवार लगातार प्रयासरत है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों के द्वारा विभिन्न प्रकार के खाने पीने के लजीज व्यंजनों का स्टॉल के साथ खेल व मनोरंजन संबंधी स्टॉल भी लगाए गए थे, जिसका लुप्त विद्यार्थियों एवं अभिभावकों ने उठाया। इसके पूर्व कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे अतिथियों का विद्यालय की नन्ही छात्रा अद्विका कुमारी व अन्य के द्वारा पुष्प गुच्छ प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### जिला स्तरीय रबी कार्यशाला का किया गया आयोजन

# वैज्ञानिक विधि से खेती कर किसान अपने आमदनी को दोगुना कर सकते है: अमृतेश

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** जिला कृषि कार्यालय के सभागार में सोमवार को जिला स्तरीय रबी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ जिला कृषि पदाधिकारी अमृतेश कुमार सिंह, विनोद उरांव जिला परिषद सदस्य, सुनिता कुमारी जिला परिषद सदस्य बालुमाथ, प्रमोद कुमार कृषि वैज्ञानिक क्षेत्रिय अनुसंधान केन्द्र चियांकी पलामू, महेश चन्द्र जेई वरीय वैज्ञानिक-सह-कृषि विज्ञान केन्द्र बालुमाथ, देवनाथ कुमार चौरसिया जिला पशुपालन पदाधिकारी, जगमनि टोपनों जिला सहकारिता पदाधिकारी, स्वर्णलता मधु लकड़ा जिला मत्स्य पदाधिकारी, विवेक मिश्रा भूमि संरक्षण पदाधिकारी, संजय कुमार राम अनुमण्डल कृषि पदाधिकारी, मुक्ता रानी सहायक मिट्टी रसायनज्ञ मिट्टी जांच प्रयोगशाला ने संयुक्त रूप से किया। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अमृतेश कुमार सिंह ने कृषि विभाग, उद्यान विभाग, आत्मा एवं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन-दलहन, तेलहन एवं मोटे अनाज इत्यादि योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक बताया एवं उसका लाभ उठाने हेतु किसानों को कहा। उन्होंने आगे बताया की रबी फसल जैसे सरसों,



संबोधित करते जिलाा कृषि पदाधिकारी

चना, मसूर, गेहू इत्यादि फसलों का वैज्ञानिक विधि से खेती कर किसान अपने आमदनी को दोगुना कर सकते है। वहीं विनोद उरांव जिला परिषद सदस्य ने किसानों को कहा कि विभाग से तकनीकी जानकारी प्राप्त कर खेती में उपयोग करे एवं विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ उठावे। सुनिता कुमारी जिला परिषद सदस्य बालुमाथ ने कहा कि रबी फसलों का वैज्ञानिक तरीके से खेती करें। प्रमोद कुमार कृषि वैज्ञानिक क्षेत्रिय अनुसंधान केन्द्र चियांकी पलामू ने कहा कि रबी फसलो के साथ साथ सब्जी का खेती कर किसान आत्मनिर्भर बन सकते है। महेश चन्द्र जेरई वरीय वैज्ञानिक-सह-कृषि विज्ञान केन्द्र ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि किसान कृषि के नये-नये तकनीकों एवं कृषि यंत्रों का उपयोग कर अच्छा उत्पादन कर सकते है। तकनीकी जानकारी हेतु कृषि विज्ञान केन्द्र, बालुमाथ से सम्पर्क किया जा सकता है। कार्यक्रम में उपस्थित किसानों को लाईन डिपार्टमेंट के पदाधिकारियों नें अपने अपने विभाग में संचालित योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी एवं उसका लाभ उठाने हेतु कहा। मौके पर मंच संचालन समीम अंसारी, सहायक तकनीकी प्रबंधक, बालुमाथ ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला साख्यिकी पदाधिकारी, डीडीएम नाबार्ड, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, सविता उरांव, उप परियोजना निदेशक आत्मा, मनीष कुमार पाण्डेय, रामनाथ यादव, परमानंद, जितेन्द्र कुमार सिंह, जनसेवक, कृषक मित्र एवं दर्जनों प्रगतिशील किसान उपस्थित थे।

# सड़क निर्माण में प्रतिदिन एक ही तालाब से पानी उठाव

### ग्रामीणों में रोष, किया विरोध

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** पथ निर्माण विभाग द्वारा बारियातू से फूलसु लाटू होते हुए 72 करोड़ रुपये की लागत से 23.5 किलोमीटर लंबी सड़क के चौड़ीकरण और मजबूतीकरण का कार्य किया जा रहा है जिसमे हिसरी स्थित पुरानी तालाब से प्रतिदिन संवेदक द्वारा पानी उठाव का ग्रामीणों ने विरोध किया। ग्रामीणों मे संवेदक के मनमानी रवैया के कारण लोगों को रोष व्याप्त हैं। इस संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि पथ निर्माण विभाग द्वारा हेरहंज से लाटू फुलसू होते हुए बारियातू मुख्य सड़क तक चौड़ीकरण एंव मजबूतीकरण का कार्य चल रहा है जिसमे हिसरी ग्राम के एक मात्र पुरानी तालाब है। जहां से संवेदक द्वारा प्रतिदिन टैंकर से पानी निकाल



पानी उठाता टैंकर

कर सड़क में छिड़काव कराया जा रहा है जिससे तालाब का जलस्तर तेजी से घटता जा रहा है।जिससे स्थानीय ग्रामीणों को दैनिक कार्य सहित गरमी के मौषम मे मवेशीयों को पानी के लिए परेशानी बढ़ेगी। साथ ही ग्रामीणों ने कहा की यह तालाब हमारे और आसपास के कई गांवों के साथ टोलों के पशु-पक्षियों के लिएं भी एकमात्र जलस्रोत है। और इसमे से लगातार जल निकासी करने के कारण तालाव सूखने की कगार पर पहुंच चुका है। आनेवाले गर्मी के मौसम मे ग्रामीणों के कई दैनिक कार्य के साथ पशुओं को पानी पिलाने के लिए भी भारी संकट उत्पन्न हो सकता है।ग्रामीणों का आरोप है की संवेदक के मनमानी से प्रतिदिन पानी निकासी किया जा रहा है यह कार्य अनैतिक के साथ साथ नियम के बिरुद्ध है। साथ ही सरकारी धन और जनहित के साथ यह सीधा खिलवाड़ किया जा रहा है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि सड़क निर्माण में मानकों की अनदेखी की जा रही है। पुराने कालीकरण सड़क को उखाड़कर निकले मलब को डस्ट के साथ मिलाकर सड़क निर्माण में उपयोग किया जा रहा है। सड़क निर्माण कार्य में जेएसपी (जगह-जगह स्टोन पिचिंग) का भी नहीं किया जा रहा है। ग्रामीणों ने उपायुक्त व संबंधित विभाग से तालाव से पानी निकासी पर तत्काल रोक लगाने और सड़क निर्माण कार्य की गहन जांच कराते हुए दोषी संवेदक पर उचित कार्रवाई करने की गुहार लगायी है।

# डीडीसी ने किया जिला स्तरीय कार्यशाला का उद्घाटन



उद्घाटन करते डीडीसी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जिला मत्स्य कार्यालय गढ़वा में सोमवार को जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन डीडीसी पशुपति नाथ मिश्रा ने किया। इस अवसर पर कौशल किशोर तथा सीसीसी जिला प्रबंधक मनीष कुमार समेत विभिन्न प्रखंडों से आए हुए करीब 200 मत्स्य कृषक, मत्स्य बीज उत्पादक, मत्स्य मित्र, केज पालक आदि उपस्थित थे। ज्ञात हो कि विगत दिनों कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग झारखंड मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के दिशा-निर्देश के आलोक में सभी जिलों में कार्यशाला के कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

# खेल कूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन



उद्घाटन करते अतिथि

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार/गारू।** बी. एल. फाउंडेशन द्वारा रामसेली बारेसाढ द्वारा खेल कूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का मुख्य अतिथि डॉ रामेश्वर उरांव ने उद्घाटन किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक लातेहार कुमार गौरव, जैप 2 की कमांडेंट सरोजनी लकड़ा उपस्थित रही।

झारखंड की सभ्यता एवं संस्कृति खेल को बचाए जाने को लेकर इस कार्यक्रम के आयोजनकर्ता बी एल फाउंडेशन को बहुत-बहुत बधाई साथ युवाओं एवं युवतियों के प्रेरणा श्रोत सुदूर वर्ती आदिवासी बाहुल्य ग्राम से निकली साधारण खिलाड़ी सरोजनी लकड़ा ने आई पी एस तक के सफर को तय किया। इस अवसर डी.एस.पी शिव पूजन बहेलिया, जिला खेल पदाधिकारी संजीत कुमार, खेल समन्वयक लखेश्वर मंडल, मायापुर के मुखिया, थाना प्रभारी अजीत कुमार, बी एल फाउंडेशन की कांति लकड़ा, इग्नेश सरिता लकड़ा, बिमल लकड़ा समेत अन्य मौजूद थे। मंच संचालन विश्वजीत कुमार ने किया। धन्यवाद ज्ञापन फादर अशोक नगेसिया ने किया।

# डीएवी में साइंस एग्जीबिशन बाल मेला का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** प्रखंड के डीएवी पब्लिक स्कूल में सोमवार को साइंस एग्जीबिशन बाल मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सेल डीजीएम सह विद्यालय के चेयरमैन एसयू मेदा को विद्यालय के मुख्य द्वार पर बच्चों एवं शिक्षकों ने तिलक चंदन कर तथा मंच पर विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र सचदेवा ने मुख्य अतिथि डीजीएम को पुष्प गुच्छ प्रदान कर स्वागत किया। तत्पश्चात सभी गणमान्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र सचदेवा ने कहा कि आप सबों के आने से विद्यालय के बच्चों का उत्साह बढ़ता है तथा हम सभी शिक्षकों को भी बहुत अच्छा लगता है। विज्ञान प्रदर्शनी के विषय में बताते हुए शिक्षक प्रवीण पांडेय ने बताया कि हमारे बच्चे न केवल किताबी ज्ञान अर्जित करते हैं, बल्कि उन्हें जीवन



उद्घाटन करते अतिथि

में कैसे उतारना है, प्रैक्टिकल रूप में भी विज्ञान के सभी आयामों को अपने मेडल के माध्यम से प्रदर्शित किए। विज्ञान प्रदर्शनी के निर्णायक मंडली के तौर पर बीएसएम कॉलेज के प्रो. अनेश कुमार सिंह, प्रो. श्रीराम सिंह, प्रो. एपी सेंगर, प्रो. वीके विश्वकर्मा शामिल थे। मुख्य अतिथि सह चेयरमैन एवं निर्णायक मंडली द्वारा एक-एक मेडल को बड़े ही रुचि पूर्ण तरीके से देखा तथा बच्चों से परिचय भी पूछा। निर्णायक मेडल के चारों सदस्यों ने प्रत्येक मॉडल को देखकर उसके लिए निर्धारित अंकों में से मॉडल के अनुसार नंबर प्रदान किए। वहीं दूसरी और विद्यालय के बच्चों का लगभग 30 काउंटर खाने-पीने की सामानों का भी लगा हुआ था, जिसमें दुकानदार और ग्राहक दोनों विद्यालय के ही बच्चे थे। बच्चों ने बड़े ही उत्साह से व्यापार का एक नया अनुभव इस बाल मेला से प्राप्त किया। बच्चों के अभिभावक भी बच्चों के इन सभी गतिविधियों को देखकर बहुत प्रसन्न थे। संगीत शिक्षक गणेश त्रिवेदी के नेतृत्व में बच्चों ने एक से बढ़कर एक रंगारंग प्रस्तुति गीत एवं नृत्य का देकर सभी दर्शकों का मनोरंजन किया। साइंस एग्जीबिशन में करीब 300 बच्चों ने अपना वर्किंग और नन वर्किंग मॉडल का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में प्रत्येक कक्षा के प्रथम आने वाले बच्चों को ही प्रमाण पत्र व मेडल प्रदान किया गया। प्राचार्य ने बताया कि शेष सभी विजेताओं को भी मेडल व प्रमाण पत्र के साथ-साथ प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की शिक्षिका पूर्वी रंजन, अनिल कुमार, द्विवेदी प्रवीण पांडे, अक्षिता द्विवेदी एवं मयंक कुमार ने किया। मौके पर विद्यालय के शिक्षक एपी सिंह, जेएस तिवारी, संजय कुमार राय, राजेंद्र कुमार सिंह, अरुण कुमार सिंह, सुमंतार दुबे, प्रमोद कुमार, लक्ष्मण कुमार, रंजना वर्मा, शशिबाला, रश्मि सिंह, प्रियंका कुमारी, डोली कुमारी आदि उपस्थित थे।

## एक नजर में

### वन भूमि पर संचालित अवैध ईंट भट्ठे के खिलाफ विभाग ने की कार्रवाई

**चंदवा।** प्रखंड के विभिन्न इलाकों के वन क्षेत्र में इन दिनों अवैध रूप से अवैध बांग्ला ईंट भट्ठे का कारोबार जोरो से फल फूल रहा है। ताजा मामला थाना क्षेत्र के चकला पंचायत अंतर्गत वन क्षेत्र से आया है जहां वन क्षेत्र में अवैध रूप से ईंट भट्ठा संचालित किया जाने का मामला प्रकाश में आया है। मामला संज्ञान में आने के बाद वन क्षेत्र पदाधिकारी नंदकुमार मेहता के निर्देशन में विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए अभियान चलाया, कर्मियों ने बताया की अभियान के दौरान महमूद मियां पिता शमसुद्दीन मियां व खलील मियां पिता स्व. कलीम मियां के भट्टे में जांच के दौरान भारी मात्रा में अवैध रूप से जमा कर रखे गए कोयले व तिरपाल की बरामदगी की गई है, जिसके बाद बरामद कोयले को जब्त कर विभाग के द्वारा अग्रतर कार्रवाई की प्रक्रिया की जा रही थी। मामले में वन क्षेत्र पदाधिकारी नंद कुमार मेहता ने बताया कि मामले में कार्रवाई की जा रही है, संलिप्त लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जाएगी। अभियान में वन विभाग के वनपाल सुनील कच्छप, आलोक तिग्गा व अन्य शामिल थे।

### खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने के लिए स्टेडियम का होगा निर्माण

**बरवाडीह।** जिला कबड्डी एसोसिएशन के सचिव अशफाक अहमद मुन्ना ने सोमवार की सुबह मनिका विधानसभा के विधायक रामचंद्र सिंह से उनके मंगरा स्थित आवास पर मुलाकात करते हुए जीत की बधाई दी और शॉल भेंटकर सम्मानित किया। मुलाकात के दौरान अशफाक मुन्ना ने जिले भर के कबड्डी से जुडी प्रतिभा को निखारने में आ रही परेशानी से अवगत कराया और सरकार के माध्यम से बरवाडीह में कबड्डी के डे बॉडिंग सेंटर खोलने की मांग की। बताया कि इस सेंटर के माध्यम से युवाओं को कबड्डी के तकनीकी कौशल में प्रशिक्षित किया जाएगा, जिससे उनकी खेल प्रतिभा को नई दिशा मिलेगी। विधायक रामचंद्र सिंह ने इस पहल पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी और कबड्डी के खेल को बढ़ावा देने के लिए हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। विधायक ने यह भी कहा कि प्रखंड स्तर पर स्टेडियम का निर्माण कराने के साथ कबड्डी का डे बॉडिंग सेंटर भी खोला जायेगा। इस प्रस्ताव को लेकर क्षेत्रवासियों में उत्साह है और उम्मीद जताई जा रही है कि इससे कबड्डी व अन्य खेलों से जुड़े प्रतिभाओं को नई पहचान मिलेगी। इस मौके पर मुन्ना खान, राजद प्रदेश महासचिव अजय चंद्रवशी, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह, युवा नेता विजय बहादुर सिंह वरिष्ठ नेता अनिल सिंह, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष प्रिंस गुप्ता और शुभम दुबे समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### पुलिस ने एक एकड़ में लगे गांजा की खेती को किया नष्ट

**बालूमाथ।** बालूमाथ पुलिस ने सोमवार को लगभग एक एकड़ में लगे अवैध गांजा की खेती को नष्ट किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार ने बताया कि लातेहार एसपी कुमार गौरव को सूचना मिली थी कि बालूमाथ थाना क्षेत्र के चेताग पंचायत अंतर्गत पिंडाराहीटोला,सेमरसोत ग्राम में करीब भारी मात्रा में अवैध गांजा की खेती की गई है। सूचना के बाद एसपी के निर्देश पर एक टीम का गठन किया गया था। जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सभी फसलों को लाठी डंडे से पीटकर नष्ट कर दिया। वहीं उन्होंने बताया कि गांजा की अवैध खेती करने वाले लोगों का नाम चिन्हित किया जा रहा है। और जल्द इस पर कार्रवाई की जाएगी। वही इस छापेमारी दल में बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार समेत सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### किसानो को धान बेचने में हो रही परेशानी

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय में मिलर की लापरवाही के कारण धान अधिप्राप्ति केंद्रो में तैतीस सौ क्विंटल धान रखा पड़ा है। जिसके कारण धान अधिप्राप्ति केंद्र में धान की खरीद में समस्या हो रही है। वहीं किसानों ने बताया की मिलर की लापरवाही के कारण उनका धान अधिप्राप्ति केंद्रो में पड़े रहने से न तो उनका धान बेचा पा रहा है और न ही बेचे गये धान की द्वितीय किस्त की राशि का भुगतान हो पा रहा है।जानकारी के अनुसार मनिका प्रखंड में मटलौंग,मनिका व कुई लैम्पस में धान अधिप्राप्ति केंद्र खोला गया है जहां पर किसानों के द्वारा पंद्रह दिनों से बेचे गये धान को सरकार द्वारा खरीदा जा रहा है। वहीं मटलौंग लैम्पस प्रबंधक व धान अधिप्राप्ति केंद्र के प्रबंधक विजय यादव ने बताया की नौ सौ क्विंटल धान उनके यहां गोदाम में पड़ा हुआ है।

### बरवाडीह के युवक की कर्नाटक में संदेहास्पद स्थिति में मौत

**बरवाडीह।** एक बार फिर पेट की आग बुझाने परदेस गए बरवाडीह के युवक की मौत से एक घर का चिराग बुझ गया। बेरोजगारी और परिवार की जरूरत को पूरा करने के लिए अपने घर की दहलीज को छोड़ कर्नाटक गए बरवाडीह प्रखण्ड के चुंगरू गांव निवासी चंदन उरांव पिता अरविंद उरांव की कर्नाटक में संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गई। लेकिन बेबसी ऐसी है कि परिजनों के पास अपने बच्चे के शव को लाने तक के पैसे नहीं है। घटना को लेकर मिली जानकारी के अनुसार चंदन कर्नाटक के मदिकेरी में एक कॉफी बगान में काम करता था। रविवार को काम से वापस अपने रूम में लौटने के बाद रात्रि मे दोस्तों के साथ खाना खाने के उपरांत कमरे से फोन से बात करते हुए बाहर निकला बहुत देर तक वापस नहीं आने के बाद उसके साथी ने जब बाहर जाकर देखा तो चंदन पेड़ में फांसी के फंदे में झूल रहा था। वही कर्नाटक के पालकोट पुलिस ने शव को अपने कब्जे मे लेकर पोस्मार्टम के लिए भेज दिया। पुरे मामले में विधायक रामचंद्र सिंह ने संज्ञान लेते हुए कर्नाटक पुलिस से पुरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग करने के साथ शव को पैतृक गांव मंगवाने के लिए सीएम और विभाग के मंत्री को पत्र लिखने के साथ फोन पर बात करते हुए मदद की अपील की।

### क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला 31 को होगा

**लातेहार।** सुभाष चंद्र बोस क्लब पोचरा के द्वारा आयोजित 18 वीं डबल खस्सी टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला मंगलवार 31 दिसंबर को डुड़वा क्रिकेट क्लब एवं अमवाटिकर क्रिकेट क्लब लातेहार के बीच खेला जाएगा। सेमीफाइनल में अमवाटिकर की टीम ने कोढास एवं डुड़वा क्रिकेट क्लब ने सारिक 11 को हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

### ट्रिपल टेस्ट के नोडल पदाधिकारी ने ट्रिपल टेस्ट की कार्यो की समीक्षा की

**लातेहार।** नगर पंचायत कार्यालय के सभागार कक्ष मे सोमवार को ट्रिपल टेस्ट के नोडल पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता लातेहार के द्वारा नगर पंचायत लातेहार में हो रहे ट्रिपल टेस्ट की कार्यो की समीक्षा की गई। उक्त समीक्षा के क्रम में पाया गया कि ट्रिपल टेस्ट से संबंधित सर्वे का कार्य लगभग 40% पूर्ण हो चुका है शेष कार्यों को अगले 4 दिनों में पूर्ण करने का निर्देश सभी वार्ड परगणक पदाधिकारी एवं अनुश्रवण समिति को दिया गया। समीक्षा के क्रम में ट्रिपल टेस्ट के सभी वरीय प्रभारी प्रिंस कुमार जिला शिक्षा पदाधिकारी, भूमि संरक्षण पदाधिकारी विवेक मिश्रा, देवनाथ चौरसिया जिला पशुपालन पदाधिकारी, अमृतेश कुमार सिंह जिला कृषि पदाधिकारी, गौतम कुमार साहू जिला शिक्षा अधीक्षक, वार्ड प्रगणक पदाधिकारी एवं अनुश्रवण समिति के सदस्य उपस्थित थे।

# वेदांता ईएसएल स्किल स्कूल ने प्रशिक्षुओं के सम्मान समारोह का किया आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** वेदांता ई एस एल स्किल स्कूल ने सीड्स के साथ साझेदारी में खाद्य एवं पेय सेवा प्रबंधक कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षुओं के पहले बैच के सम्मान के साथ एक महत्वपूर्ण उपलब्धि का जश्न मनाया। नाबार्ड द्वारा प्रायोजित इस समारोह में 30 युवा प्रशिक्षुओं की उपलब्धियों का सम्मान किया गया जो युवाओं को रोजगार के अवसरों से सशक्त बनाने के स्किल स्कूल के मिशन में एक कदम आगे है। यह कार्यक्रम स्किल स्कूल की विविध पेशकशों का एक हिस्सा है जिसमें सोलर पीवी इंस्टॉलेशन सिलाई मशीन संचालन और बुनियादी कंप्यूटर ज्ञान और सॉफ्ट स्किल शामिल हैं। ये एनएसडीसी प्रमाणित पाठ्यक्रम सुनिश्चित करते हैं कि प्रशिक्षुओं को उद्योग मानक प्रशिक्षण और प्लेसमेंट के अवसर प्राप्त हों। प्रशिक्षित उम्मीदवारों को ब्लू जर्सी गारमेंट्स अदानी पावर प्रीमियर एनर्जीज आदि जैसी कंपनियों में औसतन दो लाख रुपये प्रति वर्ष के पैकेज पर रखा गया है। 30 प्रशिक्षुओं में से 25 को डीएचपीएल रामोजी फिल्म सिटी हैदराबाद जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों में 1.9 लाख रुपये प्रति वर्ष के वार्षिक पैकेज पर प्लेसमेंट मिला है। समारोह में सम्मानित अतिथियों फिलमोन बिलुंग डीडीएम नाबार्ड संतोष रवानी मुखिया सियालजोरी कुणाल दरिपा प्रमुख सीएसआर ईएसएल और बीरेंद्र कुमार ऑपरेशन हेड लर्नेट सीड्स की उपस्थिति देखी गई।

मौके पर ईएसएल के सीएसआर प्रमुख कुणाल दरिपा ने कहा कि हमारा उद्देश्य अपने प्रशिक्षुओं को उनकी रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए व्यावहारिक विशेषज्ञता और प्रशिक्षण से लैस करना है। हम उनकी उपलब्धियों पर बहुत गर्व करते हैं और उन्हें आतिथ्य उद्योग में आगे बढ़ते हुए देखकर उत्साहित हैं।

मंत्री योगेंद्र ने स्वतंत्रता सेनानी जीतराम बेदिया को अर्पित की श्रद्धांजलि, बोले

# झारखंड की माटी वीरों की माटी है

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** बेरमो अनुमंडल स्थित पेटरवार प्रखंड के कोह ग्राम में आयोजित स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद जीतराम बेदिया की जयंती समारोह में झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद जी शामिल हुए।

मंत्री ने शहीद जीतराम बेदिया के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की और उन्हें नमन किया।इस अवसर पर मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने झारखंड की वीरभूमि को याद करते हुए कहा, झारखंड की माटी वीरों की माटी है। महान स्वतंत्रता सेनानी जीतराम बेदिया ने अत्याचारी अंग्रेजों और शोषक महाजनों के खिलाफ जो संघर्ष किया, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने समाज के हर वर्ग को संगठित कर अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ मजबूत लड़ाई लड़ी। उनके संघर्ष, बलिदान और विचारों को हमें आत्मसात करने की आवश्यकता है। मंत्री ने यह भी कहा कि झारखंड के महान क्रांतिकारियों की वीर गाथाओं को जन-जन तक पहुंचाना हमारा दायित्व है। उनके अद्वितीय बलिदान और योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। समारोह के दौरान समिति के सदस्यों ने मंत्री को एक मांग पत्र सौंपा, जिसमें शहीद जीतराम बेदिया की प्रतिमा स्थापित करने समेत अन्य विकास कार्यों की मांगें शामिल थीं। मंत्री ने समिति की मांगों को गंभीरता से लेते हुए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों और बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति ने इसे ऐतिहासिक बना दिया। समारोह के जरिए अमर शहीद जीतराम बेदिया के योगदान को याद कर उनके प्रति सम्मान व्यक्त किया गया।

## एक नजर में

### बोकारो : प्लस 2 हाई स्कूल सेक्टर 12 में पूर्ववर्ती विद्यार्थियों का मिलन कार्यक्रम संपन्न



**बोकारो।** बीएसएल + 2 हाई स्कूल सेक्टर 12 के 1992 बैच के विद्यार्थी 32 वर्षों के बाद एक बार फिर मिले। उन्होंने अपने पुराने स्कूल पहुंचकर पुनर्मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया। स्कूली जीवन की यादें ताजा करते हुए उन्होंने भावुक होकर अपने अनुभव साझा किए। 60 से ज्यादा 1992 बैच के विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की सबसे सुखद बात रही 32 वर्षों पहले पढ़ाये शिक्षक आईएस ठाकुर केएन उपाध्याय के साथ वर्तमान विद्यालय डीएवी के शिक्षक विजय कुमार कंठ एवं सुशील कुमार की उपस्थिति। नीलू झा एवं प्रीति सिन्हा के द्वारा स्वागत गीत संध्या झा के द्वारा गुरु वंदना अर्चना झा के गणेश वंदना नृत्य अर्चना सिंह के सरस्वती वंदना नृत्य अनीता मिश्रा की नृत्य प्रस्तुति सराहनीय रही। मंच संचालन अर्चना सिंह एवं संगीता झा एवं धन्यवाद ज्ञापन राघवेन्द्र शर्मा के द्वारा किया गया। इस अवसर पर पूर्ववर्ती विद्यार्थियों ने अपने क्लास रूम और स्कूल के मैदान में वो पुराने पल को फिर से जीना चाह रहे थे। एक-दूसरे को उस स्कूली जीवन के अविस्मरणीय पल की याद दिलाने में लगे रहे। एक दूसरे से निरंतर जुड़े रहने का संकल्प के साथ पहले दिन का रीयूनियन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। सबों ने बोकारो की शैक्षणिक उन्नति में हाथ बंटाने का भी निर्णय लिया। मौके पर अजय कुमार बासुकी झा श्याम कुमार प्रशांत कुमार शैलेन्द्र कुमार उपेंद्र, प्रवेश अमित अनुज कुमार मुकेश झा निखिल संतोष संगीता झा उषा आदि मौजूद रहे।

### कस्तूरबा श्री विद्या निकेतन की पूर्व छात्रा सिविल जज संगीता का विद्यालय में आगमन



**बेरमो।** सोमवार को विद्यालय की वंदना सभा में भैया-बहनों को प्रेरित करने के लिए कस्तूरबा श्री विद्या निकेतन की पूर्व छात्रा एवं झारखंड में पद स्थापित सिविल जज संगीता का आगमन हुआ। सिविल जज संगीता, विद्यालय सचिव धीरज कुमार पांडे, प्रधानाचार्य रणसुमन सिंह के द्वारा दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्जन से वंदना का प्रारंभ हुआ। वंदना के पश्चात विद्यालय परिवार द्वारा पूर्व छात्रा को श्रीफल एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रण सुमन सिंह ने परिचय कराया। संगीता ने अपने संबोधन में कहा कि अपने पुराने विद्यालय में आकर बहुत गौरवान्वित महसूस कर रही हूं। विद्यालय से प्राप्त संस्कार अभी भी मेरे जीवन के आदर्श है। उन्होंने कहा की बच्चों को आत्माभिव्यक्ति के अवसर देकर स्वतंत्रता और सृजनात्मकता को प्रोत्साहित करना और बच्चों में स्वस्थ प्रवृत्ति, अच्छे मूल्य, सहयोग, संप्रेषण, रचनात्मकता, प्रौद्योगिकी, साक्षरता, और सामाजिक-भावनात्मक विकास को विकसित करना ही मुख्य उद्देश्य है। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कहा की आज की शिक्षा बच्चों को प्रभावशाली संप्रेषक बनाने में मदद करना एवं बच्चों को लगन से सीखने वाला बनाना और समीक्षात्मक रूप से सोचने वाला बनाना होना चाहिए।

### रुक्मिणी देवी पब्लिक स्कूल में वनभोज सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**बेरमो।** सोमवार को रुक्मिणी देवी पब्लिक स्कूल, फुसरो के प्रांगण में वनभोज सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के बच्चों ने एक से बढ़कर नृत्य, एकांकी, संगीत, देश भक्ति, झांकी के अलावे तरह-तरह के कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। विद्यालय के निदेशक रंजीत कुमार भारती ने अपने विचार व्यक्त करते हुए बच्चों को प्रतिभा की सराहना की। निदेशक ने कहा कि वर्षों पहले बेरमो में शिक्षा का दीप घर घर जलाने के लिए आरडीपीएस की स्थापना की गयी थी। आरडीपीएस में बच्चों को बेहतर और आधुनिक शिक्षा प्रशिक्षित शिक्षकों के माध्यम से दी जाती है और बच्चों के सर्वांगीण विकास पर ध्यान दिया जाता है। उन्होंने कहा कि इस विद्यालय से शिक्षा प्राप्त कर सैकड़ों छात्र देश दुनिया में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाकर नाम रोशन कर रहे है। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्या गीता भारती ने सभी को नववर्ष की शुभकामना देते हुए स्कूल में कार्यरत शिक्षकों एवं उनमें अध्यननरत बच्चों के उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी। यहां बच्चों ने तरह-तरह के लजीज व्यजन का आनंद लिया।

### बेरमो : अवैध कोयला लदा ट्रक जब्त

**बेरमो।** डुमरी के एन एच 19 से पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर अवैध पोड़ा कोयला लदा एक ट्रक को पुलिस ने जप्त किया है। घटना डुमरी थाना क्षेत्र की है। बताया जाता है कि अवैध पोडा कोयला लदा ट्रक धनबाद के रास्ते बिहार की ओर जा रही थी तभी गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने ट्रक को रोका। इसके बाद ड्राइवर और खलासी भागने में सफल रहा। वहीं जांच के दौरान कोयला लोड होने वाले डिपो का कुछ भी पता नहीं चल पाया जिसके आधार पर पुलिस ने ट्रक में पोड़ा कोयला अवैध बताया है। फिलहाल ट्रक में लगभग 30 टन कोयला होने की बात बताई जा रही है। इधर डुमरी पुलिस में थाने में ड्राइवर खलासी सहित अन्य आरोपियों पर मामला दर्ज करते हुए जांच में जुड़ गई है।

### साहित्यलोक का 33वां स्थापना दिवस, मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल में संपन्न

**बोकारो।** साहित्यिक संस्था साहित्यलोक का 33वां स्थापना दिवस समारोह मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल के विद्यापति सभागार में भव्य साहित्यिक कार्यक्रम के साथ मनाया गया। समारोह का उद्घाटन एसडीओ चास प्रांजल ढांडा व डीईओ जगरनाथ लोहरा बीएसएल के सीजीएम व मिथिला एकेडमी के अध्यक्ष हरि मोहन झा मिथिला सांस्कृतिक परिषद के पूर्व महासचिव अविनाश कुमार झा वरिष्ठ साहित्यकार सुखनंदन सिंह सदय बुद्धिनाथ झा साहित्यलोक के संयोजक अमन कुमार झा मिथिला एकेडमी के सचिव पीके झा चंदन ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विशिष्ट अतिथियों एवं कुछ वरिष्ठ साहित्यकारों को सम्मानित किया गया। अतिथियों व साहित्यकारों ने अमन कुमार झा की मैथिली नाट्य पुस्तक भेंट का लोकार्पण किया।

## स्पीड न्यूज

### तीन दिवसीय टुसू मेला को लेकर हुई बैठक



बोकारो/कसमार। झारखंड व पश्चिम बंगाल सीमा पर मकर संक्रांति के अवसर पर सेवाती घाटी में तीन दिवसीय टुसू मेला को लेकर ग्रामीणों ने बैठक किया। बैठक की अध्यक्षता उमेश कुमार मुंडा व संचालन विष्णु चरण महतो ने की । बैठक में मेला को सफल आयोजन को ले विचार-विमर्श किया गया। मेले में रंगारंग रात्रि कार्यक्रम सांस्कृतिक कार्यक्रम के कलाकारों एवं अन्य विषय पर चर्चा की गयी । मौके पर रूपेश कुमार गोविन्द सिंह मुंडा मनोज कुमार सुधीर घांसी सुभाष कुमार आनंद महतो समेत दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

### शिकारीपाड़ा : हत्या का फरार चौथा आरोपी गिरफ्तार, गया जेल

शिकारीपाड़ा। हत्या के फरार आरोपी को शिकारीपाड़ा थाना पुलिस गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दी है। गिरफ्तार आरोपी थाना क्षेत्र के शिवतल्ला गांव निवासी जिआउल अंसारी है। जिसे पुलिस सरसडंगाल से गिरफ्तार करने में सफल रही। जानकारी के अनुसार दूसरी शादी करने पर बेटे संग बेटी के ससुराल जाकर दामाद को समझाने के गई सास की बेरहमी से ससुराल वालों ने जमकर पीटाई कर दी थी। जिसमें सास मोमिना बीबी की मौत हो गई थी। मामले में पुलिस मृतका के बयान पर दामाद, उसकी दूसरी पत्नी समेत सात के खिलाफ हत्या व छीनतई का मामला दर्ज कर छानबीन में जुट गई थी। मामले में पूर्व में दामाद व उसकी दूसरी पत्नी एवं चाचा समेत तीन की गिरफ्तारी हो चुकी है। मामला वर्ष 2023 का है। मामले में पुलिस थाना कांड संख्या 11 23 के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई में जुट गई थी।

### जारंगडीह मे तीन दिनों के भीतर दो दुकानों में हुई चोरी



बेरमो/जारंगडीह। बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र अंतर्गत जारंगडीह बस पड़ाव के ठीक पिछे जानवी श्रृंगार स्टोर में बीते रात्रि एस्वेस्टर सीट तोड़कर अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। बीते तीन दिनों के भीतर जारंगडीह बाजार में चोरी की यह दुसरी घटना है। चोरो ने उक्त दुकान में रखे खुदरा पैसा तथा कुछ सामान चोर ले उड़े। इस श्रृंगार स्टोर की संचालिका अनीता देवी पति सुरेंद्र प्रसाद जारंगडीह मांझी टोला निवासी बताया गया है। घटना की जानकारी उस समय हुई जब अनिता देवी का पुत्र दुकान खोलने पहुचा तो देखा कि दुकान की छत का एडवेस्टर सीट टूटा हुआ है। दुकान में रखे सारा सामान बिखरा पड़ा है और खुदरा पैसा आदि कुछ सामान भी गायब है। बताता चलूं कि यह गरीब महिला दुकान खोलने के आई फाइनेंस प्राइवेट कंपनी से 70 हजार रुपए लोन ले रखी है। और उसी लोन की राशि से दुकान खोली है। कुल मिलाकर इन दिनों जारंगडीह बाजार में चोरों का आतंक लगातार बढ़ रहा है। ज्ञात हो कि बीते शनिवार को ही बबन जेनरल स्टोर में भी छत का सीट तोड़कर इसी तरह की घटना घटित हुई थी । बबन के अनुसार मौखिक रूप से घटना की सूचना थाना को दिया गया था। थाना से पुलिस कर्मी घटना की जायजा लेकर चले गए और ठीक दुसरे ही रात्री चोरो ने दुसरे दुकान को अपना निशाना बना डाला। लगातार घट रही चोरी की घटना से जारंगडीह बाजार के दुकानदार आतंकित नजर आ रहे हैं और स्थानीय पुलिस से लगातार हो रही चोरी की घटना की रोकथाम की मांग की है।

# कथारा वाशरी प्रबंधन की खामियों को उजागर करने के लिये प्रदर्शन

## युनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जताया आक्रोश

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो/कथारा।** सोमवार को कथारा वाशरी के नाइन जीरो प्लांट कार्यालय के समीप कैंटीन के सामने युनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन द्वारा जोरदार प्रदर्शन करते हुए प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की तथा वाशरी प्रबंधन की खामियों को उजागर करते हुए विभिन्न मांगों को रखा जिसमे कहा गया कि कैंटीन का सुन्दरीकरण जो आज भी अधर में लटका हुआ है। कहा गया कि स्वच्छता अभियान को देखते हुए कैटींन में रख रखाव एवं साफ सफाई हो खाना नास्ता का उत्तम प्रबंध हो। कहा गया कि कैंटीन मे इकवा गार्ड लगा हुआ है मगर दो महीनों से खराब पड़ा हुआ है इसे जल्द से जल्द ठीक करवाया जाए। कैंटीन के नाम से तीन एयर कन्डीशन (अ.उ.) आवंटन हुआ था ये क्यों नहीं लगा इसे जल्द से जल्द लगवाने की व्यवस्था हो। प्रर्दशन के माध्यम से प्रबंधन को अवगत करवाया गया कि मजदूरों की इतनी समस्याएं हैं पर प्रबंधन को किसी तरह का ध्यान इस ओर नहीं होना कई प्रश्नो को खड़ी करता है। आरोप लगाया गया कि प्रबंधन को सिर्फ मजदूरों से काम लेना है और उत्पादन दिखाकर अपनी वाह वाही लुटनी है। यूनियन ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर प्रबंधन ने दस दिनों के अन्दर उपरोक्त समस्याएं दूर नहीं करतीं है तो युनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन आन्दोलन करने के लिए बाध्य होंगी। इस प्रदर्शन का नेतृत्व राम बिलास रजवार कथारा वाशरी शाखा सचिव द्वारा किया गया। जबकि इस प्रर्दशन मे मो मुस्तकीम, बानेश्वर रजवार, अब्दुल बारिक, तेजारत हसैन, राजेन्द्र राय, आलम अंसारी, सुरेश यादव, ईश्वर लाल महतो, मोती रजवार, बिगन मांझी, मो फिरोज, मो जिबराल, जीत राम मांझी, मोती रविदास, नागेश्वर गोप, इन्द्र देव रविदास, सुगन यादव, अब्दुल शब्बीर, महादेव मांझी आदि शामिल हैं।

### झामुमो के समर्थक के आवास पहुचे मंत्री



**बेरमो।** गोमिया विधायक मंत्री योगेंद्र प्रसाद सह झामुमो के कट्टर समर्थक तेनुघाट निवासी दीपक गुप्ता ने गोमिया विधानसभा से झामुमो के जीत को लेकर रजरप्पा मंदिर में पूजा उपरांत अपने घर में भी पुजा आयोजित कर प्रसाद चढाया। इसी कार्यक्रम में शामिल होने तथा प्रसाद ग्रहण करने के लिए मंत्री दीपक गुप्ता के आवास पर पहुंचे। इसी दौरान गुप्ता के पिता दया शंकर गुप्ता ने मंत्री को माला पहना कर स्वागत किया। इस मौके पर पेटरवार प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष मुकेश महतो, दीपक गुप्ता, आकाश महतो, जिप सदस्य माला कुमारी, तेनुघाट मुखिया नीलम श्रीवास्तव, पूर्व मुखिया रेखा सिन्हा तथा कार्यकर्ता टिंकू गुप्ता, कमलेश साह, धर्मेंद्र साह, अभय कुमार, कृष्णा कुमार, विजय शंकर, संजय शर्मा, राजन नायक, सुरेश बाबू दास आदि उपस्थित थे।

## बोकारो चैंबर द्वारा 'विकसित बोकारो' विषय पर आयोजित संगोष्ठी संपन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो चैंबर आफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज के तत्वावधान में हंस रीजेंसी के सभागार में आयोजित विकसित बोकारो विषयक संगोष्ठी का उद्घाटन धनबाद के सांसद ढुलू महतो ने किया। बोकारो के विकास एवं समस्याओं के विषय में सांसद को एक ज्ञापन चैंबर की तरफ से संरक्षक संजय बैद ने दिया तथा सांसद श्री महतो से पूर्व में बोकारो रेलवे स्टेशन पर कार्यरत वाशिंग लाइन जिसे तोड़ दिया गया-उसे चालू करवाने की मांग की गई। साथ ही कुछ ट्रेनों के परिचालन संबन्धित मांगों सहित बोकारो रेलवे स्टेशन को आद्रा मंडल से हटकर रांची रेलवे मंडल में लाने की मांग भी की गईं। अध्यक्ष मनोज चौधरी ने कहा कि चैंबर समाज के सभी वर्गों की आवाज उठाता है। महामंत्री राजकुमार जायसवाल ने सांसद से अनुरोध किया कि बोकारो इस्पात प्रबंधन के द्वारा सिटी सेंटर एवं बोकारो शहरी क्षेत्र में लीज रेंट एवं प्रतिबंध ट्रेड परिवर्तन के नाम पर प्लॉटधारी एवं व्यवसाईयों को प्रताड़ित किये जाने पर रोक लगवाने की मांग की। सांसद ने सभी मुद्दों पर चर्चा करते हुए कहा कि जल्द ही इस्पात मंत्री, रेलवे मंत्री से वार्ता कर समाधान निकाला जाएगा। मौके पर साधु शरण गोप, आशीष गोराई, मुकेश राय, राजेश राय, बिनोद गुप्ता, प्रदीप सिंह, सिद्धार्थ पारीख सुभाष जैन, काशीनाथ सिंह उपस्थित थे।

## नव वर्ष पर बासुकीनाथ में उमड़ने वाली भीड़ को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी ने की बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** नववर्ष 2025 के आगमन के मौके पर बासुकीनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना को लेकर श्रद्धालुओं की जुटने वाली भीड़ के मद्देनजर विधि व्यव्स्था को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी कौशल किशोर ने मंदिर के प्रशासनिक भवन सभागार में एक बैठक बुलाई।

इस बैठक में मंदिर प्रभारी सह जरमुंडी बीडीओ कुंदन भगत अंचलाधिकारी संजय कुमार एसडीपीओ अमित कच्छप, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी श्यामानंद मंडल बिजली पीएचईडी विभाग के अधिकारी पंडा धर्मरक्षिणि सभा के अध्यक्ष मनोज पंडा महामंत्री संजय झा एवं अन्य उपस्थित थे। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि नए साल के पहले दिन एक जनवरी को जलार्पण के लिए बासुकीनाथ में बड़े पैमाने पर श्रद्धालु पहुंच सकते हैं।

उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को जलार्पण में कोई परेशानी नहीं हो, इसके लिए मंदिर की सुरक्षा को अभेध बनाया जाएगा। सभी श्रद्धालुओं को लाइन में बाबा मंदिर में प्रवेश कराया जायेगा। श्रद्धालुओं की कतार को शिवगंगा के पूर्व दिशा में हनुमान मंदिर के समीप से होकर फलाहारी धर्मशाला, संस्कार मंडप से होकर हाथी गेट से मंदिर परिसर में प्रवेश कराया जायेगा। कोई भी यात्री बाबा मंदिर के निकास द्वार से मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश नहीं कर सकेगा। किसी को निकास द्वार से श्रद्धालुओं को मंदिर में प्रवेश कराते पकड़ा गया, तो उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। श्रद्धालुओ की सुविधा के लिए शीघ्रदर्शनम कूपन की बिक्री मंदिर प्रशासन के द्वारा की जाएगी। यात्रियों की सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था को बनाए रखने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। इसके अलावा नगर की साफ सफाई बिजली पेयजल एवं ट्रैफिक व्यवस्था पर भी चर्चा की गई।

## थाईलैंड के श्रद्धालुओं ने की बाबा बासुकीनाथ मंदिर में पूजा अर्चना





खबर मन्त्र संवाददाता

**शिवलिंग पर चढ़ाया चांदी का सर्प हार**

**दुमका।** सोमवार को सोमवती अमावस्या पर थाईलैंड से भारत पहुंचे नौ श्रद्धालुओं ने बाबा बासुकीनाथ के फौजदारी दरबार में हाजिरी लगाया।

विधिवत पूजा अर्चना कर बाबा बासुकीनाथ के शिवलिंग पर चांदी का सर्प हार चढ़ाया। जिसे मंदिर के सुरक्षा गार्ड कपिलदेव पंडा, नंदकिशोर ठाकुर एवं गौतम राव ने बासुकीनाथ मंदिर कार्यालय में जमा करा दिया।

थाईलैंड से आये तीर्थयात्रियों ने कहा कि वे बासुकीनाथ मंदिर में पहली बार पहुंचे हैं और उन्हें यहां पूजा अर्चना और आरती कर बहुत अच्छा लगा। वे जब भी भारत आयेंगे तो बासुकीनाथ मंदिर अवश्य आयेंगे। थाईलैंड से आये श्रद्धालुओं के साथ भारत के गाईड उत्तरप्रदेश से आये महेंद्र कुमार भी साथ थे और वे थाईलैंड के श्रद्धालुओं के साथ थाईलैंड की भाषा में बातचीत कर रहे थे।

## राशनकार्ड धारियों ने डुमरी प्रखंड मुख्यालय में किया जमकर हंगामा



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** डुमरी प्रखंड मुख्यालय में नगरी पंचायत के राशन कार्ड धारीयों ने जमकर हंगामा किया है। आपको बताते चले की राशन कार्ड धारियों ने डीलर बहादुर रविदास के ऊपर आरोप लगाया है कि डीलर 2 महीने से कार्ड धारियों को राशन नहीं दिया है। जबकि अनाज देने के नाम पर हर एक कार्ड धारियों से 2 किलो राशन काटा जाता है। वही चना दाल देने के नाम पर कार्ड धारी से 1 रुपए के जगह 10 रुपए लिए जाते हैं। इसको लेकर कार्ड धारियों ने हंगामा किया है। वहीं शिकायत मिलने के बाद आपूर्ति पदाधिकारी विकास कुमार ने पूरे मामले की जानकारी ली और डीलर को जल्द से जल्द राशन वितरण करने और अनाज नहीं काटने का आदेश दिया है। वही जब इस मामले में पत्रकारों ने आपूर्ति पदाधिकारी से पूछा तो उन्होंने कहा कि वह खुद जाकर स्थल पर इसकी जांच करने की बात कही है। अब यह देखने वाली बात है कि ऐसे डीलरों पर क्या एक्शन लेती है यह आने वाला समय ही बताएगा।

## पेज एक का शेष

### हीरो बन कर उभरे...

झाखंड विधानसभा चुनाव में गठबंधन को भारी जीत दिला कर वह किंग मेकर की तरह उभरीं। जनता में अपनी बात को बड़ी चतुरायी से पहुंचाने में सफल रहे। कल्पना जनता के बीच यह साबित करने में सफल रहीं कि हेमंत सरकार के खिलाफ साजिश रची गयी थी।

जेल से बाहर आने के बाद हेमंत सोरेन के लिए चुनौतियां दोगुनी थी। चंपई सोरेने को सीएम रहने दें या उनकी जगह खुद लें। उन्होंने जो निर्णय लिया, उसकी लोगों ने लोहा मान लिया। हेमंत सोरेन चुनाव से ठीक पहले सीएम की शपथ ली। उसके बाद एक से बढ़कर एक निर्णय लिया। मंईयां सम्मान, किसानों की ऋण माफी, बिजली बिल माफी सहित तमाम ऐसे निर्णय लिये, जिससे उनके विरोधी धराशायी हो गये। उनके निर्णय से विपक्ष के बड़े-बड़े सुरमाओं की निंद उड़ गयी। हेमंत के जेल में रहते ही कल्पना सोरेन गांडेय विधानसभा उपचुनाव रिकार्ड मत से जीतकर अपनी दमखम दिखा दी।

विधानसभा चुनाव में कल्पना सोरेन का जलवा लोगों के सिर चढ़ कर बोलता था। उनकी सभाओं में भारी भीड़ देखी जाती रही। अपनी सभाओं से विपक्ष को संदेश देने में सफल रही कि उनके पति हेमंत सोरेन बेदाग हैं। फिर हेमंत के जेल से निकलते ही राज्यभर में एक नयी ऊर्जा का संचार हुआ। चुनाव संपन्न हुआ और रिजल्ट आया तो हेमंत सोरेन हीरो बन गये और उनकी कल्पना हकीकत में किंगमेकर बनी। विरोधी चित हो गये। अब हेमंत सोरेन शान से कार्यकाल पूरा करेंगे। जैसा कि वह बोलते हैं : जो कहते हैं -उसे करते हैं।

## स्पीड न्यूज

### पाकिस्तान में बस पलटने से 10 मरे, 22 घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में पंजाब प्रांत के अटॉक जिले में फतेह झांग इंटरचेंज के समीप सोमवार सुबह बस के पलट जाने से कम से कम 10 लोगों की मौत हो गयी जबकि 22 लोग घायल हो गए। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार रेस्क्यू 1122 ने एक बयान में कहा कि वाहन एक युटोंग बस थी जो मियांवाली से रावलपिंडी जा रही थी। बचाव सेवा को सुबह 8:08 बजे एक दुर्घटना के बारे में अलर्ट मिला, जिसके बाद छह वाहनों और 14 बचावकर्मियों को घटनास्थल पर भेजा गया। बयान में कहा गया है कि घायलों को अटक के तहसील मुख्यालय अस्पतालों में स्थानांतरित कर दिया गया है।

### राजनाथ सिंह ने किए महाकाल मंदिर में दर्शन

**उज्जैन।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज मध्यप्रदेश के उज्जैन स्थित प्रसिद्ध महाकाल मंदिर में दर्शन और पूजा की। श्री सिंह ने सोशल मीडिया पर दर्शन संबंधी फोटो पोस्ट करते हुए लिखा है, ह्लउज्जैन में आज महाकाल मंदिर में दर्शन और पूजन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। यह मंदिर भारत की आध्यात्मिक चेतना का केंद्र है। यहां महादेव से समस्त देशवासियों के सुख,समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। जय महाकाल।

### दो दिन भक्तों को ज्यादा देर तक दर्शन देंगे गोविंद देवजी

**जयपुर।** अंग्रेजी नववर्ष-2025 के दिन और एक दिन पूर्व यानी 31 दिसंबर और 01 जनवरी को ठाकुरजी भक्तों को ज्यादा देर तक दर्शन देंगे। फिलहाल मंगला झांकी का समय पांच से सवा पांच बजे तक हैं लेकिन 31 दिसंबर और 01 जनवरी को मंगला झांकी सवा चार से साढ़े पांच बजे तक खुली रहेगी। मंदिर के सेवाधिकारी मानस गोस्वामी ने बताया कि दोनों दिन दर्शनार्थियों की संख्या कई गुणा बढ़ जाती है इसलिए समय बढ़ाया गया है। अभी मंगला झांकी मात्र पंद्रह मिनिट खुली रहती है लेकिन 31 दिसंबर और 01 जनवरी को यही झांकी एक घंटे पंद्रह मिनिट खुली रहेगी। ज्यादातर लोग साल के पहले दिन की शुरूआत ठाकुर जी के दर्शन से करना चाहते है।

### अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जिमी कार्टर का 100 साल की उम्र में निधन

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के 39वें राष्ट्रपति जिमी कार्टर का सौ साल की उम्र में रविवार को निधन हो गया। वे अमेरिका के सबसे लंबे समय तक जीवित रहने वाले राष्ट्रपति रहे। जिमी कार्टर गरीबों व वंचितों की सेवा और उनके अधिकारों की वकालत करने वाले मानवतावादी नेता के रूप में जाने जाते थे। जिमी कार्टर के निधन पर राष्ट्रपति जो बाइडेन ने शोक व्यक्त करते हुए कहा, ह्यआज अमेरिका और दुनिया ने असाधारण राजनेता और मानवतावादी खो दिया। जिमी कार्टर का जन्म 1 अक्तूबर 1924 को हुआ।

### महिलाओं के बाहर झांकने पर भी पाबंदी

**काबुल।** अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने महिलाओं के खिलाफ ताजा फरमान जारी किया है। तालिबान के सर्वोच्च नेता ने शनिवार को आदेश जारी कर घरेलू इमारतों में उन जगहों पर खिड़कियां बनाने पर पाबंदी लगा दी है, जहां से महिलाओं के नजर आने की संभावना है। इस फरमान के पीछे अश्लीलता रोकने का तर्क दिया गया है। तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने शनिवार को जारी बयान में कहा है कि इमारतों में ऐसी खिड़कियां नहीं होनी चाहिए जिनसे आंगन, रसोई, पड़ोसी का कुआं और आमतौर पर महिलाओं द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली अन्य जगहों को देखा जा सके। महिलाओं को रसोई, आंगन या कुओं से पानी भरते हुए देखना अश्लीलता को जन्म दे सकता है। अधिकारियों को आदेश दिया गया है कि वो नई बन रही इमारतों पर भी नजर रखें। अगर किसी इमारत में ऐसी खिड़कियां पहले से मौजूद हैं तो मकान मलिकों को इन खिड़कियों के सामने ईंटों की दीवार बनाने के लिए कहा जाएगा।

# पंचतत्व में विलीन हुए आचार्य किशोर कुणाल

**पटना।** बिहार के पूर्व आईपीएस अधिकारी और धार्मिक न्यास बोर्ड के संस्थापक आचार्य किशोर कुणाल सोमवार को पंचतत्व में विलीन हो गये। उनकी इच्छा के अनुसार उनका अंतिम संस्कार हाजीपुर के तीर्थमोक्ष धाम कोनहारा में किया गया। आचार्य किशोर कुणाल का 29 दिसंबर को हार्ट अटैक से निधन हो गया था। वह 74 साल के थे। उन्होंने बिहार राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में भी काम किया।



कोनहरा घाट पर जिला प्रशासन के द्वारा राजकीय सम्मान के साथ गार्ड ऑफ ऑनर देकर अंतिम विदाई दी गई। इस दौरान हजारों की संख्या उनके चहेते और अनुयायियों ने आचार्य किशोर कुणाल का एक झलक पाने को लेकर व्याकुल थे। पुलिस विभाग के कई अधिकारी भी पहुंचे।

अंतिम संस्कार से पूर्व उनके पार्थिव शरीर को पटना स्थित निजी आवास से महावीर मंदिर होते हुए हाजीपुर के कोनहारा घाट लाया गया था, जहां बिहार सरकार के मंत्री अशोक कुमार चौधरी, समस्तीपुर सांसद संभवी चौधरी समेत कई सांसद और विधायक शामिल हुए थे। आचार्य किशोर कुणाल के अंतिम दर्शन के लिए राज्य से बाहर से भी लोग पहुंचे।

# हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई डुबकी

एजेंसी

**वाराणसी।** धर्म नगरी काशी में सोमवती अमावस्या पर सोमवार को हजारों श्रद्धालुओं ने पवित्र गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। गंगा स्नान के बाद श्रद्धालु महिलाओं ने पीपल के पेड़ की परिक्रमा कर जल देने के बाद शिवमंदिरों में हाजिरी लगाई। ठंड और कोहरे के बीच अमावस्या स्नान के लिए श्रद्धालु तड़के ही गंगाघाटों पर पहुंचने लगे। प्राचीन दशाश्वमेधघाट ,शीतलाघाट, अहिल्याबाईघाट, मानमंदिर घाट, पंचगंगाघाट, अस्सीघाट पर स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी। गंगा स्नान के बाद अलसुबह से ही श्रद्धालुओं ने पीपल के पेड़ की परिक्रमा कर जल देने के बाद श्री काशी विश्वनाथ के दरबार में हाजिरी लगाई।



नगर के मोहल्लों में भी स्थित शिवमंदिरों और पीपल के वृक्ष के नीचे महिलाओं की भीड़ पूजा अर्चना के लिए जुटी रही। शिव आराधना समिति के संस्थापक डॉ मृदुल मिश्र ने बताया कि सनातन धर्म में सोमवती अमावस्या का बड़ा महत्व है।

सोमवती अमावस्या पर गंगा स्नान से पुण्य तो मिलता है। जीवन के सभी कष्ट दूर होते हैं, मनोकामनाएं पूरी होती हैं, मोक्ष की प्राप्ति होती है और सैकड़ों अश्वमेघ यज्ञ के समान पुण्य की प्राप्ति होती है।

उन्होंने बताया कि सोमवती अमावस्या पर पितरों के निमित पूजा और श्राद्ध कर्म से जीवन मे सुख और शांति आती है। उन्होंने बताया कि सोमवती अमावस्या पर पीपल के वृक्ष की पूजा करने और 108 परिक्रमा कर सूत लपटने से व्यक्ति की मनोकामना पूर्ण हो जाती है।

# बर्फबारी के बीच फंसे हजारों पर्यटक, कई को बचाया गया

## फंसे पर्यटक ने दी चेतावनी, मनाली और सोलंग घाटी कोई भी मत आना

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** ठंड के दिनों में पर्यटक हिमाचल प्रदेश के मनाली और सोलंग घाटी जाना खूब पसंद करते हैं। इस साल भी यहां भारी संख्या में लोग घूमने निकले हैं। हालांकि, जोरदार बर्फबारी के चलते पर्यटकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भारी बर्फबारी के कारण 1,800 से अधिक वाहन रास्ते में ही फंसे हुए हैं। कई सारे इंटरनेट यूजर्स ट्रैफिक में फंसी अपनी गाड़ियों की तस्वीरें और वीडियो शेयर कर रहे हैं। ऐसे ही च्लकी त्यागी नाम नाम के सोशल मीडिया यूजर ने एक फोटो शेयर की। उन्होंने दूसरे पर्यटकों को चेतावनी जारी करते हुए कहा कि यहां पर आने से बचा जाए। मौसम की स्थिति काफी खराब है। इंस्टाग्राम पर पोस्ट किए गए वीडियो में त्यागी ने साथी यात्रियों को चेतावनी देते हुए कहा, 'मनाली और सोलंग वैली कोई भी मत आना!' अंधेरे में फिल्माया गया वीडियो पोस्ट किया गया है जिसमें बर्फ से ढके सोलंग वैली-अटल सुरंग मार्ग पर फंसी कारों की कतार दिख रही है। हिन्दुस्तान इस वीडियो की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं करता है। त्यागी ने अपने पोस्ट में कहा कि वह सुबह 10 बजे से फंसे हुए हैं। हमें यह नहीं पता कि ट्रैफिक कब और कैसे खत्म होगा। उन्होंने ट्रैफिक सब डिविजनल मजिस्ट्रेट की गाड़ी के फंसने का भी जिक्र किया है। यहां लोग घंटों से बर्फबारी के बीच फंसे हुए हैं और उन्हें कुछ समय नहीं आ रहा कि क्या किया जाए।



हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश-बर्फबारी के चलते तीन राष्ट्रीय राजमार्ग समेत प्रदेश भर में 433 सड़कें बंद हो गईं। शुक्रवार रात सोलंगनाला से 2,000 वाहनों में फंसे करीब 10 हजार सैलानियों को सुरक्षित मनाली पहुंचाया गया। कई इलाकों में पिछले 24 घंटों से लगातार हिमपात के चलते पहाड़ बर्फ से लकदक हो गए हैं। कुल्लू, लाहौल-स्पीति, किन्नौर, शिमला, चंबा और कांगड़ा जिला के पर्वतीय इलाकों में भारी बर्फबारी के साथ पूरे प्रदेश में झमाझम बारिश हो रही है।

# किसान संगठनों ने बंद को लेकर रेल-सड़क मार्ग ठप्प किया

एजेंसी

**चंडीगढ़।** फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) सहित कुल 13 मांगों को लेकर पिछले 35 दिनों से भूख हड़ताल पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के समर्थन में किसान मजदूर मोर्चा (केएमएम) और संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) गैर राजनीतिक और विभिन्न किसान संगठनों के 'पंजाब बंद' के आह्वान पर सोमवार को राज्य भर में किसानों ने रेलवे लाईनों और प्रमुख सड़क चौराहों पर धरना लगा कर रेल और सड़क यातायात बंद कर दिया। यह बंद सुबह सात बजे से लेकर शाम चार बजे तक जारी रहेगा। इस दौरान पंजाब में रेल सेवाएं प्रभावित रहेंगी। मामले की गंभीरता को देखते हुए भारतीय रेलवे ने वंदे भारत ट्रेन सहित कुल 106 ट्रेनों को या तो रद्द कर दिया है अन्यथा उनका सफर निर्धारित जगह से पहले ही खत्म कर दिया गया है। पंजाब बंद के दौरान दिल्ली चंडीगढ़ रूट पर बस सेवा भी प्रभावित रहेगी। किसान नेता सरबन सिंह पंधेर ने कहा कि पंजाब बंद के दौरान आपातकालीन सेवाएं जारी रहेंगी। इसके अलावा किसी शादी समारोह में जाने वाले ०?यक्ति एवं परिवार को नहीं रोका जाएगा। साथ ही एयरपोर्ट पर जाने वाले लोगों को भी परेशान नहीं किया जाएगा।



दुकानें, गैस स्टेशन, पैट्रोल पंप, सब्जी मंडियां, दूध की सप्लाई बंद रखी जाएगी। पंजाब में सर्दी की छुट्टी के चलते पहले ही स्कूल बंद है। पंजाब यूनिवर्सिटी ने बंद के चलते परीक्षाओं को सोमवार की जगह मंगलवार को कराने का निर्णय लिया है। बस सेवाओं से जुड़े संगठनों की तरफ से बताया गया है कि सोमवार शाम चार बजे के बाद सेवाएं बहाल कर दी जाएंगी। खनौरी में किसान नेताओं ने कहा कि वे गांधीवादी तरीके से अपना विरोध जारी रखेंगे। अब यह सरकार पर है कि वो उनके वरिष्ठ नेता डल्लेवाल को हटाने के लिए बल प्रयोग करना चाहती है या नहीं। पंजाब सरकार के अधिकारियों की एक उच्च-स्तरीय टीम ने रविवार को खनौरी सीमा स्थल पर डल्लेवाल से मुलाकात की थी। इस टीम में पुलिस के डीआईजी मंदीप सिंह सिद्धू और रिटायर्ड एडिशनल डीजीपी जसकरण सिंह भी शामिल थे। बाद में किसान नेताओं ने कहा कि डल्लेवाल ने कोई भी चिकित्सा सहायता लेने से इनकार कर दिया है। विभिन्न किसान संगठनों के 'पंजाब बंद' के आह्वान के कारण उत्तर रेलवे ने सोमवार को पंजाब में 106 मेल, एक्सप्रेस या सुपरफास्ट ट्रेनों का परिचालन रद्द कर दिया है। रेलवे अधिकारियों ने कहा कि अधिकांश ट्रेनें सोमवार को केवल अंबाला और दिल्ली या सहारनपुर की ओर से ही चलेंगी।

# स्वास्थ्य एवं शिक्षा प्रतिनिधियों के साथ बजट पूर्व हुआ चर्चा



खबर मन्त्र संवाददाता

**नयी दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2025-26 के बजट की तैयारियों के मद्देनजर आज यहां स्वास्थ्य एवं शिक्षा क्षेत्र के प्रतिनिधियों एवं विशेषज्ञों के साथ चर्चा की। वित्त मंत्रालय ने एक्स पर यह जानकारी देते हुये कहा कि बजट की तैयारियों के तहत यह वित्त मंत्री की छठी बैठक थी। इसमें वित्त सचिव एवं दिपम सचिव, आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव के साथ ही स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अधिकारियों, स्कूली शिक्षा विभाग और स्वास्थ्य शोध विभाग के अधिकारियों के साथ ही सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार मौजूद थे।

बैठक में भाग लेने वालों में स्वास्थ्य क्षेत्र से टाटा मेमोरियल सेंटर मुंबई के निदेशक डॉ.कैलाश शर्मा, लोक स्वास्थ्य विशेषज्ञ एवं एपिडेमिओलॉजिस्ट डॉ अतुल कोटवाल, राष्ट्रीय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ.अभिजीत सेठ और संत जाँस नेशनल एकेडमी ऑफ हेल्थ सांइस के प्रोफेसर डॉ. हरि मेनन शामिल थे। शिक्षा क्षेत्र के प्रतिनिधियों में श्री विश्वकर्मा स्कील विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो राज नेहरू, सेंटर फॉर टीचर एक्रीडेशन के संस्थापक एवं सीईओ राम्या वेंकटरमन,अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के महासचिव प्रो गीता चौहान , एबीवीपी के राष्ट्रीय ऑगेनाइंजिंग सचिव आशिष चौहान आदि शामिल थे।

# विक्की के 'तौबा-तौबा' के गाने पर आशा भोसले के हुक स्टेप्स वायरल

**भारतीय** गायन जगत के एक प्रसिद्ध गायक आशा भोसले के गाए गए गाने दशकों से लोगों की प्लेलिस्ट में हैं। आशा भोसले भले ही नब्बे साल की उम्र पार कर चुकी हैं, लेकिन आज भी वह अपनी चुलबुली एनर्जी से सभी को प्रेरित करती हैं। हाल ही में आशा भोसले का एक वीडियो सामने आया है। इसमें विक्की कौशल के 'तौबा-तौबा' गाने के हुक स्टेप्स करती नजर आ रही हैं।




इस वीडियो को देखने के बाद तौबा तौबा गाने के गायक करण औजला ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा, आशा भोसलेजी, संगीत के क्षेत्र में एक देवी, उन्होंने अभी तौबा तौबा गाना गाया है, एक ऐसे बच्चे के लिखा गया गीत, जो एक छोटे से गांव में पला-बढ़ा है, जिसकी संगीत की कोई पृष्ठभूमि नहीं है और जिसे संगीत का कोई अनुभव नहीं है। इस गाने को न केवल प्रशंसकों बल्कि संगीत कलाकारों के बीच भी बहुत प्यार और पहचान मिली है, लेकिन यह पल वास्तव में प्रतिष्ठित है और मैं इसे कभी नहीं भूलूंगा।'

यह वास्तव में प्रेरणादायक है कि करण ने इतने कम उम्र में ऐसा खूबसूरत गाना लिखा और कंपोज किया, जिसे 91 साल की उम्र में आशा भोसले जैसी दिग्गज गायिका ने अपनी आवाज दी। करण का यह बयान उनकी कृतज्ञता और आशा जी की अद्वितीय प्रतिभा को दशार्ता है।

# एनसीसी का गणतंत्र दिवस शिविर शुरू

**नयी दिल्ली।** इस वर्ष के गणतंत्र दिवस के लिए राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) का शिविर सोमवार को सर्व धर्म पूजा के साथ यहां दिल्ली कैंट के करिअप्पा परेड ग्राउंड में शुरू हुआ और इसमें 2361 कैडेट हिस्सा ले रहे हैं। शिविर में देश के सभी 28 राज्यों और 08 केंद्र शासित प्रदेशों से कुल 2,361 कैडेट एक महीने तक चलने वाले शिविर में भाग ले रहे हैं। कैडेटों में 917 लड़कियां भी शामिल हैं। रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि इन कैडेटों में जम्मू- कश्मीर और लद्दाख के 114 कैडेट और पूर्वोततर क्षेत्र के 178 कैडेट शामिल हैं, जो ह्ल मिनी इंडियाह्व की झलक पेश कर रहे हैं। इसके अलावा 14 मित्र देशों के कैडेट और अधिकारी भी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के रूप में शिविर में भाग लेंगे। एनसीसी के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल गुरबीरपाल सिंह ने इस अवसर पर कैडेटों को एनसीसी के सबसे प्रतिष्ठित शिविर के लिए चुने जाने पर बधाई देते हुए उनका स्वागत किया। उन्होंने कैडेटों को राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ धर्म, भाषा, जाति की बाधाओं को पार करते हुए चरित्र, ईमानदारी, निस्वार्थ सेवा, भाईचारा और टीम वर्क के उच्चतम गुणों को प्रदर्शित करने की सलाह दी। गणतंत्र दिवस शिविर का मूल उद्देश्य भाग लेने वाले कैडेटों में देशभक्ति, अनुशासन और नेतृत्व गुणों की गहरी भावना पैदा करना है।




# गंगा को पुण्य समर्पित कर श्रद्धालुओं को पुण्य का भागी बनाते हैं नागा

एजेंसी

**प्रयागराज।** सनातन धर्म के रक्षक महायोद्धा नागा संन्यासी शुभ्र वर्ण पतित पावनी गंगा, श्यामल यमुना और अन्तः सलिला स्वरूप में प्रवाहित हो रही सरस्वती के संगम में आस्था की डुबकी लगाकर अपने समस्त पुण्य को समर्पित कर आम जनमानस को पुण्य का भागी बनाते हैं। शैव संप्रदाय के श्रीपंचायती अखाड़ा महानिवार्णी के सचिव महंत यमुना पुरी ने मेला क्षेत्र स्थित शिविर में बताया कि साधु-महात्मा, संत, योगी , यति, संन्यासी और परमहंस वृत्ति वाले गंगा को प्रणाम करके उनसे अनुरोध करते हैं कि 12 वर्षो के जप , तप, ध्यान और योग से जो भी विशुद्ध ऊर्जा प्राप्त किया है, उसके अलावा उनके पास देने को कुछ नहीं हैं। जन कल्याण के लिए उसे ह्लआपह्व को समर्पित करते हैं। ऐसा विचार कर वह त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाते हैं। उन्होंने बताया कि आस्था की डुबकी लगाने के साथ उनके समस्त पुण्य फल उसमें समाहित हो जाते हैं और उनके बाद स्नान करने वाले आम जनमानस के पापों का क्षय करके उन्हें पुण्य का भागीदार बनाती है। सचिव ने बताया कि नागा साधु जंगलों, पहाड़ों और कंदराओं में रहकर कठोर साधना के लिए जाने जाते हैं। इनका जीवन आम जनमानस से एकदम भिन्न होता है। सांसारिक लोगों के बीच में नागा साधु साधना और वैराग्य के लिए जाने जाते हैं। ये निर्वस्त्र रहकर भस्म को अपना वस्त्र मानकर शरीर पर धारण करते हैं, जो उनकी पूर्ण वैराग्य की स्थिति को दशार्ता है। उनका शाही स्नान कुंभ मेले के स्नान के प्रारंभ का प्रतीक है। मान्यता है कि उनके स्नान से संगम के जल में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता है।



महंत यमुना पुरी ने बताया कि कठोर तप से प्राप्त पुण्यफल के साथ नागा संन्यासियों के स्नान से संगम के जल में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता है। नागा साधुओं का स्नान सनातन धर्म, भारतीय संस्कृति के प्रति आस्था को जागृत कर उसकी गहराई और विविधता को दशार्ता है। नागाओं का अमृत स्नान धार्मिक, आध्यात्मिक ऊर्जा और संस्कृति का संगम भी माना जाता है। अखाड़े के महंत ने बताया कि नागा साधुओं की परंपरा आदिकाल से चली आ रही है। ये साधु-संत समाज सुधार और सनातन धर्म की रक्षा के लिए अपने जीवन का त्याग कर तपस्या में लीन रहते हैं। प्राचीन समय में नागा साधु क्षत्रिय धर्म को भी निभाने के साथ ही धार्मिक स्थलों की सुरक्षा करते थे। नागा साधुओं को समाज से दूरी बनाने पर उन्होंने कहा कि भीड़ साधना में ध्यान की एकाग्रता को दिग्भ्रमित करता है। वह कठोर साधना के लिए सामाजिक दूरी बनाए रखते हैं।